वर्ष : 31 | अंक :114
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 25 फरवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## प्रधानमंत्री ने जारी की किसान सम्मान की 19वीं किस्त

### ● बोले- किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता




**भागलपुर,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर जिले से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने भागलपुर से पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि महाकुंभ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है।

इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। ये शहीद तिलका मांझी की धरती है और सिल्क सिटी भी है।नरेंद्र मोदी ने कहा कि बाबा अजगैबीनाथ की इस पावन धरा पर इस समय महाशिवरात्रि की भी तैयारियां चल रही हैं। ऐसे पवित्र समय में, मुझे पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। उन्होंने दावा किया कि मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, महिला और नौजवान! ह्ष्ठ सरकार, चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है।

मोदी ने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज चाहिए, पर्याप्त और सस्ती खाद चाहिए, सिंचाई की सुविधा चाहिए, पशुओं का बीमारी से बचाव चाहिए और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए।

पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो इन स्थितियों को कभी नहीं बदल सकते हैं। ह्ष्ठ सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले जब बाढ़ आती थी, सूखा पड़ता था, ओले पड़ते थे... तब ये लोग (पहले की सरकारें) किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देते थे। 2014 में जब आपने ह्ष्ठ को आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा, ऐसा नहीं चलेगा। ह्ष्ठ सरकार ने %पीएम फसल बीमा योजना% बनाई, इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है।प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। इससे किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है।

कई कृषि उत्पाद ऐसे हैं, जिनका पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। अब बारी बिहार के मखाने की है। ये सुपर फूड है, जिसे अब दुनिया के बाजारों तक पहुंचाना है। इसलिए इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि मखाना बोर्ड का जल्द ही गठन किया जाएगा, इससे बिहार के किसानों को लाभ मिलेगा।

## गिद्धों को लाशें नजर आती हैं सनातन की सुंदरता नहीं

### ● महाकुंभ पर टिप्पणी को लेकर भड़के सीएम योगी



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर टिप्पणी करने पर विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने महाकुंभ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता रास नहीं आ रही है।उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। सुअरों को गंदगी मिली। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफसुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था मिली। सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर किए जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दर्शाते हैं।उन्होंने कहा कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं को मैंने खुद देखा है।

सपा सरकार में हुए कुंभ में एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया गया था क्योंकि तब के मुख्यमंत्री के पास इसके लिए समय नहीं था।मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा नेताओं के व्यवहार को लेकर भी विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि ये लोग संविधान की बात करते हैं। लोकतंत्र की बात करते हैं और महापुरुषों के सम्मान की बात करते हैं लेकिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के लोगों का जो आचरण था वो बताता है कि वो संविधान के बारे में क्या सोचते हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन के आयोजनों से यूपी को नई पहचान मिली है। प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। यही कारण है कि लाखों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ रहे हैं। हम लोगों ने अब तक 16 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा है जिससे कि 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। ये डबल इंजन की सरकार का ही परिणाम है कि आज दुनिया भर के देश यूपी में निवेश के लिए आ रहे हैं।

## देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय प्रयास में प्रशिक्षु अधिकारियों की भूमिका अहम -राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा, भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (यातायात) के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।राष्ट्रपति ने भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महान राष्ट्रीय प्रयास में उनकी अहम भूमिका है। राष्ट्रपति ने उन्हें भारतीय संविधान के प्रावधानों को ध्यान में रखने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि यह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संपूर्ण संस्था का आधार है।राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान के भाग-ङ्क का अध्याय-ङ्क उन्हें संस्था की भूमिका, कर्तव्यों और शक्तियों से अवगत कराता है, वहीं संविधान की प्रस्तावना और कैग की शपथ को अपनी संस्था की महत्वपूर्ण भूमिकाओं और कर्तव्यों के निर्वहन में प्रत्येक व्यक्ति का मार्गदर्शक होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अभिनव समाधानों के साथ हितधारकों का मार्गदर्शन और सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में उनकी भूमिका मॉनिटर और नियंत्रक के रूप में महत्वपूर्ण होगी।रेलवे सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का एक बड़ा हिस्सा हर दिन रेलवे ट्रैक पर चलता है। रेलवे सेवा अधिकारियों के रूप में उन्हें हमारी गतिशीलता को बढ़ाने और इस तरह हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभानी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि रेलवे सेवाएं बड़ी संख्या में लोगों के दैनिक जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उन्होंने अधिकारियों को यह ध्यान में रखने की सलाह दी कि वे राष्ट्र के लिए एक परिवर्तन एजेंट और सेवा प्रदाता के रूप में रेलवे की समग्र प्रभावशीलता के लिए काम कर रहे हैं।

## अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत, 25 फरवरी तक बढ़ी गिरफ्तारी पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आप विधायक अमानतुल्ला खान की सुरक्षा मंगलवार 25 फरवरी तक बढ़ा दी है। अदालत ने मामले को जरूरत पड़ने पर कल अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसे आप विधायक से पूछताछ करने के लिए उनकी हिरासत की जरूरत है कि वह मौके पर मौजूद थे या नहीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान अदालत में विचारार्थ दाखिल किये। उनके खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम को बाधित किया था जो शावेज़ खान को गिरफ्तार करने के लिए इलाके में गई थी, जिसे घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था और कथित तौर पर जामिया नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज 2018 की एफआईआर में वांछित था।

### ● ● आतिशी का आरोप ● ●

## भाजपा ने हटाईं आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दलित विरोधी और सिख विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया है। आतिशी के नेतृत्व में आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा की नई सरकार ने सीएम कार्यालय से डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटा दीं। आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज देश को अपना दलित और सिख विरोधी चेहरा दिखाया है। आप नेता ने कहा कि सत्ता में आते ही उन्होंने सीएम कार्यालय से डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटा दीं। क्या बीजेपी सोचती है कि पीएम नरेंद्र मोदी जी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह से भी बड़े हैं?आप के आरोपों पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बाबा साहब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह के पीछे अपने भ्रष्टाचार और कुकर्मों को छिपाने की उनकी रणनीति है। क्या सरकार के मुखिया की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए? क्या देश के राष्ट्रपति की फोटो नहीं लगानी चाहिए?

क्या राष्ट्रपिता गांधी जी की फोटो नहीं लगानी चाहिए? भगत सिंह और बाबा साहेब देश के सम्मानित व्यक्तित्व और हमारे मार्गदर्शक हैं। तो, यह कमरा दिल्ली के सीएम का है और सरकार के प्रमुख के रूप में, हमने उन्हें जगह दी है। उन्हें जवाब देना मेरा काम नहीं है, मैं जनता के प्रति जवाबदेह हूं। विधायकों ने दिल्ली विधानसभा के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया कि सीएम कार्यालय से डॉ. बीआर अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटा दी गई हैं।

इसको स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने गैरजिम्मेदाराना बताया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह एक शिष्टाचार संबोधन था। आपको इसे राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। विपक्ष नहीं चाहता कि सदन सुचारू रूप से चले।ॅक्र सदन को बाधित करने के इरादे से आई है। सदन की गरिमा बनाए रखें। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, आप के आरोपों पर दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इन आप-दा लोगों का एक ही काम है- दिल्ली में विकास नहीं करना। उनके पास 10 साल का समय था। लेकिन उन्होंने दिल्ली में हालात बदतर कर दिये।उन्होंने कहा कि आज भी उन्होंने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचायी। सदन दिल्ली की जनता के विश्वास पर आधारित है। उन्हें बहुत उम्मीदें हैं। मैं आप-दा और पूरे विपक्ष से कहना चाहूंगा कि काम करें ताकि दिल्ली में विकास हो, अगर अच्छे सुझाव आएंगे तो हम उसे स्वीकार करेंगे। दिल्ली को %विकसित दिल्ली% बनाने में हमारी मदद करें। तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि कोई तस्वीर नहीं हटाई गई है। वे कहीं से भी तस्वीरें लाए हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत अन्ना हजारे के (विरोध प्रदर्शन) से की थी... हमने सोचा था कि अरविंद केजरीवाल ही झूठ बोलने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। लेकिन वह (दिल्ली विधानसभा एलओपी, आतिशी) उनसे आगे हैं।

### मोटापे के खिलाफ लड़ाई

## पीएम मोदी ने जागरूकता फैलाने के लिए 10 प्रमुख हस्तियों को किया आमंत्रित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दस प्रमुख हस्तियों को मोटापे के खिलाफ राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल होने और स्वस्थ भोजन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आमंत्रित किया।यह पहल उनकी फिट इंडिया मुहिम के साथ जुड़ी हुई है। नामित हस्तियों में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, व्यवसायी आनंद महिंद्रा, अभिनेता से राजनेता बने दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और मीराबाई चानू, अभिनेता मोहनलाल और आर. माधवन, गायिका श्रेया घोषाल, राज्यसभा सांसद और समाजसेवी सुधा मूर्ति और इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन हस्तियों से आग्रह किया कि वह लोग इस मूवमेंट की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने के लिए दस व्यक्तियों को नामांकित करें।प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, जैसा कि कल के मन की बात में बताया गया था, मैं मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और भोजन में खाद्य तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए निम्नलिखित लोगों को नामित करना चाहूंगा।

मैं उनसे दस-दस लोगों को नामित करने का भी अनुरोध करता हूं ताकि हमारा आंदोलन और बड़ा हो सके! सामूहिक रूप से, आइए हम भारत को और अधिक स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाएं। रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में पीएम मोदी ने भारत के खेल क्षेत्र में प्रगति की सराहना की और स्वस्थ जीवन जीने के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने मोटापे की बढ़ती समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने देहरादून में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में इस विषय पर हुई चर्चा का उल्लेख किया और भारत में मोटापे की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से प्रभावित है और हाल के वर्षों में इसके मामले दोगुने हो गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बचपन में भी मोटापे मामले चार गुना बढ़ गए हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने आगाह किया कि अत्यधिक वजन हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियों से जुड़ा हुआ है। हालांकि, उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीवनशैली में छोटे-छोटे लेकिन सार्थक बदलाव इस समस्या से निपटने में मदद कर सकते हैं। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निखत जरीन और प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी को अपने रेडियो कार्यक्रम में आमंत्रित किया, ताकि वे मोटापे से निपटने पर अपने विचार साझा कर सकें।

## पंजाब में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो प्रमुख गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), मोहाली ने सीमा पार के आतंकी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका देते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी के आई) के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो सीधे तौर पर पाक-आधारित बीकेआई आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा और अमेरिका आधारित हैप्पी पासियन से जुड़े हैं।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश सिंह उर्फ जग्गा निवासी जंगलात विभाग, हरिके पत्तन, थाना हरिके तरनतारन और शुभदीप सिंह औलख उर्फ शुभ निवासी गांव जोनेके, थाना चोहला साहिब, तरनतारन झुझार सिंह एवेन्यू, चौकी गुमटाला के तौर पर हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो .32 बोर पिस्तौल और पांच राउंड बरामद किए हैं।

## विजेंद्र गुप्ता बने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष

### ● मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रखा था प्रस्ताव



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** रोहिणी से बीजेपी विधायक विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा गुप्ता का नाम प्रस्तावित किये जाने के बाद उन्हें ध्वनि मत से विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। उनकी उम्मीदवारी का बीजेपी के मनजिंदर सिंह सिरसा ने समर्थन किया। उनके निर्वाचित होने के बाद, सीएम रेखा और विपक्ष की नेता (एलओपी) आतिशी सदन की परंपरा के अनुसार उनके साथ आसन तक गए। रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी भाजपा उम्मीदवारों के बीच सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने 37,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की। हालांकि, तुरंत बाद में ॅक्र विधायकों ने दिल्ली विधानसभा के अंदर विरोध प्रदर्शन किया।

नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाया कि सीएम कार्यालय से डॉ. बीआर अंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटा दी गई हैं। इसको स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने गैरजिम्मेदाराना बताया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह एक शिष्टाचार संबोधन था। आपको इसे राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। विपक्ष नहीं चाहता कि सदन सुचारू रूप से चले।ॅक्र सदन को बाधित करने के इरादे से आई है। सदन की गरिमा बनाए रखें। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले दिन में, एलजी वीके सक्सेना ने प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली को शपथ दिलाई, जिन्होंने आठवीं विधानसभा के पहले सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण सुबह 11 बजे शुरू हुआ और सबसे पहले सीएम रेखा शर्मा ने शपथ ली। उनके बाद उनके मंत्रिमंडल के अन्य मंत्री और अन्य भाजपा, आप विधायक भी थे।

## प्रियंका ने प्रधानमंत्री से वायनाड भूस्खलन राहत पैकेज को अनुदान में बदलने का आग्रह किया



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार के राहत पैकेज पर चिंता जताई है। उन्होंने राहत पैकेज को प्रभावित लोगों के प्रति ÷संवेदनशीलता की चौंकाने वाली कमी÷ करार देते हुए इसे अनुदान में बदलने का आग्रह किया है।प्रियंका गांधी ने पत्र में लिखा कि 30 जुलाई, 2024 को वायनाड संसदीय क्षेत्र के चूरलमाला और मुंडक्कई में और उसके आसपास एक विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। इस आपदा के बाद 298 लोग मृत पाए गए। 231 शवों के साथ 223 शरीर के अंग बरामद किए गए। 32 लोगों के लापता होने की सूचना मिली और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। 17 परिवार जिनके कुल 58 सदस्य थे, पूरी तरह से खत्म हो गए। 1685 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इनमें घर, स्कूल, गांव के कार्यालय, डिस्पेंसरी, आंगनवाड़ी, दुकानें, धार्मिक केंद्र और सरकारी इमारतें भी थीं। भूस्खलन के कारण दो शैक्षणिक संस्थान, सरकारी व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेल्लारमाला और सरकारी निम्न प्राथमिक विद्यालय मुंडक्कई पूरी तरह से नष्ट हो गए।

## राजस्थान विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी विरोध प्रदर्शन, पुलिस ने लगाए बैरिकेड्स




**जयपुर,एजेंसियॉ।** इंदिरा गांधी के संबंध में भाजपा मंत्री के बयान के बाद पार्टी के छह विधायकों को निलंबित किए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा के बाहर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बैरिकेड्स लगा दिए हैं और सुरक्षा बढ़ा दी है। कांग्रेस कार्यकर्ता विधानसभा को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके चलते पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में विपक्षी बेंच की ओर इशारा करते हुए %आपकी दादी% टिप्पणी के बाद विपक्ष भड़क गया।मंत्री ने कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ÷2023-24 के बजट में भी, हमेशा की तरह, आपने (कामकाजी महिला छात्रावास पर) योजना का नाम अपनी %दादी% इंदिरा गांधी के नाम पर रखा।÷ कांग्रेस विधायकों ने टिप्पणी पर आपत्ति जताई और वेल में आ गए और मंत्री से माफी की मांग की। तीन बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे सदन दोबारा शुरू हुआ तो सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कांग्रेस विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया।उन्होंने कहा कि उन्होंने ÷सभी हदें पार कर दीं÷ और उनका आचरण अध्यक्ष के प्रति ÷अनुचित÷ था, जिसे माफ नहीं किया जा सकता।

प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया, जिसके बाद अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन को 24 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद, राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विपक्ष के उपनेता रामकेश मीणा और अन्य सहित निलंबित विधायकों ने सदन के वेल में रात बिताई।

# महाकुम्भ में वायु प्रदूषण नियंत्रण का बना रिकॉर्ड

## महाकुम्भ के दौरान चण्डीगढ़ से भी बेहतर रही प्रयागराज की हवा की गुणवत्ता

### 13 जनवरी से अब तक 42 दिन ग्रीन ज़ोन में रहा नगर निगम क्षेत्र का एयर क्वालिटी इंडेक्स



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी के पवित्र जल में पुण्य की डुबकी लगाई है। श्रद्धालुओं के हजारों की संख्या में चार पहिया वाहन भी महाकुम्भ क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं, बावजूद इसके महाकुम्भ नगर की आबो हवा प्रदूषित नहीं हुई है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की तरफ से जारी एयर क्वालिटी इंडेक्स से यह बात सामने आई है।

**महाकुम्भ में वायु प्रदूषण नियंत्रण का बना नया रिकॉर्ड**

महाकुम्भ में देश की 60 फीसदी से अधिक आबादी संगम के पावन जल में पुण्य की डुबकी लगाकर चली गई। लाखों चार पहिया वाहन भी यहां रहे। बावजूद इसके महाकुम्भ क्षेत्र की आबोहवा सेहत के लिए खराब नहीं हुई है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की तरफ से जारी आंकड़ों से इसे बल मिला है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के पर्यावरण कंसल्टेंट इंजीनियर शहीक शिराज ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि महाकुम्भ के दौरान वायु की गुणवत्ता के मामले में महाकुम्भ क्षेत्र ग्रीन जोन में बना हुआ है। उनके मुताबिक, 13 जनवरी पौष पूर्णिमा को महाकुम्भ का एयर क्वालिटी इंडेक्स 67 था। इसी तरह 14 जनवरी मकर संक्रांति को 67, 29 जनवरी मौनी अमावस्या को 106, 03 फरवरी बसंत पंचमी को 65 और 12 फरवरी माघी पूर्णिमा को 52 रहा है। गौरतलब है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 100 के अंदर अच्छा माना जाता है और 100 से 150 के बीच मॉडरेट। इस तरह महाकुम्भ में केवल मौनी अमावस्या की हवा की गुणवत्ता थोड़ी सी मॉडरेट थी। इसके अलावा सभी दिनों हवा की गुणवत्ता अच्छी रही है। महाकुम्भ के दौरान 42 दिन पूरा क्षेत्र ग्रीन जोन में रहा है।

**चंडीगढ़ से भी बेहतर रही महाकुम्भ की आबोहवा**

प्रयागराज महाकुम्भ आने के लिए अभी भी आस्था का जन सैलाब उमड़ रहा है। डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का भी रेला है, बावजूद इसके लगातार 42 दिन से शहर वायु की गुणवत्ता को लेकर ग्रीन जोन में बना हुआ है।

केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अधिकृत ऐप समीर में दर्ज देश के विभिन्न शहरों की जनवरी और फरवरी के महीने की वायु गुणवत्ता की रिपोर्ट के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान महाकुम्भ की स्थिति चंडीगढ़ से भी बेहतर रही है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी को चंडीगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक 253 , 14 जनवरी मकर संक्रांति को 264, 29 जनवरी को 234, 3 फरवरी बसंत पंचमी को 208 और 12 फरवरी माघ पूर्णिमा को 89 था।

### नियमित जल छिड़काव, स्प्रिंकलर से छिड़काव और एंटी पॉल्यूशन सेंसर से हुआ नियंत्रण

महाकुम्भ के समय वायु प्रदूषण में इस नियंत्रण की वजह नगर निगम प्रयागराज की नियमित मॉनिटरिंग और इस बार की गई कई पहल मानी जा रही हैं। नगर निगम प्रयागराज के अवर अभियंता राम सक्सेना बताते हैं कि वायु प्रदूषण की समस्या से बचने के लिए नगर निगम ने 9600 कर्मियों को काम में लगाया। इसके अलावा, 800 से अधिक स्वच्छता कर्मी भी पूरे समय सक्रिय रहे। वॉटर स्प्रिंकलर से लगातार पानी का छिड़काव उन इलाकों में किया गया जहां वायु प्रदूषण की संभावना थी।

नगर निगम द्वारा रात में शहर की सड़कों की धुलाई की जाती रही। जल निगम से 10 हजार लीटर के 8 बड़े और तीन हजार लीटर के 4 छोटे पानी के टैंकर लिए गए। शहर के व्यस्ततम चौराहों में शामिल एमएनआईटी चौराहा तेलियरगंज, झूंसी आवास विकास और नगर निगम कार्यालय में तीन जगहों पर एंटी पलूशन सेंसर लगाए गए, जहां प्रतिदिन स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव होता रहा।

# महाशिवरात्रि को महाकुम्भ का अंतिम स्नान, बने रहे शुभ योग, स्नान-दान से प्रसन्न होंगे भोलेनाथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** महाशिवरात्रि के स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन हो जाएगा। महाकुम्भ में विशेष पर्वों पर स्नान का बहुत महत्व होता है। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ में मेले में तीन अमृत और तीन विशेष पर्व स्नान का योग है। बता दें, महाकुम्भ में पांच स्नान हो चुके हैं, महाशिवरात्रि के दिन अंतिम स्नान संपन्न होगा।

**महाशिव रात्रि का महत्व** – सनातन धर्म में महाशिवरात्रि का त्योहार अत्यधिक पवित्र माना जाता है। फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाने वाली यह रात भगवान शिव और मां पार्वती के मिलन की प्रतीक है। मान्यता है कि महाशिव रात्रि के दिन विधि विधान से व्रत और पूजा पाठ करने भोलेनाथ अपने भक्तों को विशेष फल प्राप्ति का आशीर्वाद देते हैं।महाशिवरात्रि को पूजा और दान-पुण्य का का मुहूर्त ़ पंडित अवधेश मिश्र शास्त्री के अनुसार, फाल्गुन महीने की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी 2025 को सुबह 11ः08 बजे शुरू होगी और 27 फरवरी को सुबह 8ः54 बजे समाप्त होगी। इसलिए उदया तिथिनुसार व्रत 26 फरवरी के दिन ही रखा जाएगा। महाशिवरात्रि पर ब्रह्म मुहूर्त में जलाभिषेक का विशेष महत्व होता है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5ः09 बजे तक रहेगा, जो पूजा और आराधना के लिए सबसे शुभ समय है। जलाभिषेक साथ साधक व्रत का संकल्प लें और पूरा दिन नियम और वचन से पवित्र रहकर संध्या को व्रत का पारण सात्विक के साथ करें।पंडित अवधेश मिश्र के अनुसार, इस बार महाशिवरात्रि पर परिघ योग और शिव योग बन रहा है। ये योग पूरे दिन शुभ रहेंगे और भगवान शिव की कृपा प्राप्ति के लिए आदर्श माने जाते हैं। इस दिन अगर आपक महाकुम्भ प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद व्रत का संकल्प लेते हैं तो आपको विशेष फल की प्राप्ति होगी।

इन वस्तुओं का करें दान ़ महाशिवरात्रि पर दान भी किया जाता है। इस दिन किसी जरुरतमंद को गेहूं, चावल, कच्चा दूध, घी, काले तिल और वस्त्रों का दान अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और कृपा करते हैं।महाकुम्भ के अमृत और विशेष पर्व स्नान ़ महाकुमभ 2025 का पहला विशेष पर्व स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन, दूसरा स्नान 14 जनवरी मकर संक्रांति (पहला अमृत स्नान), मौनी अमावस्या 29 जनवरी को तीसरा स्नान (दूसरा अमृत स्नान), 3 फरवरी बसंत पंचमी को चौथा स्नान (तीसरा और अंतिम अमृत स्नान), पांचवा स्नान 12 फरवरी माघ पूर्णिमा (विशेष पर्व स्नान, कल्पवास का समापन) हो चुके हैं। महाकुम्भ का अंतिम विशेष पर्व स्नान 26 फरवरी महाशिव रात्रि के दिन है।

# महाकुम्भ पहुंची कैटरीन कैफ, स्वामी चिदानंद सरस्वती से लिया आशीर्वाद, संगम में लगाईं डुबकी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** बॉलीवुड सेलेब्स संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। सोमवार को कैटरीना कैफ अपनी सास के साथ महाकुम्भ पहुंची है और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। कैटरीना की फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बता दें, आज सुबह बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अक्षय कुमार ने संगम में डुबकी लगाई थी।

सास के साथ पहुंची कैटरीना ़ कैटरीना कैफ अपनी सास के साथ महाकुम्भ पहुंची हैं। इस दौरान कैटरीना कैफ ट्रेडिशनल अवतार में नजर आई। महाकुम्भ पहुंचकर कैटरीन कैफ ने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

विक्की कौशल भी गए थे ़ कैटरीन के पति विक्की कौशल अपनी फिल्म छावा के प्रमोशन के दौरान महाकुम्भ गए थे। महाकुम्भ में डुबकी लगाने के बाद विक्की ने कहा था- %बहुत अच्छा लग रहा है। काफी समय से इंतजार कर रहे थे कि कब हमें यहां आने का अवसर मिलेगा। अब जब हम यहां हैं तो बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं कि हम महाकुम्भ का हिस्सा बन रहे हैं।%

कैटरीना कैफ अपनी सास के साथ अक्सर धार्मिक स्थानों पर जाती रहती हैं। कुछ समय पहले सास-बहू की जोड़ी शिरडी साईं बाबा के दर्शन करने के लिए गई थी। जहां से दोनों की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं।

# उप्र सरकार ने महाकुम्भ में हुई मौत एवं सम्पत्ति हानि को भी आयोग की जांच में किया शामिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ में हुई मौत एवं सम्पत्ति हानि को भी आयोग द्वारा की जा रही जांच में शामिल कर हाईकोर्ट को सोमवार को जानकारी दी। इस घटना को लेकर दाखिल जनहित याचिका में कहा गया था कि सरकार द्वारा गठित जांच आयोग को सीमित जांच करने को कहा गया है। उसमें जन-धन हानि को शामिल नहीं किया गया है। केवल घटना कैसे घटी और भविष्य में ऐसी घटना न घटे इस पर रिपोर्ट देना था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुम्भ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ की जांच न्यायिक निगरानी में करने और घटना के बाद लापता लोगों का सही ब्योरा देने की मांग में दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा था कि न्यायिक आयोग की जांच का दायरा बढ़ाकर इसमें हताहतों की संख्या की पहचान करने और भगदड़ से संबंधित अन्य शिकायतों पर गौर करने को शामिल किया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने सरकार से इस संदर्भ में 24 फरवरी तक जानकारी मुहैया कराने को कहा था।



मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने कहा कि अब तक आयोग के कार्यक्षेत्र में भगदड़ के अन्य प्रासंगिक विवरणों की जांच शामिल नहीं है। राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा था कि आयोग भगदड़ के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इस पर खंडपीठ ने कहा कि जब आयोग की नियुक्ति की गई थी, तो उसकी जांच के दायरे में हताहतों और लापता लोगों की संख्या पता लगाने के बिंदु नहीं थे। इसलिए इन बिंदुओं को अब आयोग की जांच में शामिल किया जा सकता है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुरेश चंद्र पांडेय की ओर से दाखिल जनहित याचिका में महाकुम्भ में भगदड़ के बाद लापता हुए व्यक्तियों का विवरण एकत्र करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति के गठन की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने कहा कि कई मीडिया पोर्टल ने राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर बताई गई मौतों (30) की संख्या पर विवाद किया है। एडवोकेट सौरभ पांडेय ने विभिन्न समाचार पत्रों और पीयूसीएल की एक प्रेस विज्ञप्ति का भी हवाला देते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भागने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मृतकों को बिना पोस्टमार्टम 15,000 रुपये देकर यह आश्वासन दिया गया है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अब लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जबकि राज्य का कर्तव्य लोगों की मदद करना है।

अधिवक्ता ने बताया कि उनके पास एम्बुलेंस चलाने वाले लोगों के वीडियो हैं, जिन्होंने बताया है कि वे कितने लोगों को अस्पताल ले गए थे। उन्होंने कहा कि आधिकारिक बयानों में सेक्टर 21 और महाकुम्भ मेला के आसपास के अन्य इलाकों में हुई भगदड़ का उल्लेख नहीं किया गया है। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जनहित याचिका में की गई सभी प्रार्थनाओं पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त न्यायिक आयोग विचार कर रहा है। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि आयोग के दायरे में यह शामिल नहीं है कि भगदड़ के दौरान क्या हुआ था। इसे देखते हुए जांच के दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता प्रतीत होती है।राज्य सरकार को यह संदेश देने को कहा गया था कि न्यायिक आयोग के संबंध में सामान्य अधिसूचना जारी न की जाए और इसकी बजाय संदर्भ की शर्तें व्यापक रूप से निर्धारित की जाएं। गौरतलब है कि महाकुम्भ में भगदड़ संगम नोज के पास 29 जनवरी को आधी रात के बाद हुई, जिसमें 30 लोग मारे गए। प्रदेश सरकार ने 29 जनवरी की भगदड़ की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। आयोग ने घटना के बारे में जानकारी देने के लिए लोगों को आमंत्रित किया है।

# महाकुम्भ में सिर्फ 2 दिन बाकी, हर सनातनी महाकुम्भ का साक्षी बनने को आतुर

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में अब तक 62 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अब भी करोड़ों लोग देश और विदेश से प्रयागराज आ रहे हैं। क्योंकि हर सनातनी की इच्छा है कि वह महाकुम्भ में संगम में पवित्र स्नान कर सके। इसलिए महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। महाकुम्भ में सिर्फ 2 दिन ही बाकी हैं, तो हर सनातनी इस महाकुम्भ का साक्षी बनने को आतुर है। बता दें, 26 फरवरी महाशिवरात्रि स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन होगा।

**तैयारियों में जुटा मेला प्रशासन–** मेला प्रशासन भी आखिरी विशेष स्नान की तैयारियों में जुटा हुआ है। 21 फरवरी को यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुम्भ के महाशिवरात्रि स्नान की तैयारियों का जायजा लिया। बता दें, महाशिवरात्रि को ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है।

अंतिम स्नान से पहले दो बार दौरा कर चुके सीएम योगी ़ महाकुम्भ की तैयारियां देखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 और 23 फरवरी को प्रयागराज का दौरा कर चुके हें। दोनों दिन के दौरे में मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने महाशिवरात्रि से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये आवश्यक निर्देश भी दिये।

**सीएम योगी ने दिये निर्देश–** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 फरवरी को अपने सरकारी आवास पर आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने महाकुम्भ प्रशासन को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि स्नान पर्व की कार्ययोजना बनाई जाए और सड़कों पर वाहन न खड़े होने दें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि श्रद्धालुओं को स्नान के लिए कम से कम पैदल चलना पड़े। साथ ही जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित देखरेख करें। उन्होंने महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ के अंतिम स्नान को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए।

**रेलवे भी अलर्ट मोड में–** महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर रेलवे अलर्ट मोड पर है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि बड़ी तादाद ऐसे श्रद्धालुओं की होगी जो ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचेंगे और वहां स्नान करने के बाद ट्रेन से ही वापस लौटेंगे। ऐसे में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है।



**प्रयागराज में बना होल्डिंग एरिया–** उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। ये होल्डिंग एरिया प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं। ताकि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और जनसमुद्र को रोकने में मदद मिल सके। रेलवे द्वारा बनाए गए 'होल्डिंग एरिया' ऐसे विशेष क्षेत्र हैं, जहां यात्रियों को उनके ट्रेनों के आने तक सुरक्षित तरीके से रखा जा सकेगा। इन क्षेत्रों में बैठने और आराम करने की पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे यात्रियों को लंबी प्रतीक्षा के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े। रेलवे ने प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। वहीं, चार ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। 20 फरवरी से रेलवे ने 21 मेला स्पेशल ट्रेनें चलायी हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**यूपी रोडवेज ने भी की तैयारी–** महाकुम्भ के आखिरी स्नान महाशिवरात्रि के लिए यूपी रोडवेज ने 1200 बसों को रिजर्व में रखा है। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया- महाशिवरात्रि स्नान और 21 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं।

गंगा बैराज से गंगा में छोड़ा ज्यादा पानी ़ कानपुर गंगा बैराज से रोज लगभग 13 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, ताकि संगम में पर्याप्त पानी बना रहे। शिवरात्रि के पहले गंगा का जलस्तर कम होने से श्रद्धालुओं को संगम में डुबकी लगाने में परेशानी होने लगी थी। घुटने के नीचे संगम का जल होने के चलते श्रद्धालु डुबकी नहीं लग पा रहे थे। इस समस्या को देखते हुए गंगा बैराज कानपुर से से अधिकम जल गंगा में छोड़ा जा रहा है।

**ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव–** महाकुम्भ में शिवरात्रि स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रयागराज में ट्रैफिक की व्यवस्था ठीक रहे, इसके लिए रणनीति में बदलाव किया गया है। इसके तहत 7 प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के लिए 7 वरिष्ठ पुलिस अफसरों को तैनात किया गया है। ये अफसर अपने-अपने रूट की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालेंगे और उच्चाधिकारियों से समन्वय कर जनपद में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाएंगे।

**अधिकांश होटलों में 27 फरवरी तक नो रूम–** महाकुम्भ का अंतिम स्नान 26 फरवरी को है, लेकिन अभी से ही शहर के अधिकांश होटल 27 फरवरी तक के लिए बुक हैं। लगभग यही स्थिति अरैल में बनाई गई टेंट सिटी की भी है। एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु रोज प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रयागराज के होटल, होम स्टे और मेला क्षेत्र में बने लग्जरी कॉटेज 26 फरवरी तक बुक चल रहे हैं। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा ने बताया- अरैल की टेंट सिटी में 26 फरवरी तक बुकिंग फुल है। प्रयागराज होटल्स एंड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह का कहना है कि उम्मीद से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे हैं। महाशिवरात्रि तक अधिकांश होटल फुल हैं।

**भीड़ के चलते 8वीं तक स्कूल बंद, पढ़ाई ऑनलाइन–** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में 8वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। महाकुम्भ के चलते प्रयागराज में होने वाली 24 फरवरी की यूपी बोर्ड की परीक्षा को टाल दिया गया है। इस दिन का पेपर बाद में कराया जाएगा।

**अब तक 62 करोड़ कर चुके स्नान–** 13 जनवरी से अब तक 62.06 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। संगम में आज दोपहर 2 बजे तक 91.84 लाख लोगों ने स्नान किया है।

# महाकुम्भ के आयोजन में हर पहलू का रखा गया विशेष ध्यान- प्रेमचन्द्र अग्रवाल



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के आयोजन में हर पहलू का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले भक्तों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और शांति पूर्ण वातावरण मिल सके। यह बात सोमवार को परमार्थ निकेतन आश्रम शिविर में पहुंचे वित्त, शहरी विकास एवं आवास मंत्री संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्य और केंद्र सरकार ने बहुत बेहतर इन्तजाम किया है। इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से एक दिव्य भेंटवार्ता की। इस मुलाकात में प्रेमचन्द अग्रवाल ने स्वामी और साध्वी आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद, स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने हिमालय की हरित भेंट, रूद्राक्ष का पौधा दोनों नेताओं को भेंट किया।

श्री अग्रवाल ने विश्व शान्ति हवन में आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के महत्व को साझा किया और महाकुम्भ की महत्ता पर विशेष जोर दिया।

महाकुम्भ के आयोजन से जुड़े स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए, महाकुम्भ क्षेत्र की सफाई और सुरक्षा के बेहतरीन प्रबंधों की सराहना की।

# सांयकालीन बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई बाधित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** क्षेत्र के लेड़ियारी बाजार सहित आसपास ग्रामीण इलाकों में शायम कालीन बिजली की कटौती से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । 24 फरवरी से हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो रही है । लेकिन महाकुंभ के भीड़ के कारण उक्त तारीख की परीक्षा टाल दिया गया है । जबकि यह एग्जाम नौ मार्च को होगी। शेष परीक्षा अपने पूर्ववत से संपन्न होगी। ऐसे में परीक्षा की तैयारी में रात के समय में काटी जा रही है । बिजली बाधक बन रही है । बिजली विभाग अघोषित कटौती कर विद्यार्थियों से खिलवाड़ कर रहा है ।लेड़ियारी फीटर से जुड़े पांच दर्जन गांवों में एक पखवाड़े से सुबह आठ बजे विद्युत आपूर्ति बंद कर दिए जाने के बाद सुबह दस बजे सप्लाई दिया जाता है। लेकिन एक घंटे में चली जाती है। फिर दस बजे आने के बाद दो बजे तक विद्युत बहाल किया जाता है। शाम सात बजे सप्लाई चालू होने के बाद बिजली कब आएगी कब जाएगी इसका कोई रोस्टर नहीं है। इसके दरमियान अगर कोई फाल्ट होना या फियुज उड़ने पर दस घंटे तक ठीक करने में समय लग जाता है।

सुबह सात बजे के बाद शुरू की जाती है । लेड़ियारी बाजार गांव निवासी हाई स्कूल के छात्रा पलक , खुशी, अनुष्का ने बताया कि रात के समय बिजली की कटौती होने से पढ़ाई का व्यवधान हो रहा है ।

# महाकुम्भ का 43वां दिन,थम नहीं रहा श्रद्धालुओं का रेला, अब तक 62 करोड़ से ज्याद श्रद्धालु संगम में लगा चुके डुबकी

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज की पवित्र धरती पर चल रहा विश्व का सबसे बड़ा महाकुम्भ मेला दो दिन में खत्म हो जाएगा। बावजूद इसके श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी है। हर रोज एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। रविवार की छुट्् टी के दिन से ज्यादा भीड़ आज सोमवार को है। सुबह 10 बजे तक 55 लाख लोगों ने स्नान किया, जबकि एक दिन पहले ये आंकड़ा करीब 50 लाख था। बता दें, 13 जनवरी से अब तक 62.61 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।बेली कछार पर रोके जा रहे लखनऊ–अयोध्या से आने वाले वाहन ़ प्रदेश की राजधानी लखनऊ और अयोध्याधाम की ओर से आने वाले वाहनों को बेली कछार में रोका जा रहा है। वहां से श्रद्धालु पैदल संगम की तरफ जा रहे हैं। यहां से संगम 8 से 10 किमी दूरी पर है। मुख्य सड़क के अलावा लिंक मार्ग से भी श्रद्धालु पैदल जा रहे हैं। रसुलेमसराय में कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों की लंबी लाइन लगी है। 2 किमी तक लंबा जाम है। एंट्री पॉइंट पर लगा जाम ़ प्रयागराज में एंट्री पॉइंट पर पार्किंग के आसपास जाम लगा है। शहर के अंदर चौराहों पर भी भीषण जाम है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10 किमी पहले पार्किंग में रोका जा रहा है। उसके बाद मेला क्षेत्र तक ऑटो, ई-रिक्शा या शटल बसों से जा सकते हैं। हालांकि, भीड़ के मुताबिक ये साधन बहुत कम हैं। दूसरी ओर ऑटो वाले 10 किमी के मनमाने रुपए वसूल रहे हैं। ऐसे में बहुत श्रद्धालु 10 किमी तक पैदल चलने को मजबूर हैं।

**शोभायात्रा नहीं निकलेगी–** महाशिवरात्रि पर प्रयागराज शहर में 16 किमी लंबी शोभायात्रा निकाली जाती है। कई मंदिरों से भी जुलूस निकाले जाते हैं। पुलिस ने कमेटी से बात करके शोभायात्रा न निकालने पर राजी कर लिया है। शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फैसला लिया है कि 24 फरवरी को 10वीं-12वीं बोर्ड के एग्जाम नहीं कराए जाएंगे। इस दिन का एग्जाम 9 मार्च को कराया जाएगा। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा- महाशिवरात्रि को लेकर पूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। कितनी भी भीड़ आए, हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं।



प्रयागराज पहुंची जांच आयोग की टीम ़ महाकुम्भ मेले में 29 जनवरी मौनी अमावस्या दूसरे अमृत स्नान के दिन हुई भगदड़ की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग की टीम आज फिर प्रयागराज पहुंची है। जांच टीम पहले भी आकर मौका मुआयना कर चुकी है।आयोग की टीम एक बार फिर से भगदड़ मामले की जांच करेगी व घटनास्थल पर तैनात तमाम अधिकारियों व कर्मियों से बात करेगी। जांच के बाद ये रिपोर्ट सीएम योगी आदित्यनाथ को पेश की जाएगी।

आज बनेगा विश्व रिकॉर्ड ़ आज महाकुम्भ में 15 हजार से ज्यादा सफाईकर्मी सफाई करके रिकॉर्ड बनाएंगे। झाड़ू लेकर सफाईकर्मी संगम पर निकले हैं। इससे पहले, 14 फरवरी को 300 से ज्यादा सफाई कर्मियों ने नदी की सफाई करके रिकॉर्ड बनाया था।

12 बजे तक ने लगायी डुबकी ़ संगम में आज दोपहर 12 बजे तक लाख लोगों ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 62.06 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

# श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, मची चीख पुकार





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के लेहदरी गांव के समीप सोमवार की भोर श्रद्धालुओं से भरी एक डबल डेकर बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी।हादसे के बाद चीख पुकार मच गयी।सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के दमोह जनपद के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा श्रद्धालु डबल डेकर बस में सवार होकर प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ मेले में आए थे।त्रिवेणी स्नान के पश्चात सभी श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए।सोमवार की भोर श्रद्धालु अयोध्या से चित्रकूटधाम जा रहे थे तभी लेहदरी गांव के समीप चालक को झपकी आने के चलते बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।गनीमत रही कि बस खाई में खड़े एक पेड़ से जा टिकी अन्यथा हादसा और भी बड़ा हो जाता।हादसे के बाद बस में सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गयी।स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी कड़ाधाम पुलिस को दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कड़ाधाम थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया।जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद करीब डेढ़ दर्जन श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया शेष को दवा-मरहम करके वापस भेज दिया गया।

### बस में सवार इन लोगों को आई चोटें....

कौशाम्बी। महेंद्र सिंह पुत्र तखत सिंह 52 वर्ष, ओमकार पुत्र मनमूर 62 वर्ष, पहाड़ सिंह पुत्र तेज सिंह 60 वर्ष, सरोज बाई पत्नी पहाड़ सिंह 60 वर्ष, नीमा बाई पत्नी बंसीलाल केवट 60 वर्ष, विमला बाई पत्नी खेलावन 40 वर्ष, ज्योति पत्नी लखन 38 वर्ष, चंद्रभान सिंह पुत्र हरीश सिंह 40 वर्ष, बटन सिंह लोधी पुत्र कल्याण सिंह 45 वर्ष, मालती लखेरा पत्नी कैलाश 45 वर्ष, श्यामाबाई पत्नी बटन सिंह 40 वर्ष, केराबाई लोधी पत्नी हरि सिंह 55 वर्ष, शीलाबाई पत्नी मुलायम सिंह 50 वर्ष, कल्याण सिंह पुत्र तेजी सिंह 40 वर्ष, गोपाल लोधी पुत्र बाबू सिंह 45 वर्ष, परमवीर सिंह पुत्र रघुवीर 66 वर्ष, मीराबाई पत्नी भगवंत सिंह 50 वर्ष, रवी सिंह पुत्र हलकाई सिंह 52 वर्ष, उमा बाई पत्नी रवी घोसी 53 वर्ष, मुन्नी बाई पत्नी परमवीर 60 वर्ष, गुलशन पुत्र आशीष 6 वर्ष, भूरी लोधी पत्नी संतोष 38 वर्ष, पूना बाई पत्नी गोपाल 56 वर्ष, सुमंत्री बाई पत्नी कल्याण सिंह 58 वर्ष, मंजू घोसी पुत्र दीपचंद्र 41 वर्ष, यशवंत घोसी गुलाब 23 वर्ष, चन्नू पुत्र श्यामलाल 57 वर्ष, अमन खरे पुत्र अरुण खरे 32 वर्ष निवासीगण थाना तेंदूखेड़ा जनपद दमोह मध्यप्रदेश।

### प्राथमिक उपचार के बाद इन लोगों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

कौशाम्बी। महेंद्र सिंह, ओमकार, सरोज बाई, विमला बाई, ज्योति, चंद्रभान सिंह, बटन सिंह, मालती लखेरा, श्यामाबाई, केराबाई, शीला बाई, कल्याण सिंह, गोपाल लोधी, परमवीर सिंह, मीराबाई, उमाबाई प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर हुए।

### खण्ड विकास अधिकारी कड़ा ने जलपान की कराई व्यवस्था

कड़ा, कौशाम्बी। कड़ा के लेहदरी गांव में पलटी बस में सवार पीड़ित श्रद्धालुओं का हाल जानने के लिए खण्ड विकास अधिकारी संजय गुप्ता मौके पर पहुंचे।

उन्होंने पीड़ित श्रद्धालुओं के लिए भोजन -पानी का प्रबन्ध किया और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान सचिव ताज मोहम्मद भी मौजूद रहे।

# इनामिया बदमाश अपने दो साथियों के साथ चोरी की बाइक संग गिरफ्तार




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामिया बदमाश को उसके दो साथियों संग सोमवार भोर मलाक मोहिउद्दीनपुर गांव के समीप से दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो चोरी की बाइक समेत मोबाइल फोन बरामद किया है। सीओ ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। पकड़े गए तीनों बदमाशों के खिलाफविभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफलिखापढ़ी कर उनका न्यायालय चालान कर दिया।

क्षेत्राधिकारी सतेंद्र प्रसाद तिवारी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि संदीपन घाट थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह सोमवार की भोर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी अपराधी अपने हिस्ट्रीशीटर साथियों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा है। सूचना मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने ग्रीन सिटी प्लाटिंग की तरफजाने वाले रास्ते ग्राम मलाक मोहिउद्दीनपुर के समीप घेराबंदी कर दी।

पुलिस को देख बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को दौड़ाकर दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक समेत चार अदद मोबाइल फोन बरामद किया है। सीओ ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त अखिलेश उर्फ तुम्बा पुत्र शिवलाल सरोज निवासी ग्राम मितुवापुर थाना संदीपन घाट, थाना पिपरी में वांछित अभियुक्त है। इसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी ने पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसके अलावा अमित उर्फ छोटू थाना करारी का एचएस है। जबकि तीसरा आरोपी रचित कुमार पासी पुत्र छेद्दू पासी निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी के खिलाफ भी कई थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए बदमाश एक संगठित गिरोह चलाते हैं।

जो अपने आर्थिक लाभ के लिए चोरी, लूट जैसे जघन्य अपराध करते हैं। इनके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने तीनों के खिलाफलिखापढ़ी कर उनका चालान न्यायालय भेज दिया। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव, हेड कांस्टेबल गुलाब यादव, कांस्टेबल राहुल यादव, अरुणेश कुमार, संतोष कुमार और राहुल यादव को एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सम्मानित किया है।

# ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप 2025 प्रतियोगिता में शामिल हुए 300 परीक्षार्थी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल टेवां मंझनपुर कौशांबी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप 2025 की प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें जिले के स्टार किड स्कूल, पश्चिम शरीरा, आरकेबीजी स्कूल टेवां, एनएसजीएम स्कूल टेवां विवेकानंद विद्या मंदिर विद्यालय टेवां, आदि के 300 बच्चों ने प्रतिभाग लिया। ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता का उद्देश्य है बच्चों में शिक्षा के प्रति परीक्षा के प्रति कंपटीशन के प्रति जागरूकता या अंदर से झिझक मिटाना छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए जागरूक करना। ज्ञान सुमन स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रोत्साहन के रूप में नगद धनराशि प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया जाता है जिससे उनके शैक्षिक जरूरतो की पूर्ति हो सके।

इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष सौरभ कांत उपाध्याय चेयरपर्सन सनम उपाध्याय प्रिंसिपल रणविजय सिंह एवं शिक्षक गण विनोद कुमार, मनोज कुमार, यासीन मेम ,नौसीन मैंम, नेहा मैंम, नम्रता मैंम आदि मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पाँचवे दिन बच्चों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पाँचवे दिन प्रार्थना व योगाभ्यास करके कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 कैप्टन अबू तलहा अंसारी नशामुक्ति शपथ सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं तथा महाविधालय के शिक्षक एवं प्राथमिक विद्यालय अगियोना के सभी शिक्षक को दिलाई। इसके बाद नशामुक्ति रैली निकालकर सभी ग्राम वासियों को जागरूक किया जिसमें हर नशा बर्बादी का पैगाम है। तथा नशे को जो अपनाये पूरे जीवन वह पॉचताए, जब नशे का नाश होगा देश का विकास होगाष् का नारा गुलाम मोहिउद्दीन, मो. अमन, असद, एहतेशाम, मो. अयान, दिक्षा, समृद्धि, शिखा, नाज बानो, शिफा, समर, अनम एवं इशरत ने नारा देकर ग्राम वासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कराया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एवं घर घर जाकर मलिन बस्तियों में रहने वाले ग्रामीणों से नशा के दुष्परिणाम बताए। सायंकालीन प्लास्टिक निषेध रैली निकालकर इससे पर्यावरण को होने वाले नुक्सान को लोगों को बताया इसके साथ ही मौसम में परिवर्तन होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके कारण अनेक प्रकार की बिमारियाँ उत्पन्न होती है। इसके लिए डॉ. कैप्टन अबू तलहा अंसारी के निर्देशन में नालियों एवं जल भराव वाले स्थानों पर मच्छर की दवा का चिड़काव स्वयं सेवकों के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर महाविधालय के शिक्षक अवधेश मिश्रा, राकेश यादव, मोहित त्रिपाठी, सुनील अग्राहरी, गुलनाज नकवी व प्राथमिक विद्यालय अगियोना के शिक्षक प्रेमलता सिंह, रीना कौर इत्यादि मौजूद रहें।

# बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में चालक घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के चुन्नी का पुरवा निवासी भंवर सिंह यादव की बहन की शादी थी। वह निमंत्रण का कार्ड बांट रहे थे कार्ड बांट कर वापस घर जा रहे थे तभी कौशाम्बी की तरफ से मंदीप रैदास पुत्र शारदा रैदास निवासी डिढवा ने अपने स्प्लेंडर गाड़ी से भंवर यादव को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से भंवर यादव का दाहिना पैर टूट गया, और सर पर गंभीर चोट आई है हाथ में भी गंभीर चोटे आई हैं। कौशाबी थाना अध्यक्ष उर्मिला सिंह ने 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा और घर वालों को सूचना दी।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ सफाई, डॉक्टरों की उपस्थिति, प्रसूताओं के भुगतान रजिस्टर एवं प्रसव कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष के निरीक्षण दौरान वहॉ पर कोई भी प्रसूता महिला नहीं थी। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में तैनात स्टॉफ नर्स वंदना मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रसूता महिलाओं को प्रसव के 48 घण्टे तक अस्पताल में रोका जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय एवं उनका भुगतान समय से किया जाय। उन्होंने महिलाओं के इलाज सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करते हुए महिलाओं को एएनसी जॉच के बारे में जागरूक करने एवं एएनसी जॉच को और सुदृढ़ बनाये जाने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज सिंह उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा तिल्हापुर मोड़ में जाकर, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम दलेलागंज में जाकर एवं थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# चोरों ने दंपति के सामने घर किया साफ, तहरीर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के गोविंदपुर तेवारा गांव में रविवार की रात चोरों ने दंपति के सामने उनका घर साफ कर दिया। शोरगुल सुनकर लोगों के जुटने तक चोर घर खंगाल करके निकल गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की दी। तहरीर मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके चोरों का पता लगाना शुरू किया है।

गोविंदपुर तेवारा गांव निवासी कैलाश कुमार पुत्र स्वर्गीय महादेव किसानी और पशुपालन का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार की रात वह कमरे में पत्नी शकुंतला एवं दो बच्चों के साथ सो रहे थे। इसी दौरान चोर दरवाजा खुला होने का फायदा उठाते हुए कमरे में घुस गए। जिसमें दो चोर कमरे में रखा बक्सा को उठाकर ले जाने लगे तो दंपति नींद से जाग गए। चोरों को देख उसने शोरगुल करने का प्रयास किया। लेकिन तब तक चोर बक्सा लेकर भाग निकले।

शोरगुल सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने चोरों का पीछा करते हुए खेतों की ओर गए तो करीब एक किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में बक्सा पड़ा हुआ मिला।

जिसमें रखा 60 हजार रुपये की नकदी समेत आधा किलो चांदी की हसुली, आधा किलो का छागल, ढाई सौ ग्राम चांदी का ककना, सोने की अठन्नी भर की लाकेट, दो सोने की पुल्ली, अंगूठी आदि सहित करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण और साड़ी, पैंट शर्ट के कपड़े उठा ले गये। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है।

### डाक पार्सल से टकराई श्रद्धालुओं की कार, दंपति जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के अटसरॉय गांव के नजदीक फ्लाईओवर के पास नेशनल हाईवे पर महाकुंभ से संगम स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की कार आगे जा रही डाक पार्सल से अनियंत्रित होकर टकरा गई हादसे में कार में सवार पति पत्नी जख्मी हो गए जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज कार को क्रेन की मदद से हाईवे से बाहर कराया।बताया जाता है कि हरियाणा के फरीदाबाद निवासी ओमप्रकाश पुत्र मंजीत सिंह 45 वर्ष अपनी पत्नी रेखा 42 वर्ष के साथ कार से प्रयागराज महाकुंभ संगम स्नान के लिए गए थे , कार सवार श्रद्धालु संगम स्नान कर वापस घर लौट रहे थे जैसे ही वह सोमवार की शाम सैनी कोतवाली के अटसरॉय गांव के नजदीक ओवरफ्लाई के पास नेशनल हाईवे पर पहुंचे तभी आगे जा रही डाक पार्सल में कार अनियंत्रित होकर टकरा गई हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई हादसे में रेखा 42 वर्ष व ओमप्रकाश 45 वर्ष जख्मी हो गए।

# वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारीपुलिस उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह व महिला उपनिरीक्षक कंचन देवी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित विष्णू निवासी ग्राम तन्नापर थाना मंझनपुर को तुर्तीपुर तिराहाके पास से गिरफ्तार किया गया।

### गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के दो वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उ0नि0 प्रभुनाथ सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारामुखबिर खास की सूचना पर वांछित मोहम्मद अरसद, ऐसन निवासीगण ग्राम चक हिंगुई थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से आलाजरब 01 डण्डाघटना में प्रयुक्त बरामद किया गया।

### एटीएम बदलकर फ्राड करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। आवेदिका द्वारा थाना मंझनपुर पर सूचना दी गयी कि अज्ञात आरोपियों द्वारा केनरा बैंक मंझनपुर के एटीएम से पैसे निकालते समय एटीएम बदलकर उनके खाते से पैसे निकाल लिये गये है। जिसके सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की मदद से थाना मंझनपुर, साइबर थाना व एसओजी की संयुक्त टीमों द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर प्रकास में आये वांछित आरोपी पुर्णेन्द शुक्ल निवासी कान का पुरवा बेल्हा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को बिना नम्बर प्लेट के चार पहिया वाहन के साथ कोड़र गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की जामा तलासी से 04 अदद कूटरचित आधार कार्ड, 02 अदद मोबाइल फोन, 02 अदद एटीएम कार्ड व 6200 रूपए नगद बरामद किया गया।

पूछताछ से आरोपी द्वारा बताया गया वह अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को निशाना बनाकर एटीएम में जाकर पीछे से उनका पिन देख लेते है तथा बातों में उलझाकर मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल लेते है और उस एटीएम कार्ड का उपयोग दूसरे बैंक के एटीएम व पेट्रोल पम्प से पैसे निकाल लेते है ।

किसी के द्वारा पहचान के लिये आईडी मांगने पर अपने पास रखे कूटरचित आधार कार्ड देकर पहचान छिपाया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि मैनें अपने साथियों के साथ मिलकर महाराष्ट्र बैंक मंझनपुर के एटीएम से एक महिला से एटीएम बदलकर अलग-अलग एटीएम व पेट्रोल पम्प से उसके खाते से लगभग 90,000 रूपए निकालकर आपस में बाट लिये थे । इसी प्रकार थाना चरवा क्षेत्र में एक व्यक्ति से एटीएम बदलकर कई एटीएम व पेट्रोल पम्प से 48,800 रूपए निकाल लिये थे।

### चार वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस उ0नि0 सन्तोष कुमार चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी रीना, वीरेंद्र, निवासीगण अफजलपुरवारी थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरीपुलिस उ0नि0 अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी हरिश्चन्द्र निवासी चक गिरिया थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उ0नि0 विपलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी तुतु पासी निवासी सैय्यद सरावां थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म, धमकी व मारपीट को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति की मृत्यु के बाद कान का पुरवा बेलहा गांव निवासी तीरथ गुप्ता पुत्र रामदेव गुप्ता ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता द्वारा शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा और शादी से इंकार कर दिया। आरोपी ने कहीं शिकायत करने पर पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट, छेडछाड व धमकी पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट छेडछाड व धमकी की घटना को लेकर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि रंजिश के चलते बाइस फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे गांव के पुतान ने बदनीयती से उसके साथ छेडछाड किया और कपड़े फाड डाले। पीडिता के विरोध करने पर आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि आरोपी पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मां बेटी की पिटाई पर तीन के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कपड़ा व बर्तन धोने के विवाद को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गालीगलौज एवं मारपीट तथा धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के राजा का पुरवा जमालपुर गांव की गुडिया पत्नी बाबूलाल का आरोप है कि कपड़ा व बर्तन धोने के विवाद को लेकर तेईस फरवरी को सुबह करीब पौने बारह बजे गांव की रीता पत्नी रामसुख, मंजू पत्नी रामलखन तथा रामलखन के पुत्र देवा ने उसे तथा उसकी पुत्री मांशी के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में की मारपीट, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पतुलकी पूरे पाण्डेय गांव निवासिनी अनारा देवी पत्नी श्रीराम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्कीस फरवरी की शाम करीब साढ़े छः बजे गांव के विकास सिंह पुत्र राकेश सिंह ने रंजिशन उसकी बेटी को मारापीटा व गाली दी। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## धमकी को लेकर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जानलेवा धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के कोडरा मांदूपुर गांव निवासिनी फूलकली पत्नी छोटे लाल वर्मा का आरोप है कि बीते दिवस रंजिश को लेकर गांव के मोनू पुत्र देवतादीन ने दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। एसओ अरूण सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय महोत्सव में दिखेगा रवि, अंजना, अलका, भावना व रितेश समेत नामचीन कलाकारों का धमाल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में आज मंगलवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में प्रदेश व देश के नामचीन कलाकारों का ग्लैमर दिखेगा। महोत्सव में पचीस फरवरी को सायं छः बजे स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखेंगी। महाशिवरात्रि छब्बीस फरवरी को प्रातः आठ बजे श्रीराम द्विवेदी के सांस्कृतिक दल का भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वही सायं छः बजे से उदघाटन सत्र में पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी के संयोजन में भोजपुरी सुपर स्टार अलका सिंह पहाड़िया तथा इण्डियन परफार्मिंग आर्टस लखनऊ के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां होगी। अगले दिन सत्ताईस फरवरी को सायं सात बजे से भोजपुरी सिनेस्टार सुश्री अंजना सिंह एवं रितेश पाण्डेय व पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी, महुआ टॉप सुश्री भावना सिंह व नीतू सिंह तथा संतोष यादव का गायन होगा। तीन दिवसीय महोत्सव में बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व महोत्सव की संयोजिका एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## नोडल शिक्षकों के प्रशिक्षण का समापन



**रानीगंज प्रतापगढ़।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन हुआ। इस अवसर पर सत्य प्रकाश पांडे प्राथमिक शिक्षक संघ शिवगढ़ के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि विशेष शिक्षकों के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को जो भी सुविधाएं विभाग द्वारा दी जा रही है उन्हें मिले। इस अवसर पर विशेष शिक्षकों राम सूरत यादव, सुमन और बृजेंद्र उपस्थित रहे साथ ही अभिभावक परामर्श के दौरान दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ट किट तथा ह्वस्त्र ढ्वस्त्र कार्ड ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शिवगढ़ द्वारा उपलब्ध कराया गया। अध्यक्ष द्वारा अभिभावकों को बताया गया कि बेसिक शिक्षा द्वारा जो भी योजनाएं संचालित हो रही है उसका लाभ अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराकर प्राप्त करे

## हाईवे पर मृत पड़े सांड़ से टकराई श्रद्धालुओं की कार, चार घायल

**कुडा प्रतापगढ़।** प्रयागराज महाकुम्भ से घर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार हाईवे पर मृत पड़े सांड़ से टकराने के बाद डिवाइडर से भिड़ गई। इसमें कार सवार सभी लोग घायल हो गए। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। लखनऊ के चारबाग निवासी महात्मा प्रसाद का 24 वर्षीय बेटा आलोक कुमार साथियों संग कार से प्रयागराज स्थित संगम में डुबकी लगाकर रविवार को रात घर लौट रहा था। रात में करीब दो बजे जैसे ही वह लोग मानिकपुर थाना क्षेत्र के भरचक गांव के सामने हाइवे पर पहुंचे। पहले ही किसी वाहन की टक्कर से सड़क पर मरे पड़े सांड़ को देख नहीं पाए और कार उससे टकरा कर डिवाइडर से भिड़ गई। इससे कार सवार आलोक पटेल के साथ ही उसका साथी वंशी लाल मौर्या का 26 वर्षीय बेटा श्रवण कुमार मौर्या, आशाराम का 18 वर्षीय बेटा अरुण कुमार और सुधीर कुमार का 24 वर्षीय बेटा यश वर्धन सिंह घायल हो गए। राहगीरों ने यूपी-112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची और घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने यशवर्धन सिंह और अरुण कुमार को रेफर कर दिया।

# प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की गयी जारी, देखा गया सजीव प्रसारण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भागलपुर बिहार में आयोजित किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की जायेगी जिसका सजीव प्रसारण कृषि भवन परिसर में आयोजित किया गया जिसका अवलोकन भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विजय मिश्रा, महामंत्री अतुल शुक्ला, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित कृषकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद में फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु स्थापित एग्रीगेटर परियोजना के अन्तर्गत स्थापित कस्टम हायरिंग सेन्टर के लाभार्थी छेदीलाल ब्लाक संग्रामगढ़, सत्य नारायन, राम सागर विकास खण्ड कालाकांकर व प्रद्युम्मन सिंह विकास खण्ड सदर को प्रमाण पत्र एवं टैऊक्टर की चाभी प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जायद की फसलोत्पादन की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। इस अवसर पर कृषकों को निःशुल्क मिनीकिट बीज उर्द का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, कृषि, पशुपालन, उद्यान, नेडा, सोलर, एवं अन्य विभागो द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर जनसामान्य को योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त विकास खण्डों में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषकों द्वारा देखा गया। पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त पाकर किसानों में काफी प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

# प्रमोद तिवारी ने लगायी संगम में डुबकी, राष्ट्र के सतत विजय की किया कामना



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विजया एकादशी पर महाकुंभ नगर में पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगायी। शुभ मुहूर्त में संगम में डुबकी लगाकर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लोकमंगल की प्रार्थना की। उन्होनें संगम में दर्शन पूजन कर देश के सर्वांगीण विकास तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मजबूती के साथ अजेय भारत के सतत सर्वविजय की भी कामना की। महाकुंभ में दूसरी बार आम स्नानार्थियों के बीच संगम स्नान करने पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सन्त महात्माओं से भेंटकर जनकल्याण के लिए उनका भी आशीर्वाद लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।

## युवक को पीटने एवं तोड़फोड़ में 37 पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कुंडा के मलियन टोला बेती रोड निवासी श्यामजी ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 22 फरवरी को 11 बजे उसका भांजा बॉबी पुष्पाकर काम के लिए अतहर टंकी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पटहारन टोला के राफे के घर के ड्रिल मशीन लेने गया। पड़ोसी शाहिल और उसके पिता मो. इलियास बॉबी को गालियां देने लगे। विरोध करने पर मारने पीटने लगे, किसी तरह लोगों ने मामला शांत कराया। इसके बाद बॉबी घर आ गया। आधे घंटे बाद वह दोबारा निकला तो गौस नगर निवासी शाहिल उसे गालियां देने लगा। इसके बाद बॉबी घर लौट गया। साहिल करीब 35 लोगों को साथ लेकर उसके घर पहुंच गया और दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। पीड़ित श्याम पुष्पाकर की तहरीर पर पुलिस ने शाहिल, मो. इलियास को नामजद करते हुए 35 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महाकुंभ व अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की निरंतर सेवा में लगे हैं हनुमान भक्त



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** महाकुंभ प्रयागराज संगम जाने वाले श्रद्धालुओं को प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में ठहरने आदि की व्यवस्था मंदिर समिति ने की है। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु ठहरकर रात्रि विश्राम करके एवं प्रसाद ग्रहण कर संगम जा रहे हैं। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए स्नान आदि की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति की व्यवस्थापक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि संगम और अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु यहां पर रुक कर विश्राम कर प्रसाद ग्रहण करके जा रहे हैं। सभी की सेवा के लिए हनुमान भक्त तत्पर है। श्रद्धालुओं को लगभग चालीस दिन से ठहरने आदि सारी व्यवस्था हनुमान भक्त कर रहे हैं। आज भी राजस्थान, हरियाणा, केरल, उत्तर प्रदेश आदि प्रान्तों के श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विश्राम कर हनुमान जी महाराज का भजन कीर्तन कर प्रसाद ग्रहण किया। आज रात्रि में एक श्रद्धालु बहराइच से पैदल चलकर कई दिनों की यात्रा करते हुए अयोध्या प्रभु श्री राम का दर्शन करने के उपरांत आज हनुमान मंदिर चिलबिला पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर में रुक कर सनातन धर्म और नई पीढ़ी को नशा मुक्त करने के लिए जागरूक किया। रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह संगम के लिए रवाना हुए। वहां से पैदल ही काशी विश्वनाथ बाबा का दर्शन करने जाएंगे। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कर हनुमान भक्त सेवा में लगे हुए हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा आदि की भी पूरी व्यवस्था की गई है। जो श्रद्धालु यहां पर ठहरते हैं उन सबको पूरी व्यवस्था दी जा रही है। बहुत से श्रद्धालु स्वयं भोजन तैयार कर रहे हैं। जिनके पास व्यवस्था नहीं है हनुमान भक्त प्रसाद की व्यवस्था करा रहे हैं। महाशिवरात्रि पर जो श्रद्धालु मंदिर परिसर पर ठहरेंगे सभी के लिए हनुमान भक्तों ने प्रसाद की व्यवस्था की है। इस दौरान किशन लाल, श्याम,अश्वनी, संजू, कपिल देव,सुरेश अग्रवाल, सत्य प्रकाश केडिया, रामगोपाल, आशीष कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, पंकज यादव, श्याम बाबू, सूरज उमरवैश्य, पप्पू, शनि महाराज, सोनू महाराज, आशीष लाइट, सुरेश माली, अशोक कुमार, विजय बाबू, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, हरिनाम सिंह, सचिन, विजय आदि भक्तगण सेवा में लगे हैं।

## मेधावी छात्र के प्रतियोगिता में अव्वल आने पर जतायी गयी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल आने पर विद्यालय ने मेधावी छात्र को सम्मानित कर खुशी साझा किया है। आइंसटीन पब्लिक स्कूल धधुआ गाजन लालगंज के कक्षा ग्यारह के छात्र अंशुमान सिंह पुत्र बृजेश सिंह ने बीते दिवस जनपद के लोहिया नगर स्थित जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र की सफलता पर विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला, संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने बधाई दी और कहा कि छात्र की सफलता से विद्यालय का मान बढ़ा है। वहीं प्रधानाचार्य मनोज कुमार ओझा, उप प्रधानाचार्य आंदे डिसिल्वा, आशुतोष पाण्डेय, महेन्द्र पाठक, योगेन्द्र शुक्ल आदि ने मेधावी छात्र की सफलता पर खुशी जतायी है।

# शिक्षा, संस्कार और संस्कृति भारतीय सभ्यता के गौरव - उमेश द्विवेदी

• सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** शिक्षा, संस्कार और संस्कृति भारतीय सभ्यता के गौरव हैं। ऐसे में शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ साथ बच्चों को संस्कारवान बनाये। ताकि बड़े होकर वे देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अच्छे संस्कारों के कारण संसार की आधी दुनिया में भारत की गूंज है। उक्त बातें मानिकपुर स्थित आरएमटी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि आज भारत में डिजिटल क्रांति का बोलबाला है,जिसके चलते हमारे जीवन में बहुत सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि आज बच्चों में मोबाइल यूज करने की आदत बढ़ती जा रही है,जिसके चलते बच्चों में कुछ गलत परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं,जोकि हम सबके लिए चिंता का कारण है। बच्चों को गुरुओं के प्रति आदर भाव रखना जरूरी है। उन्होंने कल्चर कॉम्पीटीशन में प्रथम स्थान पाने वाले शिवाजी हाउस, द्वितीय कलाम हाउस, तृतीय अम्बेडर, हालिंग स्पीकिंग में अम्बेडकर हाऊस तथा क्लीज काम्पीटीशन में कलाम हाउस, बेस्ट स्टूडेन्ड ऑफ इयर में सौम्या मोशी, नीट एण्ड क्लीन यूनीफार्म में कार्तिक, प्रिया, रिया, वंशिका, रूक्षा रुद्राक्ष, अविरल, इनायत, रैना, शिक्षा, सौन्या, वंगिका, आर्यन, अनवी, मोस्ट कॉनसिस्ट टीचर के लिए हिना जीगान, साइन्स प्रोजेक्ट में अंशिका गुप्ता प्रथम, प्रिया विश्वकमी द्वितीय तथा सिद्धान्त पाण्डे, हिन्दी हैण्ड राइटिंग में अंगिका गुप्ता, श्रद्धा निर्मल, अंग्रेजी हेण्ड राइटिंग में सौम्या, रिया राव समेत स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर दीप नारायण, चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अनिल मौर्या, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आरडी मौर्या, एनपीआरसी अशोक मौर्या, पूर्व शिक्षक श्याम लाल वर्मा, राम आसरे पांडेय, दीन बंधु मिश्रा व राम जी मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। स्कूल के प्रबंधक रवींद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि समेत अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा पूरे साल किए जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से विद्यार्थियों को बेहतरीन और गुणवत्ता परक शिक्षा मुहैया करवाई जा रही है। इस मौके पर आशीष पाण्डे, शुभम् मिश्र, शुभम गुप्ता, मिन्टू, मिथलेश, सुजीत, हिना, भजरा, करुणा, साक्षी, मालती, राधिका, सारिका, नौशीन, रवि आदि मौजूद रहे।

# मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमदभागवत कथा



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के दीवानी खास वार्ड के गंगाविष्णुपुरम मनीपुर में सोमवार को श्रीमदभागवत कथा आचार्य बाल व्यास सौरभ जी महराज के मुखारबिंद से श्रीमदभागवत महापुराण कथा का महात्म्य सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। बाल व्यास सौरभ तिवारी ने बताया कि श्रीमदभागवत की कथा मोक्षदायिनी है। इस कथा का श्रवण करने वाले मनुष्य के मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होनें बताया कि मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने वाली भागवत कथा का श्रवण करने से कलियुग में भगवान की भक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। यह कथा मनुष्य को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है। कथा के दौरान बीच बीच में राधे कृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु मगन दिखे। मुख्य आयोजक रामपाल तिवारी व सुशीला तिवारी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का रोली अक्षत चंदन से श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजेन्द्र पाण्डेय, सुशील तिवारी, राजकुमार तिवारी, शिव आसरे तिवारी, तेजभान पाण्डेय, शिवकुमार तिवारी, सुधीर तिवारी, ज्ञानू तिवारी, राहुल पाण्डेय, सुजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## युवक पर किया जानलेवा हमला

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के पुरमई सुल्तानपुर गांव निवासी राहुल सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। रविवार को रात करीब एक बजे वह पिता के रखे गांव के बाहर सामान की रखवाली को जा रहा था। तभी उसे रोककर गांव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला करके घायल कर दिया। परिजन घायल को सीएचसी ले गए। उपचार के बाद परिजनों ने पुलिस को मामले में नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच करके कार्रवाई की बात कह रही है।

# जलाभिषेक के लिए तैयार हो रहे हैं शिवालय



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** जनपद के सभी शिवालयों में 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए साफ सफाई शुरू हो गई है। उधर प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था में जुट गया है। नगर पंचायत सुवंशा बाजार क्षेत्र महाकालेश्वर मंदिर सोनवर्षा धाम सुवंशा में महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए मंदिर प्रशासन तैयारी में जुटा है। इस शिवालय का बहुत पुराना इतिहास है। मंदिर के पुजारी और व्यवस्थापक बबलू सिंह ने बताया की प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं जिसको लेकर साफ सफाई और व्यवस्था शुरू है। व्यवस्थापक के अनुसार 25 फरवरी मंगलवार को सुबह अखंड रामचरितमानस पाठ शुरू होगा। यह 26 फरवरी महाशिवरात्रि को सुबह समाप्त होगा। इसके बाद हवन का कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्रि के दिन व्रत को देखते हुए फलाहार की व्यवस्था की गई है। 25 फरवरी से भंडारा का कार्यक्रम शुरू होकर 26 फरवरी तक निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वैध अनिल कुमार मिश्रा, अंगद मौर्या, डॉ राहुल त्रिपाठी, शिवकुमार सोनी और शशिधर मिश्र आदि ग्राम वासी व्यवस्था में लगे हुए हैं। इसी प्रकार बाबा सिद्धिनाथ शिव मंदिर पाली, महमदपुर में साफ सफाई और व्यवस्था का कार्य तेजी से चल रहा है। मंदिर के व्यवस्थापक सुमित पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, चंदन पाण्डेय, विवेक मिश्रा, हरिराम तिवारी आदि गांव के लोग महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए व्यवस्था में लग गए हैं । जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को कोई भी दिक्कत न हो। यहां पर भी 25 फरवरी मंगलवार से अखंड रामचरितमानस का पाठ शुरू होकर 26 फरवरी बुधवार को समाप्त होगा।यह शिव मंदिर बहुत पुराना है यहां पर हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए मेले का आनंद उठाते हैं।

## दुकान से सामान लेकर घर जा रही महिला को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के बक्श का पुरवा बहोरिकपुर गांव निवासी राकेश सिंह की पत्नी संगीता सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि सोमवार को सुबह करीब 10 बजे वह दुकान से सामान लेकर घर जा रही थी। रास्ते में पड़ोस के ही कुछ युवकों ने उसे रोका तथा गालियां देने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। परिजन घायल को सीएचसी ले गए और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। एसओ मुकेशकुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

## शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन शिव पूजा का महत्व सुन कर भाव विभोर हुए श्रोता

**कौशाम्बी।** मंझनपुर के समदा पेट्रोल पंप के सामने सुखनंदन धाम में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन चित्रकूट धाम के राजापुर निवासी कथा वक्ता पंडित दीपक मणि मिश्र जी ने बताया कि आखिर भगवान शिवजी के लिंग की पूजा क्यों की जाती है और शिव पूजा का महत्व क्या है रुद्राक्ष क्यों धारण किया जाता है , रुद्राक्ष भगवान शिव के नेत्रों से जो आंसू छलके उसी से उत्पन्न हुआ रुद्राक्ष को धारण करने वाला व्यक्ति तीनों लोकों पर विजय प्राप्त करता है और उस व्यक्ति के सारे संकट दूर हो जाते हैं बेलपत्र की महिमा के बारे में भक्त जनों को बताया कि बेलपत्र में भगवान शिवजी , ब्रह्माजी , विष्णुजी ,तीनों रूप में विराजमान रहते हैं इसलिए जो भी भक्त एक बेलपत्र भी भगवान शिवजी पर अर्पित करता है वह व्यक्ति संयुक्त शिवलोक को प्राप्त करता है। कथा के आयोजन राजाराम केसरवानी , ओमप्रकाश केसरवानी , आशा देवी , रामदुलारी , सोनिया देवी , शंभू नाथ बड़ी संख्या में मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गए।

## ग्राम प्रधान की कनपटी पर तमंचा सटाकर बदमाशों ने नगदी छीना

**कसेंदा, (कौशाम्बी)।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर भर्ती गांव के समीप रविवार देर शाम कार सवार ग्राम प्रधान को तमंचा सटाकर नगदी छीन लिया। विरोध करने पर बदमाश उनकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित प्रधान ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।एयरपोर्ट क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी विजय बहादुर निषाद ग्राम प्रधान हैं। रविवार देर शाम वह अपनी कार से फुलवा गांव निमंत्रण में जा रहा था। इसी दौरान जलालपुर भर्ती गांव के समीप पड़ोसी गांव के दबंग ने अपने दो साथियों संग उसे रोक लिया। प्रधान के रुकते ही एक युवक ने उसकी कनपटी पर तमंचा सटा दिया। आरोप है कि बदमाशों ने उसके जेब में रखा 10 हजार रुपया छीन लिया। विजय बहादुर के विरोध करने पर वह पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।बदमाशों के जाने के बाद युवक ने थाने जाकर एक नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि दोनों के बीच दो दिन से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। दोनो पक्षों को बुलाया गया है। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने पूर्व प्रधान के पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर किया जख्मी, मुकदमा

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के एक गांव में बाग में खेल रहे पूर्व प्रधान के पुत्र पर पड़ोसी युवक ने धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया , मामले की जानकारी पर पूर्व प्रधान ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है जिसके बाद पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली के चक बख्तियारा परसीपुर निवासी मीना देवी पत्नी राम नरेश ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गांव की पूर्व प्रधान थी , मीना देवी ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र पीयूष रविवार की दोपहर घर के समीप बाग में खेल रहे था तभी पड़ोस का रहने वाला एक बच्चा आ गया जिसको पीयूष ने घर भेज दिया । मीना देवी का आरोप है कि जिसके बाद पड़ोस का एक युवक आया और उसके पुत्र को गाली गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगा जिसका विरोध करने पर आरोपी युवक ने पीयूष के सर पर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया , मामले की जानकारी पर पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। मैंस देवी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रवि तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## खेत में बकरी जाने को लेकर पड़ोसियों ने दंपत्ति को पीटा, केस

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना के एक गांव में खेत ने बकरी जाने को लेकर पड़ोसियों ने एक दंपत्ति को गाली गलौच कर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया , पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना के अहमद गंज निवासी सियम्बर लाल पुत्र दुबरी लाल ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की शाम खेत में बकरी जाने को लेकर गांव के ही तीन व्यक्ति भाई ज्ञान चंद्र व भाभी संतोषी देवी को गाली गलौच कर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगे , जिसका विरोध करने तीनों व्यक्तियों ने भाई व भाभी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया । पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने वसीम , तसलीम व गूंगा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## भतीजे ने नीम की डाल काटने के विरोध पर चाची को पीटा

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के गिठूरा गांव में सोमवार की सुबह नीम के पेड़ की डाल काटने का विरोध करने पर भतीजे ने चाची को डंडे से पीट दिया।पिटाई से महिला को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। पुलिस चौकी लोधऊर क्षेत्र के दुर्गापुर मजरा गिठूरा गांव की चमेलिया पत्नी तुलसी राम के मुताबिक घर के सामने उसका एक नीम का पेड़ है। सोमवार की सुबह पेड़ पर चढ़ कर उसके देवर का बेटा मोटी डाल काट रहा था। डाल काटने से मना करने पर वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उसने चाची की डंडे से पिटाई कर दी।पिटाई से महिला को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर जुटे पड़ोसियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**टेवां, (कौशाम्बी)।** आज 24 फरवरी 2025 दिन सोमवार को पी0एम0 श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां कौशाम्बी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः दस बजे से किया गया द्य इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग कि दो टीमे विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परिक्षण एवं उपचार हेतु आयी थी। प्रथम टीम राष्ट्रीय बल स्वास्थ्य कार्यक्रम मंझनपुर के निर्देशन पर आयी थीं। इस टीम में डॉक्टर अरुण केसरवानी,डॉक्टर अलीमा खातून नेत्र चिकित्सक नीरज जैसवाल स्टाफनर्स रूपा देवी ने छात्र छात्रओं के रक्त चांप , सुगर कि जाँच एवं अन्य आवश्यक परिक्षण किया द्य विद्यार्थियों की नेत्र जाँच के बाद चश्मा भी वितरित किया गया। द्वितीय टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर के निर्देशन में किरण केसरवानी , डॉक्टर संदीप कुमार , डॉक्टर मुकेश कुमार विद्यार्थी एवं ए.एन.एम. साधना कुशवाहा और दन्त चिकित्सक शिप्रा कुशवाहा ने विद्यार्थियों के हिमोग्लोबिन,शुगर,रक्त चाप एवं दन्त परिक्षण किया। विद्यार्थियों को आवश्यक औषधियों को भी प्रदान किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉक्टर अलीमा खातून ने छात्राओं कि व्यक्तिगत शारीरिक समस्याओं कि जानकारी लेकर उपचार बताया। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया। विद्यालय कि स्टाफनर्स गीता कुमारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। 230 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ शेष बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कल दिनांक 25 फरवरी 2025 को पुणे होगा उक्त जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एके श्रीवास्तव ने दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

● एनएसएस के माध्यम से छात्र व छात्राएं अपने व्यक्तित्व को निखारने करें कार्य- प्राचार्य



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य, महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुररारा, ओसा में किया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 शैलेंद्र तिवारी, प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके उपरांत पूजा और राधिका के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वाचिक स्वागत डॉ अजय कुमार ने किया। इसी कड़ी में डॉ अनिल कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया । इसके उपरांत शिविरार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे प्रस्तुत किया गया। वशिष्ट अतिथि गुलाबचंद जायसवाल ,प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय यूसुफपुर रारा ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों द्वारा किए गए अपने कार्यो का स्वयं में मूल्यांकन करना चाहिए, जिससे कि उनके कार्य करने में और अधिक निपुणता हासिल हो सके।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अजय कुमार द्वारा बौद्धिक एवं शारीरिक श्रम हेतु शिविरार्थियों का आवाहन किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को समझाया एवं इससे प्रेरित होने के लिए शिविरार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा मुख्य अतिथि के सम्मुख प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 अनिल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को अपने दायित्वों एवं उद्देश्य के प्रति सचेत रहना चाहिए । एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। डॉ आनन्द कुमार , ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रध्छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ भावना केसरवानी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ0 अनिल कुमार डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 नीलम बाजपेई, डॉ भावना केसरवानी, डॉ0 तरित अग्रवाल, डॉ0 पवन कुमार, डॉ आनन्द कुमार, डॉ0 रमेश चंद्र, डॉ0 शैलेश मालवीय,अजय कुमार, मानवेंद्र सिंह सहित विशेष शिविर में सम्मिलित सभी स्वयंसेवक, स्वयंसेवियां उपस्थित रहें।

## सड़क हादसे में घायल पत्रकार की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत कृष्णा मंदिर के समीप पखवाड़े भर पहले सड़क हादसे में घायल पत्रकार की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पत्रकार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पीएम के बाद घर पहुंचे शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

पिपरी थाने के महमूदपुर मनौरी बाजार निवासी राकेश केसरवानी (52) पुत्र रामप्रकाश केसरवानी ने घर के अगले हिस्से में रेडीमेड शॉप खोल रखी है। वह परिवार के साथ पूरामुफ्ती में मकान बनवा कर रहते थे। दस फरवरी को अपनी पत्नी पूनम केसरवानी के साथ बाइक से प्रयागराज महाकुम्भ नहाने जा रहे थे। इसी दौरान पूरामुफ्ती थाने के कृष्णा मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रही बेकाबू कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार दंपति घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने भागकर घायलों को उठाया और मुंडेरा के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। राकेश की हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने एसआरएन रेफर कर दिया। जहां रविवार रात इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गई। सोमवार को पीएम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बेटे आयुष्मान केसरवानी की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## जवई पडरी की महिला की पुरईन में अज्ञात वाहन से मौत

**सिराथू, कौशाम्बी।** पईसा थाना क्षेत्र के जवई पडरी निवासी उर्मिला देवी पत्नी रामसहाय 50 वर्ष अपने पति के साथ साइकिल से फतेहपुर जनपद के खागा थाना क्षेत्र के सेमौरी गांव अपने पुत्री सुनीता की ससुराल जा रही थी जैसे ही वह खागा कोतवाली के छीमी पुरइन मोड पर पहुंच कर अपने पति की साइकिल से उतर गई और पति सड़क पार कर आगे पहुंच गया जिसके बाद उर्मिला सड़क पार करने लगी तभी फतेहपुर की तरफ से आ रही कार ने उर्मिला को टक्कर मार दिया जिससे उर्मिला को गंभीर चोटे आई मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से खागा हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उर्मिला को मृतक घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेज दिया। हादसे की खबर पर मृतका के घर में कोहराम मच गया।

## मदरसा अरबिया मदीनतुल उलूम के बच्चो को कराया गया राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का एक्सपोजर विजिट



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** जनपद के अनुदानित मदरसों के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मंडार एवं अन्य अधिकारियों की देखरेख में समाज कल्याण विभाग के आधीन चलने वाले राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया । इसी कड़ी में विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग का मजरा चूहापीरन में स्थापित मदरसा अरबिया मदीनतुल उलूम के छात्रों को सोमवार को कोईलहा व ककोढा में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति का विजिट कराया गया। मदरसा के बच्चों को पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इकट्ठा करके प्रधानाचार्य मो तारिक के नेतृत्व में ले जाया गया। जहां मदरसा के बच्चों को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का विजिट कराया गया। और राजकीय आश्रम पद्धति में स्मार्ट क्लास , लाइब्रेरी , छात्रावास , शिक्षण कक्ष एवं मध्याह्न भोजन सहित आश्रम पद्धति से जुड़ी तमाम जानकारियां दी गई।

# कड़ी सुरक्षा में शुरू हुई जनपद के 84 केंद्रों में यूपी बोर्ड की परीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी, (कौशाम्बी)।** यूपी बोर्ड की परीक्षा जनपद के 84 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से शुरू हो गई है। परीक्षा हेतु हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 44 हजार 653 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। सोमवार की सुबह 8रू30 बजे से प्रथम पाली की परीक्षा के लिए हाईस्कूल के सभी परीक्षार्थी अपने अपने परीक्षा केंद्रों पहुंचे । नकल विहीन व पारदर्शिता तरीके से सकुशल परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. सच्चिदानंद यादव ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में बनाए गए सभी 84 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रांग रूम, फर्नीचर, शौचालय, शुद्ध पेयजल आदि का इंतजाम किया गया है। सोमवार को पहली पाली में सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक हाईस्कूल की और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे शाम 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी।

जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए हाईस्कूल में 23 हजार 711 व इंटरमीडिएट में 20 हजार 942 कुल 44 हजार 653 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के लिए 84 केंद्र व्यवस्थापक, 84 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक तथा 84 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं तीन जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्थित डीआईओएस दफ्तर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। नकल रोकने के लिए छह सचल दल का भी गठन किया गया है।

### खाकी की मौजूदगी में तलाशी के बाद दिया गया छात्रों को प्रवेश

सिराथू, (कौशाम्बी)। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा के प्रथम पाली में परीक्षा केंद्र पहुंचे परीक्षार्थियों की गेट पर खाकी की मौजूदगी में सघन तलाशी के बाद विद्यालय परिसर में प्रवेश दिया गया। अजुहा कस्बे के श्री हनुमान इंटर कॉलेज ने छात्र छात्राओं को लाइन में लगाकर विधिवत तलाशी के बाद कक्ष में प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षा केंद्र में लगाए गए अधिकारी लगातार केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लेते रहें।

## चोरों ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में ताला तोड़कर समान किया पार




लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में 23 फरवरी की रात चोरों ने ताला तोड़कर किचेन में रखा सारा समान उठा ले गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने बताया कि उनके स्कूल के रसोईघर में लगा ताला तोड़कर व लगे सेंटर लाक को काटकर दो बोरी गेहूं, बच्चों के खाना खाने की 25 थाली सहित अन्य सभी समान चोर उठा के गए। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक केशनलाल ने बताया कि चोरों स्कूल व रसोईघर का ताला तोड़कर दो भरे हुए गैस सिलेंडर, छह किलो अरहर की दाल, तीन बोरी चावल, दो बोरी गेहूं, दो लीटर सरसों का तेल, आधा किलो हल्दी पाउडर, एक किलो मसाला सहित अन्य समान उठा के गए। शिक्षकों ने पहले 112 नंबर पर चोरी की सूचना देने के उपरांत विद्यालय में हुई चोरी को विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए मंझनपुर पुलिस से लिखित रूप में किया है। मंझनपुर पुलिस शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## ट्रक में भिड़ी कार, दो श्रद्धालु जख्मी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के गुलामीपुर गांव के समीप एक ढाबा के पास नेशनल हाईवे पर संगम स्नान कर वापस लौट रही श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर ट्रक से भीड़ गई , हादसे में कार सवार दो श्रद्धालु जख्मी हो गए , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया।बताया जाता है कि गुजरात के मोरबी जनपद के ए डिविजन थाना क्षेत्र के महेंद्र नगर मोरबी निवासी राज पुत्र परेश भाई अपने साथी गुजरात के राजकोट जनपद के गोंडल थाना क्षेत्र के मोबिया निवासी अंकित भाई पुत्र चंदू भाई कार से संगम स्नान के लिए कुंभ नगरी प्रयागराज गए थे , कार सवार श्रद्धालु संगम स्नान कर वापस घर लौट रहे थे , सोमवार की दोपहर कार सवार जैसे ही सैनी कोतवाली के गुलामीपुर गांव के नजदीक एकता ढाबा के पास पहुंचे तभी नेशनल हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर आगे जा रही ट्रक में भीड़ गई , हादसे में कार में सवार राज 27 वर्ष व अंकित 33 वर्ष जख्मी हो गए । आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया ।

## मां बेटी के साथ मारपीट के आरोप में चार पर केस

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना के एक गांव में गांव के कुछ लोगों ने मामूली बात को लेकर मां बेटी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया , पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।कोखराज थाना के शहजादपुर के कुम्हरान टोला निवासी रानी देवी पत्नी रामराज प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात गांव के चार लोगों ने मामूली बात को लेकर उसको व उसकी दोनों बेटियों खुशबू , खुशी को गाली गलौच कर मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे ।

## श्रद्धालुओं के कार की टक्कर से बाइक सवार तीन मजदूर घायल




लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के भोजपुर गांव स्थित नहर पुलिया के समीप सोमवार की सुबह श्रद्धालुओं के कार की टक्कर से बाइक सवार तीन मजदूर घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

पिपरहाई गांव निवासी अभिषेक पुत्र संगम लाल सोमवार की सुबह अपने साथी लवलेश और दिलीप कुमार के साथ बाइक से प्रयागराज मजदूरी करने जा रहा था। इसी दौरान भोजपुर गांव स्थित नहर पुलिया के समीप कुंभ स्नान कर लौट रहे गुजरात के श्रद्धालुओं की कार ने बाइक में टक्कर मारते हुए दीवार से भिड़ गई। हादसे में अभिषेक का दोनों पैर टूट गया। जबकि लवलेश और दिलीप के सिर में काफी चोटें आईं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, चालक समेत कार को थाने लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## कौशाम्बी नहीं पहुंचे डिप्टी सीएम , इंतजार करते रहे भाजपाई



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को सोमवार को जिले में आना था। जहां सयारा स्थित सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक व उसके बाद गुलामीपुर में एक शादी समारोह ने शामिल होना था , डिप्टी सीएम के आगमन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता व अधिकारी गण शाम पांच बजे तक इंतजार करते रहे लेकिन खबर लिखे जाने तक डिप्टी सीएम का आगमन नहीं हुआ था ।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अट्ठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सर्वेक्षण की माग की गई थी। 1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुनः प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास होता रहता है। जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।

# पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते संबंधों का भारत पर क्या असर पड़ेगा

**अशोक भाटिया**

1971 के बाद पहली बार पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सीधा व्यापार शुरू हुआ है। इस नए व्यापारिक संबंध के तहत, पहली बार पाकिस्तान का एक जहाज सरकारी माल लेकर बांग्लादेश के खेप पोर्ट कासिम से बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ। फरवरी की शुरुआत में, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के माध्यम से 50 हजार टन पाकिस्तानी चावल खरीदने का निर्णय लिया।सूत्रो के मुताबिक पहली बार सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तानी जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर उतरेगा। इस चावल आयात को दो फेज में पहुंचाया जाएगा। पहली खेप में 25 हजार टन चावल भेजा जाएगा और दूसरी फेज में भी 25 हजार टन ही चावल भेजा जाएगा। इन दो खेप को मिलाकर कुल 50 हजार टन चावल` का आयात किया जाएगा।वर्तमान में बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार सत्ता में है। यूनुस के सत्ता में आने के बाद से ही बांग्लादेश पाकिस्तान से नजदीकियां बढाए जा रहा है। दोनों देश न केवल व्यापारिक बल्कि सैन्य सहयोग भी बढ़ाने में जुटे हैं।इसी के मद्देनज़र विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश को लेकर शनिवार को एक इवेंट के दौरान एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को तय करना होगा कि वह भारत के साथ कैसा रिश्ता चाहते है? जयशंकर ने बांग्लादेश के हालिया रवैये को लेकर कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि एक तरफ आप कहें कि अच्छे संबंध चाहते हैं, दूसरी ओर हर बात के लिए हमें जिम्मेदार ठहराएं। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ संदेश दिया है कि हम पड़ोसी से अच्छे संबंध चाहते हैं, लेकिन यह अप्रोच दोतरफा होनी चाहिए।दरअसल, युनूस प्रशासन के आने के बाद बांग्लादेश से भारत के संबंधों में तेजी से बदलाव आया है। शेख हसीना के प्रत्यर्पण से लेकर बॉर्डर पर फेंसिंग के मसले तक बांग्लादेश और भारत असहज डिप्लोमेसी में उलझे हैं। दिक्कत सिर्फ इतनी भर नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि अब पाकिस्तान धीरे-धीरे बांग्लादेश के करीब आने की कोशिश कर रहा है, जो कि उसकी दीर्घकालीन विदेश नीति से अलग पोजिशन है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने भले ही यह कहा हो कि ऐसी गतिविधियों पर नजर बनी हुई है, लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तान जिस तेजी के साथ एक-दूसरे के साथ राजनयिक लेवल पर इंगेज हो रहे हैं, यह भारत के लिए नई सिरदर्दी साबित हो सकता है। पाकिस्तान के खुफिया विभाग आई एस आई के डायरेक्टर जनरल ऑफ एनालिसिस मेजर जनरल शाहिद आमिर अफसर की बांग्लादेश यात्रा या पाकिस्तान के एक्सरसाइज अमान में बांग्लादेशी नेवी वॉरशिप का शामिल होना, दोनों देशों के बीच काफी तेजी से बढ़ रही नजदीकी गतिविधियां दिखाता है।पाकिस्तान और बांग्लादेश की नजदीकी से भारत के पूर्वोत्तर हिस्सों में चरमपंथी गतिविधियों को लेकर भारत के लिए सुरक्षा चिंताएं पैदा होना स्वाभाविक है। एक खतरा आतंकवाद को लेकर है, जिसकी ओर जयशंकर ने इशारा भी किया है।अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार राजीव डोगरा कहते हैं कि बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों को जिस तरह का प्रोत्साहन हाल के वक्त में दिखा है, अगर उसे रोका नहीं गया तो यह यहीं थमने वाला नहीं है। इन तत्वों का फैलाव पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, इराक तक भी पहुंच जाएगा। अगर इसी तरह चरमपंथियों को छूट मिलती रही तो इसका असर दूसरे देशों पर पड़ने का डर है।पड़ोसी देश बांग्लादेश में मस्क के स्टारलिंक के आने की चर्चाए जोरों पर हैं। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार युनूस ने मस्क से इस सर्विस को जल्द लॉन्च करने की इच्छा जताई है। भारत में यह सेवा अभी शुरू नहीं हो पाई है, सरकार की ओर से कुछ दिन पहले कहा गया था कि कंपनी को पहले सुरक्षा संबंधित मानकों पर खरा उतरना होगा। ऐसे में अगर बांग्लादेश में यह सर्विस लॉन्च हो जाती है तो सुरक्षा संबंधित चिंताओं से बेफिक्र नहीं हुआ जा सकता है।गौरतलब है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नई दिल्ली और ढाका के बीच रिश्तों में खटास बढ़ती जा रही है। मोहम्मद यूनुस के आते ही हजारों हिंदुओं को हिंसा का सामना करना पड़ा, जिससे हालात और बिगड़ गए। अब बांग्लादेश उस देश से नजदीकी बढ़ा रहा है, जिसे भारत में दुश्मन की नजरों से देखा जाता है। हाल की घटनाओं से जाना जा सकता है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान धीरे-धीरे करीब आ रहे हैं। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के साथ सीधी फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की।एक्सप्रेस ट्रिब्यूनके अनुसार, मोहम्मद इकबाल हुसैन ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच गहरे और ऐतिहासिक संबंधों पर जोर दिया तथा यात्रा और संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से पर्यटन, शिक्षा और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। हालांकि, सीधी उड़ानों के लिए कोई समयसीमा घोषित नहीं की गई। बांग्लादेश में, शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हाल में बांग्लादेश के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने पाकिस्तान का दौरा किया था और रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी।पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच बढ़ती भागीदारी अब भारत के क्षेत्रीय प्रभाव के लिए एक चुनौती पेश करती है। आईएसआई प्रतिनिधिमंडल के ढाका पहुंचने से कुछ ही दिन पहले, सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन के नेतृत्व में एक बांग्लादेशी सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने 13 से 18 जनवरी तक रावलपिंडी पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान का केंद्र का दौरा किया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ अपने बढ़ते संबंधों को क्षेत्र में एक रणनीतिक संतुलन के रूप में देखता है। जो भारत के निगाह से ठीक नहीं है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले ही पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं इससे पहले, पाकिस्तानी माल को श्रीलंका, सिंगापुर या मलेशिया में तीसरे पक्ष के बंदरगाहों के माध्यम से भेजा जाता था, जिससे रसद में देरी होती थी और लागत बढ़ जाती थी। सितंबर 2024 में एक और बड़ा कदम उठाया गया जब बांग्लादेश ने व्यापार दक्षता पर इसके नकारात्मक प्रभाव का हवाला देते हुए पाकिस्तान से आयातित वस्तुओं के 100 प्रतिशत अनिवार्य भौतिक निरीक्षण को समाप्त कर दिया। ये उपाय दोनों पक्षों की ओर से वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ाने के लिए एक मजबूत इरादे का संकेत देते हैं, जो परंपरागत रूप से मामूली रहे हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर, दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच बातचीत अक्सर और उद्देश्यपूर्ण रही है।पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने दो उल्लेखनीय अवसरों पर मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात की। पहली बार सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में और फिर दिसंबर में काहिरा में डी-8 शिखर सम्मेलन के दौरान। दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और डेंगू संकट से निपटने के लिए रणनीतियों का विस्तार करने पर जोर दिया, जो दोनों देशों में एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय रहा है। यूनुस ने 1971 के युद्ध से उपजे लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया, इस बात पर जोर देते हुए कि उन्हें ÷भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बार और हमेशा के लिए÷ निपटाने की जरूरत है। जवाब में शहबाज शरीफ ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान इन ऐतिहासिक विवादों को सुलझाने के तरीके तलाशेगा। 1971 के क्रूर मुक्ति संग्राम के बाद से ऐतिहासिक रूप से अलग-थलग पड़े दोनों राष्ट्र - जिसमें पाकिस्तानी सेना पर लगभग तीन मिलियन लोगों के नरसंहार और 2,00,000 बंगाली महिलाओं का उल्लंघन करने का आरोप है। लेकिन अब वहां से मेल-मिलाप के संकेत मिल रहे हैं। भारत के नजरिए से, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच नई गर्मजोशी चिंता का विषय है। बता दें कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में अब तक भारत का सबसे करीबी सहयोगी रहा है, जिसके साथ गहरे आर्थिक संबंध हैं। इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और क्षेत्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से इसकी निकटता को देखते हुए, उग्रवाद को नियंत्रित करने में बांग्लादेश का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। 1990 और 2000 के दशक के दौरान, कई भारत विरोधी आतंकवादी समूहों को बांग्लादेश में पनाह मिली, उन्होंने हथियारों की तस्करी और विद्रोहियों की भर्ती के लिए इसकी 4,000 किलोमीटर लंबी सीमा का इस्तेमाल किया। शेख हसीना की सरकार ने इन तत्वों पर काफी नकेल कसी थी, जिससे भारत का विश्वास अर्जित हुआ और द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए। हसीना के नेतृत्व में, बांग्लादेश और भारत ने 2014 के समुद्री सीमा समझौते और 2015 के भूमि सीमा समझौते सहित प्रमुख विवादों को भी सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया। बांग्लादेश के अधिक स्वतंत्र विदेश नीति की ओर बढ़ने की संभावना - जिसमें पाकिस्तान के साथ संबंधों को फिर से प्रज्वलित करना शामिल है। अगले महीने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की ढाका की अपेक्षित यात्रा है, जो कि 2012 के बाद पहली बार होने जा रही है। ये यात्रा भारत के लिए असहजता खड़ी कर सकती है। हालांकि, बदलते कूटनीतिक ज्वार के बावजूद, बांग्लादेश व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग के लिए भारत पर बहुत अधिक निर्भर है। अपनी वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक नाजुकता को देखते हुए, बांग्लादेश भारत को पूरी तरह से अलग-थलग करने का जोखिम नहीं उठाएगा। बांग्लादेश की नई सरकार का पाकिस्तान के प्रति पहले की तमाम सरकारों से बिल्कुल ही अलग दिख रहा है। यही वजह है कि दोनों देशों की सेनाएं लगातार एक दूसरे के साथ बैठक कर अपने संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। इसी कड़ी में कुछ दिन पहले बांग्लादेश की सेना के वरिष्ठ अधिकारी पाकिस्तान के रावलपिंडी गए थे। इसके बाद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढूस्ढ़ के कई बड़े अधिकारी बीते दिनों ढाका आए थे। इस दौरे में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने बांग्लादेशी सेना के वरिष्ठ अधिकारी से बात की

## सरोकार

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे. जो प्रातः स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती । नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् संनिधि कुरु॥' का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है- हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां माँ की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है।कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या तदा योगः कुम्भाख्यस्तीर्थनायके ।। अर्थात जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं–मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाडे का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है।कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट् हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। । महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और वैश्विक भाईचारे का प्रतीक भी है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को साकार करता है, जहाँ जाति, धर्म और वर्ग से परे सभी श्रद्धालु एक समान होते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। कुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और जीवन-दर्शन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलती है। विदेशी पर्यटक यहां भारतीय परंपराओं को समझने और आत्मसात करने आते हैं।कुंभ मेला भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह केवल पवित्र स्नान का पर्व नहीं, बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने, आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर भी है। भारत की सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का परिचायक बना रहेगा।**लेखक केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं**

## समसामायिक

# अब सीबीआई पिंजरे का तोता नहीं

उप राष्ट्रपति धनखड़ जी ने भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सम्बोधन करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि कार्यपालिका की नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका को कैसे हम शामिल कर सकते हैं।उनके तर्क के अनुसार लोकतंत्र में राष्ट्र के तीनों निकायों में शक्ति के विभाजन के अनुसार सीबीआई के डायरेक्टर के चयन में प्रधान न्यायधीश का क्या काम। उनके अनुसार कार्यपालिका (सरकार) के कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार का हस्तकछेप चाहे वह विधायिका से हो अथवा न्यायपालिका से हो संविधान तथा लोकतंत्र के उसूलों के विरुद्ध है। धनखड़ जी खुद अदालतों मे वकालत कर चुके हैं।हालांकि वे सफल वकील नहीं रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन केवल संसद का अधिकार है। एक अनजाने महा न्यायवादी की किताब का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मेरी समझ से तो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों पर बहस की जरूरत हैं।जगदीप धनखड़ जी संवैधानिक पद के नंबर दोयम पर आसीन हैं। परंतु वे उच्च सदन के सभापति भी हैं। अब वे सांविधानिक रूप से नंबर दो पर होने के बाद राष्टीय विधायिका के सभापति भी हैं।मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यदि सांविधानिक पद पर हैं तब, उन्हें विधायिका और उससे जन्मे व्यवस्थापक से बिल्कुल समान दूरी बना कर रखनी चाहिए। राज्यसभा में बैठक का संचालन करते हुए उनके व्यवहार और फैसलों को समझा जा सकता है कि वे कितने न्यायप्रिय हैं। विपक्ष के सांसदों ने अनेकानेक बार उन पर न्याय नहीं नहीं करने का आरोप लगाया हैं।सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार यह सुनना पड़ा था कि वह सरकारी तोता है। जिसका इशारा था कि सीबीआई की जांच सरकार के समर्थन में ही होती हैं।वह न्याय पूर्ण नहीं होती हैं। क्यूंकि अधिकतर सरकार अपने किसी स्वामिभक्त अफसर को इस पद पर नियुक्त करती थी। सुप्रीम कोर्ट की फटकार से केंद्र सरकार ने सीबीआई मुखिया की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के प्रधान को भी शामिल किया। जिसका अर्थ यह था कि कम से कम अब सीबीआई को पिंजरे का तोता सुप्रीम कोर्ट नहीं कह सकेगी।लेकिन मोदी सरकार के समय जिस प्रकार जांच एजेंसियों ने सत्ता विरोधियों को निशाना बनाने का काम किया है, उसके बाद ही सत्तारूद दल को वाशिंग मशीन की उपाधि मिल गई है। अब सरकार सीबीआई से ज्यादा इ डी की जांच को प्रमुखता से अवसर दे रही हैं। मोदी सरकार के काल मे यह मुहावरा बन गया हैं की अगर आप गैर भाजपाई है तो आपको धरमराज बन के रहना होगा।वरना आप एंडी टीवी कर प्रणव रॉय और राधिका रॉय की भांति बेगुनाह होते हुए भी सरकारी जांच एजेंसी इतना परेशान करेगी कि आपको देश छोडना पड़ेगा।यह बात और है कि आठ माह बाद वही जांच एजेंसी अदालत में बयान देती है कि रॉय दंपति के विरुद्ध कोई अपराध किया जाना नहीं पाया गया। कुछ ऐसा ही झूठ टूजी घोटाले के बारे में विनोद राय ने भी देश से बोल था। जिसको आरएसएस और बीजेपी ने प्रचारित करके तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम किया। फलस्वरूप चुनावों में काँग्रेस की पराजय हुई।उप महामहिम जी को यह समझना होगा कि सरकार बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण लोकतंत्र को कायम रखना हैं और उसके लिए सत्तारूढ़ पार्टी के अनीतिक और अवैध फैसलों को रोकने टोकने वाला अफसर चाहिए।न कि कारसेवको पर गोली चलवाने वाला मुख्य सचिव जो बाद में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का जिम्मा निभा रहा हैं। इन्हीं कारणों से जांच एजेंसियों के मुखिया की रीढ़ इतनी मजबूत होनी चाहिए कि वह प्रधानमंत्री को भी गलत काम के लिए न कह सके।




## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बड़ो से नई बात आप सीखेंगे। |
| वृष | आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढानें के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से अच्छी सलाह मिलेगी। |
| मिथुन | आज नए कार्यो करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। |
| कर्क | आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लगन और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। |
| सिंह | आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गो के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। |
| कन्या | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरुरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यो में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी । |
| मकर | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यो में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे। |
| कुम्भ | आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढेगा। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी। |

# एक राज्य एक ग्रामीण बैंक की हो स्थापना - चौन सिंह रावत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक सेवा निवृत्त कार्मिक समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष डीपी सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया रीजनल बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन (अरेबिया) के कर्नाटक राज्य के बेल्लारी जिले में त्रैवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश राज्य में कार्यरत तीन बैंकों बड़ौदा यूपी बैंक,आर्यावर्त बैंक एवं प्रथमा बैंकों में कार्यरत कार्मिक सेवानिवृत्त संगठनों के पदाधिकारियों में से यन एफआरआरबीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौन सिंह रावत एवं सहायक महासचिव यशवीर सिंह,यनएफ आरआरआरबीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह,यनएफआरआर बीई के उप महासचिव शिवकरण द्विवेदी,सहायक महासचिव आनंद तिवारी, यनएफआरआरआरबीएस के उप महासचिव पीके श्रीवास्तव ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद दुबे चयनित हुये हैं। अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में शगुन शुक्ला के मनोनयन पर आर्यावर्त की क्षेत्रीय समिति लखनऊ एवं बाराबंकी यूनिट द्वारा पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम जलसा रिसॉर्ट में रविवार को आयोजित किया। मंच का संचालन पीके चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरानस विमल शुक्ल, एलके सिंह, यनके मिश्रा,आरपी सिंह,केके सिंह, एसपी शुक्ला,आनंद स्वरूप,विंदा प्रसाद व राजेश खत्री ने संबोधन में कार्मिक समस्याओं के साथ ही साथ चयनित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चौन सिंह रावत ने भारत सरकार से एक राज्य एक ग्रामीण बैंक की नीति के तहत शीघ्र स्थापित होने वाले उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का मुख्यालय लखनऊ में बनाये जाने की मांग प्रदेश की 22 करोड़ जनता के हित में किया है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश की तीनों ग्रामीण बैंक बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यवर्त बैंक, प्रथमा बैंक का आसन्न समामेलन में उत्तर प्रदेश में 4200 शाखायें होगी। 2 लाख करोड़ रूपये के व्यवसाय के साथ 6000 करोड़ रुपए का अर्जित लाभ होगा। अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता शगुन शुक्ला ने सभा में भविष्य में संगठन की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिवकरण द्विवेदी, पीके श्रीवास्तव,आनंद दुबे,आनंद तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। सभा का समापन महेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

## अपहरण,दुष्कर्म मामले में वांछित गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा पुलिस द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कुण्डा के थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्री निर्मल कुमार मय हमराह का0 गोपाल सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त अफशेर अली पुत्र अकबर अली निवासी ग्राम शेखपुर आशिक थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र कुण्डा के करेंटी बाइपास के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुण्डा में धारा 376, 504, 506 भादवि व 3ध्4 पाक्सो एक्ट पंजीकृत है।

# फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों का दिखा हुनर

● कोई छात्रा बनी झांसी की रानी तो कोई बनी डाक्टर




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में सोल्लास भाग लेकर अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रायः सभी बच्चे सांस्कृतिक कपड़ों में सज-धजकर आज स्कूल आए थे। इनमें कुछ बच्चे झांसी की रानी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद का डेऊस पहनकर उनकी भूमिका निभा रहे थे तो कुछ पुलिस, वकील, डाक्टर का ड्रेस पहनकर लोगों को संदेश दे रहे थे।

पीजी की छात्रा हरे गुब्बारों से सज-धजकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संदेश दे रही थी। इसे द्वितीय पुरस्कार मिला।

झांसी की रानी की भूमिका क्लास-दो की छात्रा अल्फिया ने प्रथम पुरस्कार व डाक्टर की भूमिका निभाने वाली कक्षा-4 की सृष्टि ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त कियां। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रियांशी पाण्डेय, ममता, स्वेच्छा, सौम्या, विभा, सोनाली व उमेश ने बच्चों के ड्रेसोघ् में सहयोग किया। स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि सभी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार पाने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पत्रकार शाश्वत शुक्ला को प्रयागराज में किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हिंदी दैनिक लोकमित्र अखबार के पत्रकार भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के बिहार उपाध्यक्ष शाश्वत शुक्ला( राज) को रविवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के 25 वे राष्ट्रीय महाधिवेशन पर रजत जयंती समारोह सम्मान समारोह में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष ने पुरस्कार देकर प्रयागराज में सम्मानित किया। उज्वल भविष्य की कामना के साथ ही अपने कार्यो को पूरे ईमानदारी के साथ संगठन में कार्य करने को कहा । शाश्वत शुक्ला ने कहा कि मैं अपने कार्यो को हमेशा निस्वार्थ भाव से करूंगा और संगठन को हमेशा ऊंचाइयों की ओर ले जाने की पूरी कोशिश करूंगा।

# स्व.रमेश मौर्य निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकार व युवाओं के प्रेरणा स्रोत -शिवकुमार तिवारी भगवन

● तहसील सभागार में पूण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** स्वर्गीय रमेश कुमार मौर्य सशक्त व निष्पक्ष लेखनी के पक्षधर तथा युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। उन्होंने अल्प समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया था। वह सौभाग्य विरले लोगों को ही प्राप्त होता है। इसीलिए उनके निधन के 10 वर्ष बाद भी हम सभी लोग उन्हें सम्मान पूर्वक याद कर रहे हैं। उक्त बातें स्व.रमेश मौर्य की 11वीं पूण्य तिथि के अवसर पर तहसील सभागार में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि व कुंडा व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने संबोधन में व्यक्त कर रहे थे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक डॉ.विजय यादव ने स्वर्गीय रमेश मौर्य के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले युवा पत्रकारों को चाहिए कि वह सफल पत्रकार बनने के लिए रमेश जी के बनाए आदर्शों पर चलकर ही सफल निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकार बन सकते हैं। तहसील अध्यक्ष रूपेंद्र शुक्ला ने अध्यक्षता करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वर्गीय रमेश मौर्य के पिताश्री शिव शंकर मौर्य को अंगवस्त्र वा माला फूल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संगठन के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया,तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी, तहसीलदार कार्यालय लिपिक रेनू, सप्लाई इंस्पेक्टर कुंडा,महामंत्री दयाशंकर मिश्र, पूर्व अध्यक्ष शीतल प्रसाद केसरवानी, सभासद जुबैर अहमद, पूर्व महामंत्री अजय यादव ने वीर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संबोधित किया। इस मौके पर शाश्वत शुक्ला राज,देवी शरण संगम मिश्रा संगम, रविंद्र दुबे, रंजीत कुमार मौर्य, संदीप कुमार मौर्य, रवि मोदनवाल, मनोज पटेल , राजेंद्र यादव, अधिवक्ता पुष्पेश पांडेय, अधिवक्ता प्रदीप कुमार,समेत संगठन के सभी पदाधिकारी, पत्रकार, अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फिल्म अभिनेता के पुत्र ने किया कुंभ स्नान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा प्रतापगढ़।** हिंदी तथा भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता रहे स्वर्गीय राम सिंह के पुत्र राकेश सिंह ने अपने भाई राज सिंह के साथ तीर्थराज प्रयाग में कुंभ स्नान किया । इस मौके पर फिल्म अभिनेता के पुत्र राकेश सिंह ने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में 144 वर्षो बाद लगे इस महाकुंभ में स्नान करना सौभाग्य की बात ह। देश ही नहीं विदेशों से भी लोग कुंभ की महिमा तथा संगम की आभा देखने के लिए आज प्रयागराज आ रहे हैं । यहां आने वाले दिनों में सनातन संस्कृत के आभामंडल होने की बात कहते है ।उन्होंने अपने भाई राज सिंह के साथ संगम में डुबकी लगाकर लोगों के मंगल कामना की प्रार्थना की । स्नान के बाद वे जनपद के विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ के विजहरा गांव स्थित पैतृक आवास पर आये तथा लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा।

# कुंभ में आपदा मित्र सुरक्षा के साथ ही दे रहे स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

● आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी के नेतृत्व में लोगों ने चलाया गंगा सफाई अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज में आयोजित त्रिवेणी के महाकुंभ को दिव्य,भव्य और हरित कुंभ बनाने में जनपद के आपदा मित्रों ने अमूल्य एवं सराहनीय योगदान दिया है।आपदा मित्रों ने लोगों को आपदा से बचाव, सुरक्षित स्नान के लिए प्रेरित करने के साथ ही स्नानार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।एक ओर जहां कुंभ स्नान में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में आपदा मित्र अहम भूमिका निभा रहे हैं, वहीं संगम नोज पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को पावन नदियां गंगा और यमुना को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। पिछले 20 फरवरी से नियमित रूप से महाकुंभ में आपदा मित्र लाखों लोगों को हरित कुंभ की अवधारणा समझाते हुए धरती को जलवायु परिवर्तन से मुक्ति का संदेश दे रहे हैं।आपदा मित्रों में एक आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी हैं जो पर्यावरण सेना से भी जुड़े हैं और महाकुंभ में लोगों को पौधे और गमले भेंट करके लोगों को धरती को हरित और नदियों को स्वच्छ बनाने का संदेश दे रहे हैं।आपदा मित्र नमन कुमार तिवारी के नेतृत्व में आज फिर संगम नोज और अन्य घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरणीय स्वच्छता और नदियों को स्वच्छता और जलवायु संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया और जनपद का नाम रोशन किया।अभियान के जरिए लोगों को हरित खान-पान और पर्यावरण के अनुकूल हरित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया।नदी के किनारे एकत्रित कचरे को उठाकर घाट की सफाई की गई और लोगों को स्वच्छ,हरित और दिव्य कुंभ का संदेश दिया गया।इस मौके पर दीप नारायण तिवारी, संदीप कुमार,विजय बहादुर, मनीष पांडेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय सातवां शिवाला महोत्सव का शुभारंभ आज

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर क्षेत्र के पूरे ईश्वरनाथ स्थित पौराणिक शिवाला मंदिर पर प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय सातवां शिवाला महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव का शुभारंभ 25 फरवरी से होगा। उक्त जानकारी महोत्सव के आयोजकध् संयोजक परमानंद मिश्र व शिवेश शुक्ल ने देते हुए बताया कि महोत्सव का उद्घाटन जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा किया जाएगा। उक्त अवसर पर एसडीएम सदर शैलेन्द्र वर्मा व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रेम लता सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। महोत्सव की तैयारियां लगभग पूर्ण हों चुकी है। महोत्सव का उद्घाटन भगवान भोलेनाथ के पूजन-अर्चन के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर किया जाएगा। तदुपरांत राज एंग्लो वैदिक विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। महोत्सव के आयोजक परमानंद मिश्र ने क्षेत्रीय लोगों व वार्ड वासियों से अपील किया कि महोत्सव के उद्घाटन के मौके पहुंच कर कार्यक्रम को सफलता के पायदान की ओर ले चलने के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व आयुष्मान कार्ड शिविर का लाभ उठाएं।

## नकदी-जेवरात समेत प्रेमी संग युवती फरार, केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ इलाके के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 17 फरवरी को वह लोग खेत गए थे ,तभी उसकी 22 वर्षीय बेटी को एक युवक बहका-फुसलाकर भगा ले गया। बेटी जाते समय घर में रखे 30 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात आदि उठा ले गई। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसकी बेटी को रायबरेली का युवक भगा कर ले गया है। उसने सम्पर्क करना चाहा तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती पूजन एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ।इसकी प्रस्तुति में एकता तिवारी काजल स्मिता मौनी श्वेता शुभांगी एवं स्नेहा आदि ने अपना सहयोग दिया ।इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का वाचन सभी स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।इसी क्रम में सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रमाधिकारी डॉ.शैलेश कुमार पाण्डेय, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ. रेखा मिश्रा एवं डॉ प्रमथेश पांडे द्वारा किया गया। सात दिवसीय विशेष कैम्प कार्यक्रम की एक संक्षिप्त रूपरेखा कार्यक्रमाधिकारी डॉ. रेखा मिश्रा एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा प्रस्तुत की गई,

जिसमें ग्रामीण परिवेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महाकुंभ से समृद्ध संस्कृति एवं महिला सशक्तीकरण के अपने सात दिवसीय मिशन पर बल देते हुए छात्रों में उक्त गुणों के विकास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविन्द मिश्र ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा राष्ट्र सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती ।आप जो भी काम करें पूरी ईमानदारी एवं तल्लीनता के साथ करें। इसके साथ उन्होंने अपने एनएसएस के दौर को याद किया और स्वयं सेवियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. रजवंत सिंह, प्रो.राजीव मालवीय प्रो प्रदीप कुमार सिंह प्रो मायाशंकर ,प्रो अरविन्द कुमार मिश्र,दीप्ति पांडेय, डॉ प्रीति मिश्रा डॉ विक्रांत पटेल एवं योगाचार्य अजय मिश्र एवं एनएसएस के सहयोगी परिचर शिवशंकर,देवी प्रसाद, अनुराग, विजय पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**देल्हूपुर प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी देल्हूपुर ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जुलूस आयोजकों, ग्राम प्रधान, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक किया। साथ ही संवाद करके उन्हें शासन द्वारा निर्गत निर्धारित गाइडलाइंस के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

## आज बाबा घुइसरनाथ धाम आयेंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को सायं छः बजे बाबा घुइसरनाथ धाम आयेंगे। वह सायं छः बजे यहां एकता महोत्सव के प्रथम दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अगले दिन महाशिवरात्रि को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी प्रातः साढ़े नौ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में सदभावना सभा को संबोधित करेंगे। रात्रि आठ बजे वह बाबा धाम में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे

अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में हथिगवां प्रभारी निरीक्षक श्री नन्दलाल सिंह मय हमराह का0 अनिल यादव, का0 संदीप कुमार व कां0 अमित कुमार द्वारा

देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त जय सिंह पटेल उर्फ उदय सिंह पुत्र दूधनाथ पटेल निवासी ग्राम कल्यानगढ़ मजरे बरना थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को थाना हथिगवां क्षेत्रांतर्गत बरौधा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना हथिगवां में मु0अ0सं0 32ध्25 धारा-115(2), 352, 351(3),109 बीएनएस व धारा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)टं, 3(2)ट एससीध्एसटी एक्ट पंजीकृत है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय क समक्ष पेश किया जा रहा है।

## मधुमक्खी के हमले से वृद्ध घायल

**पट्टी प्रतापगढ़।** मधुमक्खी के हमले से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे देवजानी गांव निवासी हॉकिम अली उम्र 65 वर्ष सोमवार को दिन में करीब डेढ़ बजे खेत में काम करने जा रहा था। इस दौरान मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चिल्लाने पर लोग दौड़े। किसी तरह से मधुमक्खियो से उसे बचाया और इलाज के लिए सीएससी पट्टी लाकर भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# पुलिस ने 3 गैगस्टर अभियुक्तों को किया गिरफतार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा,प्रतापगढ़।** हल्का दरोगा व बीट आरक्षी के सर्तकता से 03 गैंगस्टर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना कन्धई के उ0नि0 भूपेशनाथ सिंह व आरक्षी पिन्टू चौहान को प्रशस्ति- पत्र, नगद पुरस्कार तथा चरित्र पंजीका में उत्तम प्रविष्टि हेतु दिये गये निर्देश।गिरफ्तार गैंगस्टर अभियुक्त गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम व गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन अपराध में संलिप्त हैं। थाना कन्धई के बहादुर उ0नि0 श्री भूपेश नाथ सिंह व आरक्षी पिन्टू चौहान के सहयोग से आज दिनांक 24.02.2024 को थाना कन्धई पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 38ध्25 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना कन्धई में 03 वांछित अभियुक्तों गैंग लीडर 1. सफीक अहमद पुत्र अमानतुल्लाह व गैंग सदस्य 2.मो0 अब्दुल्ला पुत्र मुजफ्फर हुसैन नि0गण सरसीखाम थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ 3. मोहिद पुत्र मुश्तकीम निवासी ग्राम सरसीडीह थाना कन्धई प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कन्धई के सरसीखाम जाने वाले रास्ते पर बनी पुलिया व कोनी बाजार नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# विद्यालय द्वारा विद्यार्थी के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** विदित हो कि शिवम सिंह, साधुरी शिरोमणि इंटर कॉलेज में क्लास 12th का छात्र था, जो कल विद्यालय में अपना इंटर का एडमिट कार्ड लेने के लिए गया था। वहां पर विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों द्वारा उसे मानसिक प्रताड़ना दी जाती है। साथ ही उससे यह कहा जाता है कि फीस जमा न होने के चलते तुम्हें एडमिट कार्ड नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए विद्यालय से बाहर निकाल दिया जाता है।यह घटना उसके मन में इतना बैठ गई कि उसने घर आकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को हुई तब प्रदेश सह मंत्री सुधांशु रंजन मिश्रा के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव किया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से उनसे यह मांग किया कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए समिति गठित की जाए और उसमें विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाए। साथ ही विद्यालय की मान्यता हरण की जाय।इस मौके पर जिला संयोजक शुभम मिश्रा ने कहा कि ऐसा आमानवीय व्यवहार करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कड़ी करवाई कार्यवाही की जानी चाहिए, जो चंद पैसों के लिए विद्यार्थी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। ऐसे विद्यालयों की जांच करके उनकी मान्यता हरण करनी चाहिए। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवांश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा का बाजारीकरण इस प्रकार से जिले में देखने को मिल रहा है कि विद्यार्थी को उसके साल भर की मेहनत को जब दिखाने का अवसर मिलता है तो विद्यालय द्वारा छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# फीस जमा न होने पर नहीं मिला प्रवेश पत्र, छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**जेठवारा प्रतापगढ़।** आज सोमवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए रविवार को दोपहर छात्र प्रवेश पत्र लेने गया था। वहां पर फीस जमा न होने के कारण प्रवेश पत्र नहीं मिला। इससे वह निराश होकर लौट आया। उसने देर रात्रि में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि जेठवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनसारी स्थित साधुरी शिरोमणि इंटर कॉलेज में 12 वीं का शिवम सिंह 12वीं का छात्र था।जेठवारा एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच की जा रही है।समाज के निर्माता कहे जाने वाले स्कूल संचालकों के कठोर निर्णय ने आखिरकार एक छात्र को अपनी जीवन लीला समाप्त करनी पड़ी। क्या जिले के डीएम स्कूल की मान्यता रद्द करेंगे।

सवाल यह भी है कि जब किसी छात्र को फीस की वजह से परीक्षा देने से वंचित नहीं किया जा सकता है तो विद्यालय प्रबंधन सरकारी नियम के विपरित जाने की जुर्रत कैसे कर रहे हैं। इससे तो यह स्पष्ट है कि विद्यालय की व्यवस्था अब समाज निर्माण की न होकर सिर्फ पैसे बटोरने पर लगी है। इसके चलते बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ देने की घटना तो सुनी जाती रही लेकिन अब छात्र के आत्म हत्या करने की खबर इस सभ्य समाज के लिए है एक सवाल है।

# पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रखहा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कन्धई के उ0नि0 मिथिलेश चौरसिया मय हमराह उ0नि0 रविन्द्र नारायण, का0 साजन पटेल, चालक का0 लोकेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र्धतलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, एसटी सं0- 438ध्2018,केस सं0 80ध्2018 धारा 323ध्504 भादवि व 3 (1) ग् एससीध्एसटी एक्ट सम्बन्धित न्यायालय सीजेएम प्रतापगढ़ से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों 1. देवेन्द्रमणि पाण्डेय पुत्र बृजकिशोर पाण्डेय, 2. धर्मेन्द्र शुक्ल पुत्र रामसेवक निवासीगण बोझी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में 94963 छात्र-छात्राओं हुये सम्मिलित, 7499 रहे अनुपस्थित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2025 जनपद के 200 परीक्षा केन्द्रों में आज से प्रारम्भ हुई जिसमें प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी विषय व इण्टरमीडिएट सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई आयोजित हुई। हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में नामांकित कुल 51979 (छात्र 27140 व छात्रायें 24938) विद्यार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें 47985 (छात्र 24575 व छात्रायें 23410) विद्यार्थी सम्मिलित हुये। इस प्रकार हाईस्कूल की हिन्दी परीक्षा में 3994 (छात्र 2565 व छात्रायें 1429) अनुपस्थित पाये गये। इण्टरमीडिएट के सैन्य विज्ञान विषय की परीक्षा में नामांकित कुल 20 (छात्र 05, छात्रायें 15) विद्यार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें 19 (छात्र 04 व छात्रायें 15) विद्यार्थी सम्मिलित हुये। इस प्रकार इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान परीक्षा में 01 छात्र अनुपस्थित पाया गया।इसी प्रकार द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गयी। इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा में नामांकित कुल 50463 (छात्र 26083 व छात्रायें 24380) विद्यार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें 46959 (छात्र 23657 व छात्रायें 23302) विद्यार्थी सम्मिलित हुये। इस प्रकार इण्टरमीडिएट की हिन्दी परीक्षा में 3504 (छात्र 2426 व छात्रायें 1078) अनुपस्थित पाये गये। इस प्रकार से प्रथम एवं द्वितीय पाली की बोर्ड परीक्षा में 94963 छात्र-छात्रायें सम्मिलित हुये एवं 7499 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित पाये गये।

प्रथम पाली में आयोजित हाईस्कूल हिन्दी केवल प्रश्नपत्र की परीक्षा में परीक्षा केन्द्र शिवकुमारी दुबे इण्टर कालेज नौडेरा पर हाईस्कूल परीक्षार्थी अनुक्रमांक 1251425368 प्रियंका विद्यालय का नाम मो0 अमीन इण्टर कालेज नौडेरा सुवंसा के स्थान पर प्राची बिन्द निवासी ग्रा0 सुखराज का पुरवा नौडेरा परीक्षा देते हुए पकड़ी गयी।

बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का जोनल मजिस्टेªट, सेक्टर मजिस्टेªट व सचल दल द्वारा निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य है कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 200 स्टैटिक मजिस्टेªट, 200 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 08 सचल दल नियुक्त किये गये है। हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा दिनांक 24 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2025 तक संचालित होगी, प्रथम पाली पूर्वाहन 8:30 से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित की जा रही है।


# शैलसा हैंडीक्राफ्ट प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड

11/5 पीडब्लूडी कॉलोनी दूरभाष नगर रायबरेली

**निविदा/कोटेशन सूचना**

कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्रमंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के स्वीकृत आदेश संख्या–14011/16/2023–24–CC(CR)/F–Publicity/Gen-4 दिनांक 20–09–2024 के अनुपालन में PUBLICITY and brand pramotion के लिए, जिसका विवरण निम्न है प्रकाशन तिथि से 10 दिन के अंदर कोटेशन आमंत्रित की जाती है, कोटेशन शैलसा हैंडीक्राफ्ट प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड कार्यालय 11/5 पीडब्लूडी कॉलोनी दूरभाष नगर रायबरेली को डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा करें

| क्र0 | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | Websidedevelopment,logodevelopment, product tagging, and bar coding, e- catalogue, packaging | 1 &12 month |
| 2 | Advertising and publicity | 12 month |
| 3 | Business development and marketing, selling of product | 12 month |
| 4 | Display of relevant , information about cluster, craft processes, craft person and their stories, craft products etc. | 12 month |
| 5 | Information service and support to potential customers | 12 month |
| 6 | To improve interaction with current and potential customers | 12 month |

**डॉ. बबिता सिंह**
डायरेक्टर
शैलसा हैंडीक्राफ्ट
प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

पत्रांक :650/26एम/ई–टेण्डरिंग/2025 दिनांक : 18.02.2025

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. के सक्षम (ए,बी,सी,डी,) श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित कार्य की निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र.स. | जिला | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधानसभा–पट्टी के अन्तर्गत सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य | | | | |
| 1 | प्रतापगढ़ | उडडैयाडीह गजरिया वीरापुर मार्ग | 24.12 | 2.41 | 944.00 | 2 माह |
| 2 | प्रतापगढ़ | रानीगंज पटटी से कटार संपर्क मार्ग | 12.10 | 1.21 | 944.00 | 2 माह |
| 3 | प्रतापगढ़ | नेवाजी का पुरवा से नौतोरवा संपर्क मार्ग | 2.20 | 0.22 | 944.00 | 2 माह |
| 4 | प्रतापगढ़ | अमसौना संपर्क मार्ग | 2.02 | 0.20 | 944.00 | 2 माह |
| 5 | प्रतापगढ़ | नोही से ढिंढुई सम्पर्क मार्ग | 15.85 | 1.59 | 944.00 | 2 माह |
| 6 | प्रतापगढ़ | दफरा सेतापुर सम्पर्क मार्ग | 15.95 | 1.60 | 944.00 | 2 माह |
| 7 | प्रतापगढ़ | पर्वतपुर सुलेमानपुर सम्पर्क मार्ग | 15.95 | 1.60 | 944.00 | 2 माह |
| 8 | प्रतापगढ़ | सूरवारपुर सम्पर्क मार्ग | 10.55 | 1.06 | 944.00 | 2 माह |
| 9 | प्रतापगढ़ | बैजलपुर इण्टर कालेज से धरौली रजवहा सम्पर्क मार्ग | 8.00 | 0.80 | 944.00 | 2 माह |
| 10 | प्रतापगढ़ | अमरगढ़ बैजलपुर किमी0–3,4,5(100) मार्ग | 16.75 | 1.68 | 944.00 | 2 माह |
| 11 | प्रतापगढ़ | पर्वतपुर नहर से हरही पट्टी सम्पर्क मार्ग | 9.60 | 0.96 | 944.00 | 2 माह |
| 12 | प्रतापगढ़ | गौरामाफी से भीखमपुर बनपुरवा सम्पर्क मार्ग | 8.00 | 0.80 | 944.00 | 2 माह |
| 13 | प्रतापगढ़ | पूरे दुलम रस्तीपुर सम्पर्क मार्ग | 20.00 | 2.00 | 944.00 | 2 माह |
| 14 | प्रतापगढ़ | मदाफरपुर धरौली बकुलाही मार्ग | 8.05 | 0.81 | 944.00 | 2 माह |
| 15 | प्रतापगढ़ | दफरा से सेतापुर पुल अमरगढ़ संपर्क मार्ग | 16.00 | 1.60 | 944.00 | 2 माह |
| 16 | प्रतापगढ़ | धरौली नहर से ठकुरान एवं यादव बस्ती संपर्क मार्ग | 8.00 | 0.80 | 944.00 | 2 माह |
| 17 | प्रतापगढ़ | दीवानंगंज बिबियाकरनपुर से मदहेपुर सं0 मार्ग। | 8.05 | 0.81 | 944.00 | 2 माह |
| 18 | प्रतापगढ़ | नारायनपुर मुजाही पक्की रोड से अस्थरा सं0 मार्ग। | 15.10 | 1.51 | 944.00 | 2 माह |
| 19 | प्रतापगढ़ | भिवनी मंगरौरा संपर्क मार्ग | 2.80 | 0.28 | 944.00 | 2 माह |
| 20 | प्रतापगढ़ | मदाफरपुर धरौली–कानूपुर मार्ग। | 10.10 | 1.01 | 944.00 | 2 माह |
| 21 | प्रतापगढ़ | बनी हरिजन बस्ती मार्ग। | 2.40 | 0.24 | 944.00 | 2 माह |
| 22 | प्रतापगढ़ | तारडीह सं0 मार्ग। | 2.00 | 0.20 | 944.00 | 2 माह |

2 निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आन लाइन देखे जा सकते है। लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्याम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

3 निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक 28/02/2025 से 06/03/2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑन लाइन बिड दिनांक 06/03/2025 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 06/03/2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

(ओ0पी0 चौरसिया)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़

www.upgov.nic,in
R.O.No.-229853 Date-24/02/2025


# समस्त सामयिक संग्रह अमीन वेलफेयर एसो. के जिलाध्यक्ष बने अखण्ड प्रताप सिंह



**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** आज सोमवार को दिनेश चन्द्र सामयिक संग्रह अमीन रानीगंज की अध्यक्षता में कचहरी परिसर में जनपद के समस्त सामयिक कर्मचारियो की उपस्थिति में बैठक हुई जिसमें शोभनाथ सिंह सामयिक संग्रह अनुसेवक लालगंज ने संगठन के चुनाव का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से संगठन के निम्न पदाधिकारियो का चयन किया गया। जिसके संरक्षक हरकेश बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष संदीप मिश्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शोभनाथ सिंह, जिलामहामंत्री अनिल कुमार यादव, संयुक्त मंत्री श्याम शंकर शुक्ल, कोषाध्यक्ष हीरालाल, आय व्यय निरीक्षक रामचन्द्र यादव, संगठन सचिव राजकुमार सिंह, संयुक्त सचिव मुन्नालाल, सदस्य सचिव तीरथराज, प्रकाशनमंत्री दुखहरन, मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी हुए।

# अदालत ने भानवी सिंह द्वारा गोपाल जी के खिलाफदायर याचिका किया खारिज

**प्रतापगढ़।** राजा भैया की पत्नी रानी भानवी सिंह द्वारा एमएलसी गोपाल जी सहित अन्य के विरुद्ध आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली में दर्ज कराए गए अभियोग की जांच अदालत के निगरानी में कराए जाने वाली याचिका निचली अदालत के बाद एएसजे की अदालत ने भी खारिज कर दिया।

एएसजे,विशेष न्यायाधीश एमपी,एमएलए मामले नई दिल्ली कावेरी बवेजा की अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि न्यायालय द्वारा निगरानी की जाने वाली जांच महत्वपूर्ण उपाय है, जिसे आम तौर पर तब लागू किया जाता है जब सरकारी उपेक्षा या निरीक्षण की स्पष्ट भावना न प्रतीत होती है। हमें उन स्थितियों के लिए इसके महत्व को बनाए रखना चाहिए। बिना किसी ठोस कारण के ऐसी जांच का सहारा लेना अनजाने में इसकी प्रभाव शीलता को कम कर सकता है। बता दे कि भानवी सिंह इस मामले की जांच न्यायिक निगरानी में किए जाने के लिए याचिका दायर की थी।निचली अदालत के बाद एएसजे विशेष न्यायाधीश एमपी,एमएलए ने सुनवाई के बाद खारिज कर दिया।

## रंजिश में महिला को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली के खेमीपुर गांव निवासी नरेन्द्र कुमार की 27 वर्षीय पत्नी सीमा देवी को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिशन मारपीट करके घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया तथा पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच करके कार्रवाई की बात कह रही है।

# आंगनबाड़ी भर्ती के अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन 27 से

**प्रतापगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया है कि आंगनबाड़ी भर्ती-2024 में आवेदन के उपरान्त पात्र अभ्यर्थियों के अभिलेखों का भौतिक सत्यापन दिनांक 27 फरवरी, 28 फरवरी एवं 01 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से सदर ग्रामीण ब्लाक सभागार में किया जायेगा जिसके लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से दूरभाष के माध्यम से अभ्यर्थियों को सूचित किया जायेगा। पात्र अभ्यर्थी समस्त अभिलेखों की मूल प्रति एवं दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ उपस्थित हो।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे राष्ट्रीय रामायण मेले का शुभारम्भ




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – धर्मनगरी के सीतापुर स्थित परिसर में 52वां राष्ट्रीय रामायण मेला आगामी 26 फरवरी महाशिवरात्रि से शुरू होगा। जिसमें भव्य सांस्कृतिक और प्रभु श्रीराम पर आधारित आयोजन आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेंगें। कार्यक्रम का शुभारम्भ सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगें।सोमवार को राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व महामंत्री डॉ करुणा शंकर द्विवेदी ने पत्रकारो से रूबरू होकर बताया कि 52वां राष्ट्रीय रामायण मेला महाशिवरात्रि से प्रारंभ होगा। यह देश के अग्रणी समारोह में अपना स्थान रखता है। उप्र के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मेले का शुभारंभ करेंगें। मेले के आयोजन के 51 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस बार भव्यता देने के लिए उच्च स्तरीय कलाकार आमंत्रित किए गए हैं। आनंद दृष्टिबोध, रस सचार, भारतीयता एव एकात्मकता के विकास के मूल मंत्र को ध्यान में रखकर मेला में विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध रामायण के अधिकारी, विद्वान, कथा व्यास एवं उच्च स्तरीय सांस्कृतिक दल व कलाकार, संत, मनीषी, महान विभूतियां शिरकत करेगें। रायपुर के पदमश्री भारतीय बंधु की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश दुबे मुम्बई, प्रयागराज की पूर्णिमा के लोकनृत्य, एनके आर्ट एण्ड परफार्मिग आर्ट नई दिल्ली नृत्य गायिका, रामाधीन आर्या, महोबा के लखनलाल यादव, मीना गुना, दशरथ सिंह, जया अरोडा, अजय मिश्रा मुम्बई, ललित मिश्रा, डॉ विनीता सिंह, प्रवीण सिंह आदि अनेक कलाकार समा बांधेंगें। साथ ही हैदराबाद की डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी, विशाखापटनम के डॉ एस शेषारत्नम, कोचांन कां डॉ एनजां देवकां, डॉ राजीव हरि कौशिक गुवाहटी, अरुण पाठक रींवा, रमेशचन्द्र तिवारी खंडवा, कालिका प्रसाद सेमवाल रुद्र प्रयाग, जगलपुर के प्रो त्रिभुवन, पटना के डॉ अनिल सुलभ, भागलपुर की डॉ आशा तिवारी ओझा, डॉ अवधेश शुक्ल वर्द्धा, अल्का पांडेय लखनऊ, डॉ जंग बहादुर पांडेय रांची, डॉ कमलेश थापक चित्रकूट, कथा व्यास विष्णु कुमार तिवारी, पं रामलोचन तिवारी, सीताराम शरण रामायणी, मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल, कृष्णमणि चतुर्वेदी के रामकथा पर आधारित व्याख्यानों से वातावरण भक्तिमय होगा।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री से रामायण मेले में आगमन के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने भरोसा दिया है कि पांच दिवसीय मेले के दौरान आने का प्रयास करेंगें।


## निविदा सूचना

कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के स्वीकृत आदेश संख्या–C-14011/03/(PC)/2023-24-CC(CR)/F/Publicity/SC-4 के अनुपालन में बेब पोर्टल के विकास के लिए प्रदाता/विक्रेता प्रतिनिधि (Publicity and Brand Pramotion- (Glass Craft) के चयन हेतु सम्बन्धित शिल्पकार/राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कार्यान्वयन एजेन्सी हेतु जिसका विवरण निम्न है। प्रकाशन की तिथि से 5 दिन के अन्दर कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निविदा पत्राचार कार्यालय पता–रमा मिश्रा, रूपापुर अफीक की कोठी प्रतापगढ़ उ0प्र0 पिन 230001 को डाक द्वारा प्रेषित करें।

| क्र0 | Expencee Head |
|---|---|
| 1 | **Brand Promotion:** E-Commerce Website Development, Logo Development, Product Tagging and Bar Coding, E Catalogue, Packaging business card etc. |
| 2 | **Advertising and Publicity**: Web Marketing/Publicity shall include activities like leveraging social media platform, emails/mobile marketing, influencer marketing, content creation, collaboration, SEO, Web analytics, digital ads, listing online local directories, listing products on leading e-commerce platform, GST registration. |
| 3 | **Business Development and marketing, selling of product:** Website should primarily built the e-commerce platform to connect buyers to handicraft product for purchasing online and engaging visitor to spend more time with the website by making the content interesting and relevant. The website should act as an easily accessible data centre and a tool towards self-service customer support mechanism seeking opportunities abroad through attractive display of cluster product |
| 4 | Display of relevant information about cluster, crafts process, craft person and their stories, Craft product etc. |
| 5 | **Information service and support to potential customers:** The website must incorporate the customer service and customer support feature to provide technical assistance with products or answer customer's question about their purchase of experience. |
| 6 | **To improve interaction with current and potential customers:** Linkage of social media pages on website, develop interesting and. relevant content to engage visitor to spend more time with website, display of product review and rating from customers, reaching the target market using web tools & analytics. |

डायरेक्टर
आयोजक : अभिराजी ग्लास प्रोड्यूशर कम्पनी लिमिटेड (फिरोजाबाद)
फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश


# दूसरे नाम से परीक्षा देते पकड़ी गई छात्रा

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा क्षेत्र के शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज नौडेरा में सोमवार को प्रथम पाली के हाई स्कूल हिंदी की परीक्षा में दूसरे नाम से परीक्षा देते एक छात्रा पकड़ी गई, जिसकी शिकायत केंद्र व्यवस्थापक ने थाना फतनपुर में की। मोहम्मद आमीन इंटर कॉलेज सुवंशा की एक छात्रा हाई स्कूल में पढ़ती है जो शिव कुमारी दुबे इंटर कॉलेज में हाई स्कूल हिंदी की परीक्षा दूसरे नाम से दे रही है। जांच के दौरान पकड़ी गई।

# जमीनी विवाद में घर में घुसकर पीटा, चार नामजद

**पट्टी प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के खमपुर गांव निवासी अब्दुल रऊफ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी बीते 18 फरवरी की रात 8 बजे के आसपास पीड़ित के घर में घुस कर तथा उसे मारपीट करके घायल कर दिए और पीड़ित का हाथ भी तोड़ दिया। इलाज के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने किफायत उल्ला, आरिफ, सारिफ व अरबाज के विरूद्ध घर में घुसकर मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे राष्ट्रीय रामायण मेले का शुभारम्भ




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - धर्मनगरी के सीतापुर स्थित परिसर में 52वां राष्ट्रीय रामायण मेला आगामी 26 फरवरी महाशिवरात्रि से शुरू होगा। जिसमें भव्य सांस्कृतिक और प्रभु श्रीराम पर आधारित आयोजन आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेंगें। कार्यक्रम का शुभारम्भ सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेगें।सोमवार को राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व महामंत्री डॉ करुणा शंकर द्विवेदी ने पत्रकारो से रूबरू होकर बताया कि 52वां राष्ट्रीय रामायण मेला महाशिवरात्रि से प्रारंभ होगा। यह देश के अग्रणी समारोह में अपना स्थान रखता है। उप्र के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मेले का शुभारंभ करेंगें। मेले के आयोजन के 51 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस बार भव्यता देने के लिए उच्च स्तरीय कलाकार आमंत्रित किए गए हैं। आनंद दृष्टिबोध, रस संचार, भारतीयता एवं एकात्मकता के विकास के मूल मंत्र को ध्यान में रखकर मेला में विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध रामायण के अधिकारी, विद्वान, कथा व्यास एवं उच्च स्तरीय सांस्कृतिक दल व कलाकार, संत, मनीषी, महान विभूतियां शिरकत करेगें। रायपुर के पदमश्री भारतीय बंधु की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश दुबे मुम्बई, प्रयागराज की पूर्णिमा के लोकनृत्य, एनके आर्ट एण्ड परफार्मिंग आर्ट नई दिल्ली नृत्य गायिका, रामाधीन आर्या, महोबा के लखनलाल यादव, मीना गुना, दशरथ सिंह, जया अरोडा, अजय मिश्रा मुम्बई, ललित मिश्रा, डॉ विनीता सिंह, प्रवीण सिंह आदि अनेक कलाकार समा बांधेंगें। साथ ही हैदराबाद की डॉ पुट्टपर्ति नागपदमिनी, विशाखापटनम के डॉ एस शेषारत्नम, कोचीन की डॉ एनजी देवकी, डॉ राजीव हरि कौशिक गुवाहटी, अरुण पाठक रींवा, रमेशचन्द्र तिवारी खंडवा, कालिका प्रसाद सेमवाल रुद्र प्रयाग, जगलपुर के प्रो त्रिभुवन, पटना के डॉ अनिल सुलभ, भागलपुर की डॉ आशा तिवारी ओझा, डॉ अवधेश शुक्ल वर्द्धा, अल्का पांडेय लखनऊ, डॉ जंग बहादुर पांडेय रांची, डॉ कमलेश थापक चित्रकूट, कथा व्यास विष्णु कुमार तिवारी, पं रामलोचन तिवारी, सीताराम शरण रामायणी, मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल, कृष्णमणि चतुर्वेदी के रामकथा पर आधारित व्याख्यानों से वातावरण भक्तिमय होगा।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री से रामायण मेले में आगमन के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने भरोसा दिया है कि पांच दिवसीय मेले के दौरान आने का प्रयास करेगें। कहा कि मेला को भव्य दिव्य बनाने की तैयारियां की गई है। चित्रकूट में राष्ट्रीय रामायण मेला वृहद आयोजन है। इस मौके पर राजाबाबू पांडेय, शिवमंगल प्रसाद मिश्रा, यूसुफ, कलीमुद्दीन बेग, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, धनश्याम अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## दोष सिद्ध होने पर आरोपी को चार वर्ष का कारावास

**चित्रकूट ब्यूरो-** जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली चलाने के आरोपी को दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 7,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।अपर शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती छह अगस्त 2012 को दरसेड़ा गांव के निवासी लसकू ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसके गांव के ही राधे उर्फ राधेराज ने उसके साथ गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली चला दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को अपर जिला जज अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राधे उर्फ राधेराज को चार वर्ष कारावास के साथ 7,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# आईएमए ने पद्मश्री के लिए चयनित होने पर डॉ जैन को किया सम्मानित




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बीके जैन को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री के लिए चुने जाने पर इंडिया मेडिकल एसोसिएशन सतना ने सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ जैन कठोर परिश्रम करने वाले अपने स्टॉफ के लिए कुशल मुखिया है, जो हमेशा ईमानदारी, परिश्रम और अनुशासन की सीख देते है। उन्होंने इस सम्मान के लिए चयनित होकर पूरे जिले के डॉक्टरों का सम्मान बढ़ाया है। डॉक्टर आर के नेमा ने डॉ जैन के नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें एक सफल प्रशासक बताया। डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तिगत संबंधों और सामाजिक दायित्वों पर चर्चा की।

इस दौरान डॉ बीके जैन ने यह सम्मान इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के सभी सदस्यों अपने परिवार और सद्गुरू ट्रस्ट के प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पित करते हुए अपने गुरु के आशीर्वाद को सफलता का आधार बताया। उन्होंने युवा पीढ़ी को लगन और परिश्रम के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर विजेता राजपूत ने किया।इस मौके पर डॉ आलोक खन्ना, डॉ आलोक जैन, डॉ एनपी तिवारी, डॉ सुनील कारखुर, डॉ हेमंत पांडेय, डॉ हरि अग्रवाल, डॉ ज्योत्सना जैन, डॉ जीपी सिंह, डॉ आर एस त्रिपाठी, लक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ पी के पाठक, डॉ महेंद्र सिंह, विनीता सिंह, डॉ वीके गांधी, डॉ रजनीश जायसवाल, डॉ सुमन जैन, डॉ मनीषा अग्रवाल, डॉ देवेश अग्रवाल, डॉ प्रतिमा अग्रवाल, डॉ ललित गुप्ता, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ हरकरण बाबा आदि मौजूद रहे।

# नाली निर्माण में धांधली का आरोप, जांच कराने की मांग



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - नगर क्षेत्र के नई दुनिया निवासी लोगों ने वहां हो रहे इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाया है। साथ ही जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने की मांग की है।नगर पालिका की ओर से वार्ड नंबर 13 नई दुनिया में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा मानकविहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संजय गौतम व मोहल्लेवासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा वार्ड गंदे पानी की निकासी व आवागमन के लिए इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से धांधली की जा रही है। बताया कि नई दुनिया में यशोदा हॉस्पिटल से मौलवी के घर तक नाली निर्माण का कार्य हो रहा है।

जिसमें नाली निर्माण में दो पड़ी सरिया व दो-दो फीट पर खड़ी सरिया लगाकर नीचे बिना गिट्टी डाले ही सीसी की ढलान कर दी गयी है। जिससे निर्माण के बाद नाली कभी भी गिर जाएगी। बताया कि ठेकेदार के दबंग किस्म के होने के कारण कोई शिकायत सुनने को तैयार नहीं है। मांग की कि निर्माण कार्य की जांच कराकर ठेकेदार के ऊपर कठोर कार्यवाही करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराया जाए।

## समाज की मुख्य धारा से पीडीए को जोड़ रहीं है सपा- शिवशंकर

**चित्रकूट ब्यूरो-** विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट की ग्राम पंचायत परसौंजा में सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सपाईयों ने पीडीए को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने वाली सपा की उपलब्धियां बताई।सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान की बदौलत ही देश में शोषित, वंचित व पीड़ित समाज का भला हो रहा है। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के माध्यम से लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने का काम करेगी। आने वाले 2027 के चुनाव में पीडीए की एकता ही इस आडंबरवादी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल ने बताया कि मौजूदा हालतों में समाजवाद ही एक मात्र रास्ता है, जिससे देश और प्रदेश को तरक्की के रास्ते पे ले जाया जा सकता है। बांदा कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन लवलेश यादव ने समाजवादी सरकार में जनपद में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमर पटेल ने कहा कि समाजवादी सरकार में जिले में पुलों का जाल बिछाया गया था, जिससे आवागमन एवं व्यापार सुलभ हुआ था।

वहीं जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने मुलायम सिंह यादव द्वारा किसानों के हित में किए गए कामों को याद करते हुए उन्होंने कृषक दुर्घटना के माध्यम से पांच लाख रुपए का बीमा कराने का काम किया था।इस मौके पर सपा नेता सूरज सिंह पटेल, जिला सचिव संतराम पटेल, अम्बरीष पटेल, मो. गुलाब खान, जिला उपाध्यक्ष सीताराम कश्यप, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, उपाध्यक्ष राज सिंह, जलाल खान आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में नौजवानों को नहीं मिल रहा रोजगार- अनुज

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** -समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के रानीपुर खाकी में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने ग्रामीणों को सपा की उपब्धियां बताते हुए अखिलेश यादव की सरकार बनाने में सहयोग मांगा।चौपाल में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि देश की धन संपत्ति लूटने वाले अंग्रेजों को हमारे पुरखों ने भगाया था। इसी प्रकार समाजवादी लोग संविधान विरोधी, आरक्षण विरोधी, दलित, पिछड़ा, आदिवासी और महिला विरोधी भाजपा को भगाने का काम करेंगे। बताया कि सपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख सुविधाओं सहित किसानों के लिए हर न्याय पंचायत पर मंडिया बनाने, किसानों को उचित मूल्य पर खाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता था। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में देश का कर्ज लगातार बढ़ रहा है।

डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता जा रहा है। पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार और नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं। छात्र सभा जिलाध्यक्ष रोहित सिंह यादव ने कहा कि योगी सरकार कुंभ में स्नान करने वालों की संख्या बता रही है, लेकिन मृतकों की संख्या नहीं बता पा रही है। लोग कई हफ्तों से अपने परिजनों को खोज कर रहे हैं। योगी सरकार कुंभ मेले में मृतकों के परिजनों को राहत नहीं दे रही है।इस मौके पर ग्राम प्रधान एवं जिला उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रमेश चंद कुशवाहा, छात्र सभा जिला उपाध्यक्ष शिवगोपाल कुशवाहा, पूर्व जिला सचिव शारदा पटेल भाऊ, सचिव राधे यादव, गिरधारी लाल यादव, जय गोपाल सिंह, अली हसन, गया प्रसाद यादव, अंकित पटेल,

अशोक पटेल, केदार प्रसाद, अली हसन, सुरसेन खान, राममिलन बुद्ध, कमलेश, गया प्रसाद, राम मूरत यादव, हेमचंद, गुलाबचंद विश्वकर्मा, लाला भैया कुशवाहा, जुगल किशोर प्रजापति, राम भजन, सविता आदि मौजूद रहे.।

## शांति समिति की बैठक में बताई शासन की गाइड लाइन

**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में डीएम जे.रीभा और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान धर्मगुरुओं और जागरूक लोगों को संबोधित करते हुए त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। साथ ही शासन से मिले आदेशों और निर्देशों के बारे में सभी को अगवत कराया गया।बैठक में सभी धर्मगुरुओं, पदाधिकारियों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि, रमजान, होली, नवरात्रि आदि पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में वार्ता कर शासन द्वारा जारी आदेशों-निर्देशों के बारे में अवगत कराया। साथ ही सभी के सुझाव भी लिये गये। बैठक में सभी से आगामी त्यौहारो को शान्ति पूर्वक व परम्परागत तरीके से मनाने की अपील की। किसी नई धार्मिक परम्परा को बिना अनुमति शुरु न करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। अफवाहों पर ध्यान ना देनें तथा किसी भी प्रकार की समस्या, घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने व साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान चल रहे यूपी बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत तेज ध्वनि (साउंड पॉल्यूशन) के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जायेगा जिससे छात्रों, परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, विशेषकर उन स्थानों पर जहां मैरिज गार्डेन, तेज आवाज़, पार्टी, शोर और अनावश्यक ध्वनि के कारण परीक्षार्थियों, स्थानीय निवासियों को असुविधा होती है। सभी प्रकार के ध्वनि प्रदूषण जैसे कि डीजे, तेज म्यूजिक सिस्टम, सार्वजनिक आयोजनों में शोर और अन्य अव्यवस्थित ध्वनियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## दो लाख 17 हजार किसानों को मिली किसान सम्मान निधि



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जनपद के दो लाख 17 हजार किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। कृषि विश्वविद्यालय के उद्यान महाविद्यालय में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को सम्मान पत्र दिए गए। साथ ही किसान सम्मान समारोह का वर्चुअल प्रसारण भी किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान किसानों को जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने सम्मान पत्र दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग का 150वां स्थापना दिवस है। कृषि विभाग की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल सके, इसके लिए यह जरूरी है कि किसान प्रसार कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहे। गोष्ठियों के माध्यम से सुविधाओं का किसान लाभ उठाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अनुदान पर प्राप्त कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि यंत्र, सोलर पंप, पीएम किसान खेत तालाब के किसानों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद के लिए बीमा कंपनी यूनिवर्सल ने भी दो दर्जन से अधिक किसानों को मेरी पॉलिसी मेरे हाथ बांड का वितरण किया।

## पति ने की दूसरी शादी, पहली पत्नी को घर से निकाला

**नरैनी।** पति ने दूसरी शादी कर पहली पत्नी को मारपीट कर घर से निकल दिया पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के सराय जदीद गांव निवासी महिला अंजुम जाफर खान पत्नी जाफर खान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मेरी पति जाफर खान मुंबई में दूसरी शादी कर लिया है और मुझे मुंबई घर से मारपीट कर निकाल दिया है जब मैं अपने बच्चों को लेकर सराय जदीद गांव आ गई तो मेरा पति फोन पर गाली गलौज करता है तथा प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देता है मेरे शादीवके लगभग बीस वर्ष हो चुके है मुझे मेरी ननद कल्ली, व उसका पति भूरा निवासी गोरे पुरवा, तथा मेरा देवर अनवर भी मा बहन की गालियां देकर जान से मारने की धमकी देता है । विवाहित महिला की तहरीर पर पुलिस ने जाफर खान, कल्ली, भूरा व अनवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 2100 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

## जनपद के 65 परीक्षा केंद्रों में तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को दिया गया प्रवेश





लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** सोमवार से बोर्ड परीक्षाओं का सिलसिला शुरू हो गया। पहले दिन दोनो पालियों में पंजीकृत कुल 40440 परीक्षार्थियों में 2100 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जनपद के 65 परीक्षा केंद्रों में सभी परीक्षार्थियों की तलाशी लेने के बाद प्रवेश दिया गया। उड़नदस्ता भी लगातार निगहबानी करता रहा।

सोमवार को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थियों में उत्साह नजर आया। प्रवेश पत्र और पेंन-पेंसिल आदि लेकर परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। वहां पर पहले से मुस्तैद शिक्षकों ने परीक्षार्थियों की तलाशी ली। इसके बाद प्रवेश दिया गया। पहली पाली सुबह साढ़े आठ बजे से 11=45 बजे तक और दूसरी पाली में 2 बजे से 5 बजकर 15 मिनट तक परीक्षा कराई गई। पहले दिन शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। कोई भी नकलची और साल्वर नहीं पकड़ा गया। परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर पुलिस तैनात रही। उड़नदस्ता भी लगातार परीक्षा केंद्रों में जाकर निगहबानी करता रहा।

### एकाग्र होकर शांतिपूर्ण तरीके से उत्तर पुस्तिका पर लिखें उत्तर

बांदा। ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के झंझरी पुरवा के एकलव्य इंटर कॉलेज में समाजसेवी राकेश वाजपेयी ने परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के कक्ष में पहुंचने के बाद उत्तर को ठीक ढंग से पढ़ें और शांतिपूर्वक उसका उत्तर लिखें। इसके बाद परीक्षा समाप्ति के बाद, कॉलेज के बाहर छात्रों और उनके अभिभावकों से मिलकर विद्यार्थी व अभिभावक चिंतन के संबंध में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की हड़बड़ी से बचना होगा। छात्रों के लिए 9 टिप्स और उनके अभिभावकों के लिए सात टिप्स दिए गए। ÷ पर विचार साझा किए। इस दौरान बाजपेयी ने छात्रों को तनावमुक्त रहने और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए एक पत्रावली भेंट की। उन्होंने छात्रों के लिए 9 महत्वपूर्ण टिप्स दिए, जिनमें आत्मविश्वास बढ़ाना, समय प्रबंधन और मानसिक शांति बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं, अभिभावकों के लिए 7 सुझाव दिए गए, जिनमें अध्ययन के लिए शांत स्थान का चयन और टाईम टेबल बनाना प्रमुख थे। इस पहल से छात्रों और अभिभावकों को न केवल मानसिक समर्थन मिला, बल्कि परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रोत्साहित हुआ।

# मनमानी कर उजाड़े जा रहे पटरी दुकानदार

● पटरी दुकानदारों ने ज्ञापन सौंपकर वेंडर जोन बनाए जाने की मांग की



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** जनता दल युनाइटेड महासचिव बिहारीलाल व महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल की अगुवाई में पटरी दुकानदारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कहा कि उनके साथ अन्याय और प्रशासनिक मनमानी की जा रही है। आए दिन उन्हें किसी न किसी बहाने से उजाड़ दिया जाता है और उनकी दुकानें बंद करा दी जाती हैं। ऐसे में उन्हें रोजी-रोटी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञापन में जदयू नेताओं और पटरी दुकानदारों ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा मनमानी की जा रही है। विकास और अधिग्रहण का बहाना बनाकर आए दिन उनकी दुकानों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है, इससे वह अपनी रोजी-रोटी से वंचित हो रहे हैं। बिना किसी उचित वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब दुकानदारों को उजाड़ना पूरी तरह से अन्याय पूर्ण है। जबकि दूसरी ओर शहर के अंदर सैकड़ों सरकारी जमीनों व तालाबों पर अवैध कब्जे किए गए हैं, जिन पर प्रशासन की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

जिला प्रशासन की यह दोहरी नीति गरीबों के प्रति अन्याय को दर्शाती है। कहा गया कि अब तक वेंडर जोन का निर्माण नहीं किया गया, जिससे नियमों का पालन नहीं हो रहा। पटरी दुकानदारों की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आर्थिक सहायता और पहचान पत्र भी नहीं दिए गए हैं। यह संपूर्ण लापरवाही जिला प्रशासन व नगर पालिका की है। स्ट्रीट वेंडरों के प्रति जिला प्रशासन की दमनकारी कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाए जाने, उनके लिए नियमानुसार वेंडर जोन का निर्माण कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने आदि की मांग की गई। इस दौरान श्रीराम प्रजापति, विजयपाल के अलावा पटरी दुकानदार विनोद, राजा, उमेश साहू, सुनील कुमार, कपिल देव, भूरा, निजाम, लालाभइया, गुलाब निषाद, रमजानी, तेजकली, मेवा, अनिल, गोविंद, कल्लू, सचिन, राकेश कुमार, रामशरन, गया प्रसाद आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र विक्रम कुमार कुशवाहा पुत्र सुरेश चंद्र कुशवाहा असामाजिक क्रिया कलापों में लिप्त है परिवार के समझाने पर भी नहीं मानता जिससे परिवार की छवि धूमिल हो रही है इसलिए मैं सपरिवार अपने छोटे पुत्र विक्रम कुमार कुशवाहा से संबंध/ रिश्ता समाप्त कर रहा हूं। अब उसके किसी असामाजिक कृत्य लेनदेन, अपराध या किसी भी क्रिया कलाप से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता/सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सुरेश चंद्र कुशवाहा
पुत्र राम लाल
निवासी - 20/7/ए पूरा ढाकू कीडगंज,
जनपद - प्रयागराज।


## कलाकारों ने अभिनय कर रामलीला का मंचन किया

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव में श्री बजरंग रामलीला समिति द्वारा चल रही रामलीला के चतुर्थ दिन सुमंत वापसी लंका दहन की संवाद की लीला सम्पन्न हुई। चर्तुथ दिन सुमंत वापसी लंका दहन की लीला संपन्न हुई जिसमें पात्र कलाकारों द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया जिसमें राम का अभिनय हरेन्द्र लखन रजनीश सीता रवी त्रिपाठी भरत शनि शत्रुधन आदित्य,लक्ष्मण रजनीश, दशरथ तुलसी दादा रावण सीताशरण शर्मा शबरी प्रियारानी केवट योगेश अजूबा आदि लोगो ने मंचन किया। व्यास आशीष तबला अनिल सिह नाल योगेन्द्र कौमिक सुरेश अर्गन विमल रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद सिह अनिल कुमार खरे राम प्रकाशराम बाबू दुबे अंजनी कुमार सतीश त्रिपाठी विष्णु प्रकाश पप्पू चौरसिया शशीकान्त विज्ञान सिह कपिल राजपूत रहे।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# त्यौहार पर्व आपसी सद्भाव, अमन चौन के साथ मनाया जाए:डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आगामी त्यौहार/पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरूओं, मौलवी/मुअज्जिज/व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों/संभ्रांत नागरिकों के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी।बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी दिनो में होने वाले महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली के पर्व को जनपद में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मो के मतावलम्बियों को एक दूसरे का सम्मान करने के साथ ही भाई चारे की भावना के साथ पर्व मनाया जाना चाहिए। उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायें। उन्होंने जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि शिवरात्रि, शिवमन्दिरों में जलाभिषेक, गंगा स्नान त्यौहारध्पर्व में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट/समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत थानावार पीस कमेटी की बैठक मौलवी/मुतवल्ली से समस्याओं/विवाद की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा स्नान घाट, शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक/होलिका दहन, होली जुलूस हेतु जाने वाले आवागमन मार्गो का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाये और मार्गो पर पड़ने वाली बाधाओं जैसे बिजली/टेलीफोन के तारों का लटकना, मार्गो पर गड्ढे होना, जलभराव होना आदि का पूर्व से निराकरण कर लिया जाये। फाल्ट ठीक करने के लिए कार्मिकों की रोस्टरवार तैनाती की जाय। जिससे विद्युत फाल्ट समय से ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। सर्वजनिक मार्गो पर सड़को को अवरूद्ध कर कोई भी आयोजन नहीं किये जाये। निराश्रित, पशुओं के विचरण को नियंत्रित किया जाये। वाहनों से स्टंटबाजी करने, अवैध प्रेशर हार्न, हूटर आदि पर सख्त कार्यवाही की जाये। लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत आयोजन स्थलों की सड़क मार्गो की मरम्मत करा ली जाये।पर्वो पर प्रयुक्त होने वाले स्थलों/मार्गो की अनिवार्यतः साफ-सफाई कराई जाए, पानी और बिजली की नियमित आपूर्ति की जाये। नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगर पालिकाध्नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा सफाई का कार्य सम्पन्न कराया जाये। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार जबरन रंग लगाने आदि का कार्य न होने पाये। प्रत्येक कार्यक्रम स्थलों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटी खोया, पनीर, दूध, दही, मिठाई, इत्यादि खाद्य पदार्थो की सघन चेकिंग कराई जाये। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कदापि न होने पाये। अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एम्बुलेंस के साथ चिकित्सकों की तैनाती की जाये। लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये।अलविदा जुमाध्ईद पर नमाज अदा किये जाने वाले मस्जिद/ईदगाह की सूची तैयार की जाए, प्रत्येक स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया जाये। अलविदा जुम्मा की नमाज ईद की नमाज के समय कतिपय मस्जिद/ईदगाह पर काफी संख्या में नमाजियों के एकत्र होने से भीड़-भाड़ व आवागमन को सुचारू बनाये रखने हेतु प्रभारी क्षेत्राधिकारी यातायात आवश्यक रूट डायवर्जन एवं उन स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी अवश्य लगाई जाये।पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों का पूरी तरह भ्रमण तथा निरीक्षण कर लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चन्द्रा, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत, संबंधित विभागीय अधिकारी तथा शान्ति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# नवीन हरियाली कृषि केंद्र हलोर में आयोजित समारोह में किसानों ने वर्चुअल माध्यम से पीएम के संबोधन को सुना

**▸▸किसान उर्वरक उपयोग कर आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभः गौरव निशांत**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 19वीं किस्त जारी की गई है। इस अवसर पर, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के विपणन अधिकारी निशांत गौरव ने जिले के महाराजगंज स्थित नवीन हरियाली कृषि केंद्र (पीएम किसान सेवा केंद्र) हलोर से वर्चुअल के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बताया कि पीएम-किसान योजना 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के सभी भूमिधारक किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह राशि तीन समान किस्तों में सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के विपणन अधिकारी निशांत गौरव ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि अब तक इस योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने किसानों को उर्वरक उपयोग, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और सरकारी योजनाओं में किसानों की जागरूकता बढ़ने से किसानों को सशक्त बनने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# नकल विहीन परीक्षा कराने को प्रशासन कटिबद्ध -एसडीएम मिथिलेश तिवारी




**लालगंज रायबरेली।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं सुचिता पूर्वक चल रही हैं, यह जानकारी देते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट मिथिलेश तिवारी ने बताया कि प्रशासन नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए कटिबद्ध है। एसडीएम ने कहा कि शिक्षा विभाग के नियमों के तहत परीक्षार्थियों को हर तरह की सुविधा दी जा रही हैं। किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी सेंटर पर कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन नकल करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पहले दिन की परीक्षा सुचिता पूर्ण संपन्न हुई है। एसडीएम ने बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज और चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं चौक चौबंद मिली। उन्होंने बताया कि दोनों सेंटरों पर शिक्षा विभाग के नियमों के तहत पहले दिन की परीक्षाएं संपन्न हुई हैं। बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उनके विद्यालय में लगभग एक दर्जन स्कूलों का सेंटर है। हाई स्कूल की परीक्षा में 627 बच्चे एनरोलमेंट थे जिनमें 55 बच्चे गैर हाजिर रहे। वही इंटर की परीक्षा में 546 बच्चे एनरोलमेंट थे लेकिन 21 बच्चों ने परीक्षा नहीं दिया।

# कंट्रोल रूम में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की हो रही लाइव मॉनिटरिंग, सभी परीक्षा केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**▸▸सभी केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश**
**▸▸जनपद में स्थापित कंट्रोल रूम से की जा रही परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग**
**▸▸डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर, की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा जनपद में यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज शामिल है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 07 जोन व 20 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 109 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनलध्सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए।

# पैसे की तंगी में खाने के लिए थाली न हो,तो हाथ पर रखकर खाना खाए: संत गाडगे

## संत गाडगे की 149वीं जयंती पर आयोजित की गोष्ठी, अंधविश्वास को दूर करने की प्रति रहे संकल्पित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाज को ऐसा महान संदेश देने वाले राष्ट्रसंत संत गाडगे की 149 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से बहुजन शक्ति संघर्ष समिति एवं एससी, एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के एक होटल में मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक चिंतक श्यामलाल कन्नौजिया, मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, वरिष्ठ सामाजिक चिंतक रामसजीवन, चंद्रशेखर तथा डॉ0शिवकुमार रहे। समापन सत्र के अति विशिष्ट अतिथि एडीजे अनुपम शौर्य रहे। सभी अतिथियों ने स्वच्छता अभियान के महानायक,शिक्षा की व्यक्ति के जीवन में महत्ता बताने वाले, अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों को सबसे पहले स्वयं दूर कर तथा समाज के लोगों को इनसे दूर रहने का संदेश देने वाले अनेकों शिक्षालयों, चिकित्सालयों एवं धर्मशालाओं की आधारशिला रखने वाले बाबा संत गाडगे जी को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सदर विधायक ने कहा संत गाडगे ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए इतना जोर दिया तथा चंदे से पैसे से देश में इतने संस्थान बनवाए मुझे आज यहां आकर जानकारी हुई। संत किसी एक जाति के नहीं होते हैं बल्कि संपूर्ण समाज के होते हैं ऐसे राष्ट्रसंत को मैं नमन करती हूँ, जिन्होंने चंदा लगाकर मानव के कल्याण के लिए इतने संस्थान बनवाए। उन्होंने समिति के सुझाव पर संत गाडगे प्रतिमा स्थल के जल्द ही सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया।विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने कहा कि बाबा संत गाडगे जी ने समाज की जागृति के लिए इतना महान कार्य किया है इसका हमें गर्व है साथ ही इसका भी हमें गर्व है कि मैं भी उन्हीं के समाज में पैदा हुई और इन्हीं महापुरुषों की चेतना एवं संविधान की बदौलत यहां तक पहुंची हूँ। एडीजे अनुपम शौर्य ने कहा बाबा संत गाडगे जी एवं इनके जैसे महापुरुषों ने अपनी समतावादी दृष्किोण पर अथक मेहनत कर इस देश के निर्माण में अपना महत्तम योगदान देकर देश और देशवासियों पर बड़ा उपकार किया है इनकी सोच एवं विचारधारा से जन जन को अवगत कराना ही इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके रामसजीवन, डॉ0 शिवकुमार, डॉ0 सुनीलदत्त, चंद्रशेखर, दिलीप चौधरी, केआर रावत, बचोले प्रसाद, रेखा चौधरी, एलएल गौतम, शिवराज यादव, एनके स्वामी, सूरज यादव, चंदन सोनकर, कामता प्रसाद, राहुल कन्नौजिया, जे0पी0रावत, महेश, दिनेश निर्मल आदि मिशनरी एवं चिंतकों ने बाबा संत गाडगे जी के जीवन संघर्ष, सामाजिक चेतना एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन नीरज रावत ने किया। इस मौके श्रीकांत दिवाकर, अनिल कांत, राजेश कुरील, विमल किशोर सबरा, सीएल गौतम, समुझलाल धीमन, एलसी कन्नौजिया, कमल कुमार अहिरवार, रामभरत राजभर, शोभाशरण,राम गोपाल, श्याम नारायण, राजू दिवाकर, कमलेश दिवाकर, संजय, राधेश्याम, धीरेन्द्र, मनीषा चौधरी, पूनम दिवाकर, रीना, रंजू आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा सौहार्द एवं भाईचारा विरोधी-इं.वीरेन्द्र यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर ऊँचाहार विधानसभा क्षेत्र के ऊँचाहार देहात में पीडीए पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग उपेक्षित एवं परेशान है बिजली उपभोक्ताओं से विभागीय कर्मचारी गलत रीडिंग देकर बढ़ाकर धनराशि वसूली की जा रही है बिल ठीक कराने के नाम पर गरीबों से भ्रष्टाचार किया जा रहा,राजस्व कर्मचारी खेतौनी में अंश निर्धारण एवं घरौनी के नाम पर किसानों गरीबों का आर्थिक शोषण किया जा रहा,मनरेगा योजना में मजदूरी का भुगतान श्रमिकों को महीनों से नहीं मिल रहा मजदूरों को जीवकोपार्जन का संकट है।सरकार का जनहित से कोई सरोकार नहीं है भाजपा समाज में भेदभाव कर भाईचारा व सौहार्द को समाप्त कर रही है।उन्होंने कहा देश की प्रगति,समतामूलक समाज की स्थापना के लिए पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों की एकजुटता आवश्यक है पीडीए की एकता ही शोषितों वंचितों किसानों मजदूरों छात्रों बेरोजगारों को खुशहाली एवं सम्मान दिलायेगा।कार्यक्रमों को डा.यूसुफ मंसूरी,जगदेव यादव,डा.जावेद,राजेश मौर्या,कल्लू चौधरी,जेपी यादव,राकेश यादव,शिवकुमार मुंशी,दिलशाद अहमद,इरफान अहमद,शिवकुमार बाबा,नरेन्द्र यादव,अरशद सुल्तान,आलोक यादव,चन्द्रप्रकाश आजाद,विन्देश्वरी पासी,महेश यादव,हशनैन खान,अरुण यादव,अमरेन्द्र बहादुर आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यों को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक संपन्न




**लालगंज रायबरेली।** नगरीय समस्याओं पर चर्चा परि चर्चा के लिए स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की बैठक स्योना रेजिडेंसी लखनऊ में आहूत की गई जिसमें लगभग 75 नगर पंचायत व नगर पालिका के अध्यक्षों ने उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देशराज सिंह के द्वारा की गयी। स्थानीय निकाय अध्यक्षों के प्रतिनिधि संगठन की बैठक में संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता ने भी भाग लेते हुए नगरो की समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 1 अप्रैल से कर प्रणाली को लेकर जनरल सर्वे किया जाएगा जिसमें नगर की मुख्य सड़कों और गलियों के लोगों के लिए स्वकर की प्रणाली एक ही बनाई गई है जिससे गरीब लोगों का अहित होगा। नगर पंचायत के अध्यक्षों ने अभी तो सरकार से अपेक्षा की है कि जनहित की अपेक्षाओं के अनुकूल स्वकर प्रणाली लागू की जाए। अगर सरकार नहीं मानी तो जनहित के मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट का सहारा लेना पड़ेगा। बताते चले कि लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता ने जब से लालगंज नगर की बागडोर संभाली है तभी से उन्होंने जनहित के कामों को प्रमुखता दी है जिसका जीता जागता उदाहरण 50 वर्षों से दुर्दशाग्रस्त दलित बस्ती बरदाही मंडी की सड़क का निर्माण कराना है।

# एम्स के सुरक्षा कर्मियों को दिया व्यवहार-कौशल प्रशिक्षण

**▸▸दिल्ली से आई सुश्री प्रियंका कुमार और सुश्री पायल तलवार ने 286 सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण संचालन कर सॉफ्ट स्किल्स के महत्व व क्षमता को बढ़ाने के बताए तरीके**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत 286 सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार-कौशल (सॉफ्ट स्किल्स) को बेहतर करने पर जोर दिया गया।

एम्स मेडिकल कॉलेज के भवन एलटी-भूमि तल में आयोजित किया गया था, जिसमें उन्हें सॉफ्ट स्किल्स के महत्व और उनके कार्य पूरा करने की क्षमता को बढ़ाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम की ओर से कर्नल गौरव चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण का नेतृत्व किया। एम्स के अधिशासी निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी, उप-निदेशक प्रशासन कर्नल अखिलेश सिंह और वित्तीय सलाहकार कर्नल यू एन राय की पहल पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक सुरक्षा अधिकारी अजय सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया।

### दो सत्र में 6 घंटे तक एम्स सुरक्षा कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

एम्स सुरक्षा कर्मियों को दिल्ली से प्रशिक्षण देने आई सैनिक परिवार से सुश्री प्रियंका कुमार और सुश्री पायल तलवार ने रविवार, 23 फरवरी दो सत्रों में प्रशिक्षण का संचालन किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार कौशल (सॉफ्ट स्किल) को बेहतर करने के लिए किया गया। इसका तात्पर्य एक ऐसी व्यक्तिगत विशेषता से है जो व्यक्ति में पारिस्थितिजन्य जागरूकता विकसित करती है और उसके कार्य पूरा करने के क्षमता को भी बढ़ती है। सुरक्षा सुपरवाइजर इंचार्ज छोटे लाल यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण सत्र रविवार को पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 1 बजे तक चला। बीच में 1 से 2 बजे तक ब्रेक रहा। दूसरा सत्र 2 से 5 तक चला। इसके बाद करनाल गौरव चतुर्वेदी ने सुरक्षा कर्मियों को टिप्स दिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 286 सुरक्षा कर्मियों में पुरुष और महिला सुरक्षाकर्मी ने सहभागिता किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर इंचार्ज छोटे लाल यादव, सुपरवाइजर राकेश बहादुर सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, कर्ण भान सिंह, राधेश सिंह, कृष्ण कुमार यादव, राम बहादुर सहित कुल 9 सुपरवाइजर ने पूरे अनुशासन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम को संपन्न कराने में मदद किया।

# महाकालेश्वर मंदिर में 22वीं स्थापना वर्षगांठ पर भंडारा आज



**रायबरेली।** 103 आरडीए कालोनी इंदिरा नगर स्थित भगवान महाकालेश्वर मंदिर की 22वीं स्थापना वर्षगांठ पर आज 25 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर परिसर में ऊं नमरू शिवाय का जाप शुरू हो गया है। 25 फरवरी को ऊं नमरू शिवाय जप के समापन के बाद मंदिर में पूरी श्रद्धा व उल्लास के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान वेद मंत्रों, शंख ध्वनि, जय श्रीराम, जय हनुमान आदि देवताओं के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय रहेगा। इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर की संस्थापक ऊषा सिंह ने बताया की 25 फरवरी को होने वाले भव्य भंडारे की तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में ऊं नमरू शिवाय का जाप चल रहा है। इस जाप के समापन के बाद पूजा अर्चना की जाएगी। श्रीमती सिंह ने बताया कि भंडारे में शिवभक्तों को खीर, पूड़ी सब्जी आदि प्रसाद परोसा जाएगा। उन्होंने सभी शिवभक्तों से भंडारे में शामिल होने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मंदिर का स्थापना वर्षगांठ मनाया जाता है। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाने व अन्य कार्यों में अपनी भूमिका अदा करने वालों में केश कुमार मिश्रा, राजेंद्र सिंह, राजू मिश्रा, भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान सुषमा सिंह, रश्मि सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, खुशी सिंह, अमरेन्द्र कुमार, विश्वास त्रिवेदी, आदि शिवभक्त शामिल हैं।

# पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार,जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

## गऊघाट, अरैल घाट सहित चार स्थलों पर चलाया गया बृहद सफाई अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी 2025 को स्वर्णिम प्रभात एक नवीन जागृति एवं सेवा के दिव्य प्रकाश का संदेश लेकर आई जिसके अंतर्गत 'अमृत प्रोजेक्ट'के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ और प्रयागराज में भी गऊघाट (यमुना घाट) मे ट्रीगंज, अरैल घाट- नैनी, कन्हईपुर गंगाघाट बमरौली, मूर्ती विसर्जन पार्क- अदांवा में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। रविवार को प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक चले स्वच्छता अभियान में संत निरंकारी मिशन के सेवादल के सैकड़ो भाई-बहनो के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया।

स्वच्छता अभियान के तिसरे चरण का शुभारम्भ निरंकारी मिशन के स्थानीय जोनल इंचार्ज श्री अशोक कुमार सचदेव जी ने किया। उन्होंने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि पानी अमृत समान है, जिसे प्रकृति ने हमें जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहार के रूप में प्रदान किया है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी स्वाभाविक आदत होनी चाहिए। हम अक्सर अनजाने में अपशिष्ट और गंदगी को जल स्रोतों या अन्य स्थानों पर डालकर प्रदूषण को बढ़ावा देते है,जिससे पर्यावरण को हानि होती है। इसी चिंतन से प्रेरित होकर, 'प्रोजेक्ट अमृत' जैसी सामाजिक पहल की शुरुआत की गई है, जो जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

बाबा हरदेव सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित इस पुनीत सेवा अभियान में हर संत को जल संरक्षण की दिशा में योगदान देने का अवसर मिला। यह पहल न केवल घाटों और जलस्रोतों की स्वच्छता पर केंद्रित थी, बल्कि घरों में छोटी-छोटी आदतों के माध्यम से जल बचत को भी प्रोत्साहित करती है जिससे जल का सम्मान हो और यह अमूल्य संसाधन आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रह सके।

पर्यावरण सुरक्षा के अंतर्गत जल संरक्षण में अपनी सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाने हेतु ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन (तश्वश्वस्न) ने संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (स्हष्टस्न) को प्रतिष्ठित वाटर कंजर्वेशन इनिशिएटिव एनजीओ ऑफ द ईयर 2025पुरस्कार से सम्मानित किया। यह गौरवपूर्ण सम्मान स्हष्टस्न के प्रोजेक्ट अमृत - स्वच्छ जल, स्वच्छ मन और इसकी विविध जल संरक्षण एवं स्वच्छता पहलों के प्रति अथक समर्पण का प्रतीक है। निसंदेह जल संसाधनों की शुद्धता और सतत संरक्षण में स्हष्टस्न द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयास समाज को स्वच्छ,स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

संत निरंकारी मिशन प्रयागराज के जोनल इंचार्ज श्री अशोक कुमार सचदेव जी ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में आयोजित इस 'अमृत प्रोजेक्ट' परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। युवाओं की विशेष भागीदारी इस अभियान का प्रमुख आधार रही। उन्होंने यह भी सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की नहीं, अपितु हर माह विभिन्न घाटों व जल स्रोतों की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगी।

27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के1650 से अधिक स्थानों पर, 10लाख से भी अधिक सेवाभाव से ओत-प्रोत स्वयंसेवक भक्तों ने एक साथ इस पुनीत अभियान को साकार किया। यह दृश्य केवल प्राकृतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर, अंतर्मन को निर्मल और पवित्र करने की एक आध्यात्मिक यात्रा का सुंदर प्रतीक बन गया। प्रत्येक श्रद्धालु की समर्पित उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि जब प्रेम, सेवा और समरसता का दिव्य संगम होता है, तब प्रकृति भी नवजीवन का अनुभव करती है।

कार्यक्रम के समापन पर प्रयागराज नगर निगम के स्वास्थ विभाग के जोनल इंचार्ज श्याम सिंह निरंकारी मिशन द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान सहित अन्य सामाजिक, आध्यात्मिक, पर्यावरणीय गतिविधियों की खूब सराहना की और कहा कि समाज में इस तरह की गतिविधियों से समाज में जागरुकता फैलती है और समाज में हर स्तर पर सकारात्मकता का माहौल होता है। हर किसी को निरंकारी मिशन के इन योगदानों से सीखना चाहिए।

इस अवसर पर सेवादल के स्थानीय संचालक अशोक कुशवाहा, शिक्षक पी:सी सिंह जी, पूर्व क्षेत्रीय संचालक सुखदेव सिंह ने सेवादल के भाई-बहनों के साथ मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

# करोड़ों की लागत से बनी मंडी बदहाल, टूटी पुलिया रास्ता नहीं



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** यमुनापार लापर क्षेत्र के किसानों के हित को देखते हुए और राजस्व के पर्याप्त संसाधन की संभावनाओं को देखते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति 1991 मे स्थापना की गई है । हुआ भी कुछ ऐसा है, कि यमुनापार के ही नही दूर - दराज के किसानों व व्यापारियों कई जिले से व्यवसायी का खरीद - फरोख्त के लिए आते हैं । लेकिन सुगम मार्ग न होने से किसान व व्यापारी पूछते हैं कि मंडी जाने का मार्ग कहा से है । रविवार, बुधवार को जमघट लगता है । लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।मंडी समिति का आने-जाने वाली सड़क छह वर्ष से टूटी पुलिया का मरम्मत न होने से लोगों को पकड़डियों से होकर परिसर मे अनाज ले कर जाते है । वही किसानों के लिए सड़क , बिजली, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधा न होने से काफी फजीहत उठानी पड़ती है ।

मंडी विकास के लिए पर्याप्त के लिए करोड़ों रुपये की प्रति वर्ष आय होती है । सही दिशा मे प्रयोग न किये जाने से किसान व व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । मंडी परिसर मे किसानों व व्यापारियों के लिए अनाज रखने के लिए कोई गोदाम तो बनाई गई है। लेकिन उसमें ताला लटक रहा है। जिससे वर्षा के होने पर उनके अनाज भीग जाती है ।यमुनापार के प्रधान मंडी जो अपने उर्वरा के लिए प्रख्यात है । इसके चलते धान का कटोरा कहा जाता है । चावल के जितनी कोठि यहां सुलभ शायद ही क्षेत्र मे कही मिले । इस मंडी मे बिहार, झारखंड, राजस्थान, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, प्रयागराज तथा मध्यप्रदेश से लोग खरीद करने के लिए आते है । लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए वर्षों से टूटी चारदीवारी की भी मरम्मतीकरण नही कराया गया । जबकि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते बदहाली की शिकार बनी हुई है ।प्रगतिशील किसान सत्य प्रकाश मिश्रा लेड़ियारी, शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा , विनोद दुबे प्रधान प्रतिनिधि कैथवल, रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी, बबलू शुक्ला लेड़ियारी ,श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह , संतोष कुमार द्विवेदी , संजय कुमार केशरी , सुशील सिंह आदि लोगों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त धन मिलने के बावजूद उपेक्षा का शिकार बना हुआ है ।

मंडी समिति सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि सड़क पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त है पर न्यायालय मे विचाराधीन होने से काम रूका हुआ है । जल्द ही काम होगा । संपर्क मार्ग नहीं होने की वज़ह से समस्याएं हो रही है। जबकि चार चबूतरा, एक गोदाम,साठ दुकानें है । इस परिसर में आठ वर्ष पूर्व बनाई गई सड़क,नाली का निर्माण किया गया था। जो कि पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। टूटी चारदीवारी , टीन सेट, चबूतरा तथा सड़क जल निकासी के लिए प्रस्ताव भेजा गया है ।

# बार एसोसिएशन कोरांव का चुनाव 7 को, दक्षता भाषण में बोले प्रत्याशी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोराव (प्रयागराज)।** बार एसोशिएशन तहसील कोराव का चुनाव 7 मार्च को होना है, सोमवार को आयोजित दक्षता भाषण में अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशियों ने अपनी अपनी बात दक्षता भाषण में सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं के बीच रखी।बता दे कि बीते 17 फरवरी से नामांकन पत्र की बिक्री के साथ बार एसोशिएशन तहसील कोराव के चुनाव की घोषणा निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जा चुकी है जिसके क्रम में सोमवार को सभागार में दक्षता भाषण का आयोजन हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार, राम बहादुर सिंह,ललन कुमार तिवारी, विजय शंकर मिश्रा और श्री कांत मिश्र ने अधिवक्ताओं के बीच अपनी अपनी बात रखी वहीं मंत्री पद के प्रत्याशी, अरुण कुमार, योगेंद्र नाथ द्विवेदी उर्फ़ राजू द्विवेदी, लक्ष्मीकांत शुक्ला, विभव नाथ शुक्ला ने अपनी बात रखी मंत्री पद के प्रत्याशी योगेंद्र नाथ द्विवेदी उर्फ़ राजू द्विवेदी ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप सभी का आशीर्वाद मिला तो मैंअधिवक्ताओं के मान, सम्मान की लड़ाई में सैदव आगे रहूंगा साथ ही उन्होंने कहा कि अधिवक्ता हित के लिए मै हमेशा समर्पित रहूंगा चाहे मुझे जिस स्थिति से गुजरना पड़े परंतु मै अपने अधिवक्ताओं के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा, इस दौरान सभागार में संयुक रूप से निर्वाचन अधिकारी बाल गोविन्द पाण्डेय, मोतीलाल कुशवाहा, सहायक निर्वाचन अधिकारी, सुरेन्द्र सिंह, गजेंद्र कुमार सिंह, सचिव त्रिवेणी प्रसाद यादव, धर्मेंद्र सिंह के अलावा निवर्तमान अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला, के अलावा सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे आयोजन का संचालन कर रहे गजेंद्र कुमार सिंह ने सभागार में उपस्थित सभी प्रत्याशियों और अधिवक्ताओं का आभार प्रगट किया

# जरुरी खाद्य सामग्री के साथ मेले में गायब हो गई चाय और चीनी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**ज़ारी (प्रयागराज)।** प्रयागराज में डेढ़ महीने से चल रहे महाकुंभ मेले में देश और विदेश से जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते पूरे प्रयागराज जनपद के सभी मुख्य मार्गों पर वाहनों और लोगों की भीड़ के चलते जाम की स्थिति बनी हुई है। जिसके चलते जनपद के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित छोटी मोटी बाजारों से लेकर गांव की गलियों तक में खुली ग्रॉसरी की दुकानों पर खाद्य सामग्री के सामान भी नहीं पहुंच पा रहे हैं।

गांव में खुली छोटी-छोटी दुकानों पर से सब्जी मसाले, शैंपू ,साबुन, दाल, चावल आदि पूरी तरह से खत्म हो चुके हैं। रोज राशन खरीद कर खाने वाले मजदूर तपके के लोगों के सामने जहां राशन की समस्या हो गई है तो वहीं, दुकानों पर चीनी और चाय की पत्ती खत्म होने के चलते चाय के शौकीनों को इस समय चाय भी नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह मेला 15 दिनों तक और चल जाए तो हम लोगों के सामने दैनिक उपयोग में आने वाली चीजों का ऐसा संकट खड़ा हो जाएगा जिससे कि जीवन यापन करना मुश्किल हो जायेगा।

विकास खंड मेजा क्षेत्र के कोटर गांव निवासी बबलू तिवारी, कमलेश त्रिपाठी पत्रकार,अशोक कुमार, कृष्ण कुमार तिवारी, विष्णु तिवारी, राजेंद्र प्रसाद आदि ने बताया कि क्षेत्र में वैसे ही बहुत बड़ी बाजारें नहीं हैं । क्षेत्रीय गांवों में कुछ लोगों ने परचून की दुकान खोल रखा है, लेकिन वर्तमान समय में माघ मेला के चलते लग रहे जाम के कारण गांव के दुकानों पर शहर से समान नहीं आ पा रहा है जिसके चलते दुकानदार हम लोगों को कुछ दिनों तक तो स्टोर किए सामान देते रहे लेकिन अब उनके पास भी सामान उपलब्ध नहीं है। परिणामस्वरूप दुकानदार हम लोगों को चाय और चीनी भी नहीं दे पा रहे हैं । कुछ दुकानों पर दुकानदारों द्वारा कुछ सामान लाया भी जा रहा है तो उसको दुकानदार उच्च दमों पर बेच रहे हैं। 44 रुपए प्रति किलो मिलने वाली चीनी वर्तमान समय में गांव की परचून की दुकानों पर₹60 किलो तक बेची जा रही है।

वहीं पान मसाला, सुपाड़ी, सब्जी मसाला, साबुन, तेल ,निरमा सहित सभी रोजमर्रा की चीजों की कीमत भी बढ़ा दी गई है।

दूसरी तरफ दुकानदारों का कहना है कि इस समय शहर से माल ले आना काफी मशक्कत भरा और खर्चीला है। इस स्थिति में अंकित मूल्य पर सामान बेंच पाना मुश्किल है। यही सोचकर अब हम लोगों ने शहर से सामान ले आना बंद कर दिया है।

## न्यूज डायरी

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना अन्तर्गत अकोढी निवासी एक किसान की अविवाहित 23 वर्षीय बेटी नेहा ने रविवार देर शाम घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मौक़े पर पहुँच शव चीरघर भेज दिया। सूत्रों से पता चला है कि युवती ने पहले विषैला पदार्थ खाया। कामयाबी न मिलने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। वह दो बहनों और इकलौते भाई में सबसे बड़ी थी।

### श्रद्धालुओ से भरी कार चाय की ठेले से टकराई दो महिला जख्मी

**जारी(प्रयागराज)।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत जारी गांव के पहलू का पूरा एचपी पेट्रोल पंप के पास सोमवार को दोपहर 2 बजे प्रयागराज की तरफ से कार सवार गंगा स्नान करके वापस लौट रहे थे एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही श्रद्धालुओ की कार अनियंत्रित होकर नाश्ते की दुकान में जा घुसी जिससे पहलू का पूरा निवासी महिला दुकानदार प्रभा देवी बिंद पत्नी राम धीरज बिंद एव अन्नू पत्नी अरुण प्रजापति निवसी जारी गांव जख्मी हो गई। वहां पर खड़ी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई ।दुकान का सारा सामान नष्ट हो गया। श्रद्धालुओ ने बताया कि चालक ने पूरी रात कार चलाया जिससे नींद की झपकी आने से ये हादसा हुआ।सभी श्रद्धालु जबलपुर के रहने वाले थे और सुरक्षित है ।कार क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस जख्मी महिला को इलाज के लिए भेजकर विधिक करवाई किया।

### पांच सौ उपभोक्ताओं के घरों में छः घंटे बिजली रही गुल

**नैनी ( प्रयागराज )।** सोमेश्वरनाथ विद्युत उपकेंद्र से जुड़े तकरीबन पांच सौ उपभोक्ताओं के घरों में सोमवार को तकरीबन छः घंटे बिजली गुल रही। बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।बताया जाता है, कि सोमेश्वरनाथ से जुड़े मानस फीडर की बिजली सोमवर की दोपहर 11.30 बजे एकाएक बिजली गुल हो गई। शाम तकरीबन 6ः00 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई। इस दौरान तकरीबन पांच सौ उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। टुल्लू न चलने से लोग पानी के लिए दर-दर भटकते दिखाई पड़े। इस बाबत उपखंड अधिकारी मदन कुमार का कहना है, कि वंच लगाने का कार्य चल रहा है, जिसकी वजह से शेडडाउन लिया गया था।

### बसों का संचालन न होने से यात्री परेशान

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** परिवहन विभाग की बसों का संचालन न होने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बसों का संचालन न होने के कारण लोगों को आवागमन के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ है । किराए के नाम पर निजी वाहन चालकों द्वारा मनमाना शोषण यात्रियों का किया जा रहा है । आए दिन इसी बात को पर विवाद भी होता रहता है । राकेश कुमार कुशवाहा , सुनील कुमार कुशवाहा , विनोद कुमार दुबे, धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, विष्णु प्रताप सिंह , देवराज सिंह , श्याम नारायण बिंद राजेन्द्र प्रसाद केशरी, शंकर दयाल तिवारी ने बताया कि पूर्व में बड़ोखर वाया प्रयागराज , खीरी , टौंगा , बहरैचा , कैथवल, देईबाध , रतेवरा नारीबारी, चाकघाट, लखनऊ तक परिवहन निगम की बसें संचालित की जाती थी । लेकिन एक दशक पूर्व से बंद किए जाने से लोगों की दिक्कत उठानी पड़ रही है । राज्य परिवहन निगम की बसें न होने से लोगों के सामने जटिल समस्या लगातार बनी हुई है।

### शरीर पर जहरीला पाउडर फेंककर दूध विक्रेता का उचक्कों ने 35 हजार उड़ाया

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के महेवा खान चौराहे के समीप सोमवार की दोपहर दूध विक्रेता के शरीर पर जहरीला पाउडर फेंककर उच्चकों ने उसका बैग उड़ा दिया, बैग में दूध बिक्री के तकरीबन 35 हजार रुपए थे। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। भुक्त भोगी के द्वारा घटना की जानकारी इलाकाई पुलिस को दे दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी निवासी रिषभ निषाद एक निजी कंपनी का सेल्समैन है। वह रोजाना की तरह महेवा खान चौराहे के समीप दूध की गाड़ी खड़ी करके दूध बेच रहा था। उसी दौरान किसी उचक्के ने उसके पीठ पर जहरीला पाउडर फेंक दिया। उसे अचानक बड़ी तेजी से खुजली होने लगी। वह बैग गाड़ी पर रखकर शरीर को खुजलाने लगा। उसी दौरान किसी उचक्के ने उसका बैग पार कर दिया। दूध विक्रेता के अनुसार बैग में बिक्री के तकरीबन 35 हजार रुपए थे। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में घटना को अंजाम देने वाला युवक साफ नजर आ रहा है। यदि पुलिस चाहे, तो घटना का खुलासा हो सकता है।

### मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र पंचायत सदस्य गंभीर रूप से घायल

**बहरिया ।** कहते हैं कि होनी कब अनहोनी में बदल जाय किसी को मालूम नहीं होता है बहरिया थाना क्षेत्र के जुगुनीडीह निवासी व क्षेत्र पंचायत सदस्य आयाज मलिक उर्फ अज्जू मलिक रविवार की सुबह सिकंदरा बाजार से अपने घर बुलेट गाड़ी से आ रहे थे कि तभी गांव पहुंचने के पहले अचानक एक बच्चा सड़क पार करने लगा उसी को बचाने में गाड़ी लेकर सड़क पर गिर पड़े जिससे उनको गंभीर चोटें आई स्थानीय लोगों ने उन्हें सिकंदरा के एक निजी अस्पताल में ले गये जहां उनका इलाज चल रहा हैं डाक्टरों ने बताया कि सिर में चोट गंभीर हैं ।

# एग्री जंक्शन कृषि केंद्र में चोरी 6 से 7 हजार रुपये की चोरी




**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर।** फूलपुर एग्री जंक्शन कृषि केंद्र सांवडीह पानी की टंकी में अज्ञात चोरों ने दिन में 11 बजे घुसकर दुकान के अंदर काउंटर से 6 से 7 हजार नगद रुपया लेकर भाग गये। इस घटना के समय, प्रभारी धर्मेंद्र सिंह बगल के रूम में हल्की सी नींद आ जाने के कारण सो रहे थे। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने इस घटना की सूचना मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए की है। इसके अलावा, उन्होंने 1076 पर शिकायत की है।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत डीआईजी प्रयागराज ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर डीआईजी प्रयागराज अपने मातहत अधिकारियों के साथ थरवई स्थित पांडिश्वर नाथ धाम पण्डिला महादेव मंदिर परिसर में सोमवार दोपहर पहुंच कर मंदिर प्रशासन व पुजारी के साथ वार्ता करते हुए मंदिर में भीड़ नियंत्रण को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थाओं पर बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मातहत अधिकारियों पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिससे महाशिवरात्रि पर्व को सुचारू और सकुशल संपन्न कराया जा सके। भ्रमण के दौरान डीआईजी प्रयागराज ने मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर तैनात करने, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने और श्रद्धालुओं की कतारबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, चिकित्सा सहायता एवं पेयजल आपूर्ति और अग्निशमन जैसी व्यवस्थाओं को भी चाक-चौबंद करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किये। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के इस अवसर पर भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो जिसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# कागजों पर सिमटा गड्ढ़ा मुक्त अभियान



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार के मुखिया ने दस अक्टूबर तक गड्ढ़ा मुक्त कराने जाने का आदेश जारी किया गया। लेकिन आज भी स्टेट राजमार्ग से लेकर गांवों को सड़कों की दशा दयनीय बनी हुई है। जिससे यह साबित हो रहा है कि केवल कागजों पर ही गड्ढ़ा मुक्त अभियान सिमट कर रह गया। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु प्रताप सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा, शांति सिंह पटेल, राकेश कुमार कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद केशरी, विजय भुर्तिया आदि लोगों ने बताया कि नारीबारी से कोरांव तक स्टेट राजमार्ग पर जगह-जगह अनगिनत गड्ढे हैं। इसके अलावा कोलसरा से पथरपुर, नीबी, पवांरी, खोंचा, चैलारी, किंहुनी खुर्द, किंहुनी कला, बहरैचा, लेड़ियारी आदि गांवों में जाने वाली संपर्क मार्ग बदहाली का शिकार बना हुआ है। इन सड़कों पर रात में गुजरने पर अक्सर गिरकर चोटिल हो जातें हैं। दो पहिया वाहनों के चालक गिरने से उन्हें निजी अस्पतालों में भर्ती कराया जाता है। बरसात होने पर गड़्ढों में पानी भर जाने से यह नहीं पता रहता है कि कहां गड्ढ़ा और कहां सड़क जिससे राहगीर अक्सर गिर जाते हैं। ग्रामीणों ने इस बाबत में कई बार पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देने के बावजूद किसी देखा तक नहीं बनाने के लिए कोसों दूर है ।

# 6 दिन बाद भी किशोर हत्याकांड का नहीं हुआ खुलासा

## कुछ लोगों को उठाकर पुलिस घटना के खुलासे में जुटी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र के परासिनपुर गांव के पास अज्ञात किशोर हत्याकांड का पुलिस 6 दिन के बाद भी खुलासा नहीं कर सकी है। मामले की खुलासा के लिए पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को उठाकर पूछताछ में जुटी है। बताते चलें कि 18 फरवरी की रात फूलपुर के परासिनपुर गांव के पास नहर और तालाब के किनारे एक किशोर उम्र के युवक की सिर कूंचकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। आज तक किशोर की पहंचान नहीं हो सकी है। हालांकि अफसरों ने खुलासा के लिए पुलिस टीम गठित कर दी है। 6 दिन बीत जाने के बावजूद भी किशोर हत्याकांड का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक 23 फरवरी की रात एस ओ जी और फूलपुर पुलिस ने क्षेत्र के गुलचपा गांव से हत्याकांड मामले में कुछ संदिग्ध लोगों को उठाकर खुलासा के लिए जांच में जुटी है। मृतक किशोर कहां का है यह अभी तक पुलिस ने खुलासा नहीं किया है। निर्मम तरीके से की गई किशोर की हत्या मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि किशोर की हत्या आशनाई में हुई है। पुलिस द्वारा कुछ लोगों को उठाए जाने से खुलासा होने की लोगों को उम्मीद जगी है।

# ग्रामीणों ने देखा प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** राजकीय कृषि केंद्र मैलहा पर रविवार को नरेंद्र मोदी के द्वारा भागलपुर बिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए सम्मान निधि किसानो के खाते में 2000 रुपए जारी किया गया जिसका लाइव प्रसारण मैलहा कृषि केंद्र मैलहा पर उपस्थित अधिकारी व जन प्रतिनिधियों वा किसानों ने देखा जिसमें मुख्य रूप से मंडलाध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव, पूर्व मंडलाध्यक्ष राकेश शुक्ला,गोदाम प्रभारी सुनील कुमार यादव, आशाराम, राम अवध यादव, संत लाल यादव, राकेश कुमार, सुखलाल पाल, अशोक कुमार, एवं समस्त किसान भाई उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** तहसील सभागार फूलपुर में दिव्यांगजन रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन दिव्यांगजन कल्याण विभाग प्रयागराज से पधारे विभागीय सहायक मोहम्मद नासिर अली ने दिव्यांग प्रमाण पात्र प्राप्त पात्रों का रजिस्ट्रेशन किया और माह के अंत तक ब्लाक फूलपुर सभागार में कैंप के माध्यम से उपकरण वितरण के आयोजन के बारे में बताया। प्रचार प्रसार तथा महाकुंभ के चलते कम संख्या में पात्र गण आए थे । फूलपुर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी दिव्यांगजन समाज कल्याण अखिलेश यादव एवं प्रवीण कुमार व पंकज कुमार आदि भी शिविर में उपस्थित रहे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र के साथ पधारे पात्र गण ने अपने प्रयोग हेतु उपकरणों का मांग पत्र सौपां ।

# सरस्वती ज्ञान मन्दिर धरौता का वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** क्षेत्र के धरौता, मऊआइमा में स्थित देश भक्त लोक कल्याण समिति उ0प्र0 द्वारा संचालित सरस्वती ज्ञान मन्दिर का भव्य वार्षिकोत्सव रविवार को सम्पन्न हुआ ।वार्षिकोत्सव में भैया/बहिन ने रंगमंचीय कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरस्वती वंदना, प्रेरणादायी नाटक, कौव्वाली, लोकगीत, राष्ट्रगीत आदि कार्यक्रम को प्रस्तुत किया उक्त वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मऊआइमा मो0 इम्तियाज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदुलार पूर्व परिवेक्षक इफ्को, मुख्यवक्ता दिवाकर मिश्रा व शिवमूरत पटेल ( अपनादल ) का विद्यालय में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का बहिनों ने स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया । शिवप्रसाद यादव प्रबंधक, अरविन्द प्रताप संभाग प्रमुख, दयाराम विभाग प्रमुख, रत्नेश कुमार प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सहित क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ में हुई मौत एवं सम्पत्ति हानि को भी आयोग की जांच में किया शामिल

## ● हाईकोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित कर दी है



**प्रयागराज,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ में हुई मौत एवं सम्पत्ति हानि को भी आयोग द्वारा की जा रही जांच में शामिल कर हाईकोर्ट को सोमवार को जानकारी दी। इस घटना को लेकर दाखिल जनहित याचिका में कहा गया था कि सरकार द्वारा गठित जांच आयोग को सीमित जांच करने को कहा गया है। उसमें जन-धन हानि को शामिल नहीं किया गया है। केवल घटना कैसे घटी और भविष्य में ऐसी घटना न घटे इस पर रिपोर्ट देना था।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुम्भ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ की जांच न्यायिक निगरानी में करने और घटना के बाद लापता लोगों का सही ब्योरा देने की मांग में दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा था कि न्यायिक आयोग की जांच का दायरा बढ़ाकर इसमें हताहतों की संख्या की पहचान करने और भगदड़ से संबंधित अन्य शिकायतों पर गौर करने को शामिल किया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने सरकार से इस संदर्भ में 24 फरवरी तक जानकारी मुहैया कराने को कहा था।मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने कहा कि अब तक आयोग के कार्यक्षेत्र में भगदड़ के अन्य प्रासंगिक विवरणों की जांच शामिल नहीं है। राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने कहा था कि आयोग भगदड़ के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इस पर खंडपीठ ने कहा कि जब आयोग की नियुक्ति की गई थी, तो उसकी जांच के दायरे में हताहतों और लापता लोगों की संख्या पता लगाने के बिंदु नहीं थे। इसलिए इन बिंदुओं को अब आयोग की जांच में शामिल किया जा सकता है।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुरेश चंद्र पांडेय की ओर से दाखिल जनहित याचिका में महाकुम्भ में भगदड़ के बाद लापता हुए व्यक्तियों का विवरण एकत्र करने के लिए न्यायिक निगरानी समिति के गठन की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने कहा कि कई मीडिया पोर्टल ने राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर बताई गई मौतों (30) की संख्या पर विवाद किया है। एडवोकेट सौरभ पांडेय ने विभिन्न समाचार पत्रों और पीयूसीएल की एक प्रेस विज्ञप्ति का भी हवाला देते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भागने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मृतकों को बिना पोस्टमार्टम 15,000 रुपये देकर यह आश्वासन दिया गया है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अब लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जबकि राज्य का कर्तव्य लोगों की मदद करना है।

अधिवक्ता ने बताया कि उनके पास एम्बुलेंस चलाने वाले लोगों के वीडियो हैं, जिन्होंने बताया है कि वे कितने लोगों को अस्पताल ले गए थे। उन्होंने कहा कि आधिकारिक बयानों में सेक्टर 21 और महाकुम्भ मेला के आसपास के अन्य इलाकों में हुई भगदड़ का उल्लेख नहीं किया गया है। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जनहित याचिका में की गई सभी प्रार्थनाओं पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त न्यायिक आयोग विचार कर रहा है। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि आयोग के दायरे में यह शामिल नहीं है कि भगदड़ के दौरान क्या हुआ था। इसे देखते हुए जांच के दायरे को बढ़ाने की आवश्यकता प्रतीत होती है।

राज्य सरकार को यह संदेश देने को कहा गया था कि न्यायिक आयोग के संबंध में सामान्य अधिसूचना जारी न की जाए और इसकी बजाय संदर्भ की शर्तें व्यापक रूप से निर्धारित की जाएं। गौरतलब है कि महाकुम्भ में भगदड़ संगम नोज के पास 29 जनवरी को आधी रात के बाद हुई, जिसमें 30 लोग मारे गए। बाद में सरकार ने इस संख्या को बढ़ाकर 70 कर दिया है।प्रदेश सरकार ने 29 जनवरी की भगदड़ की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। आयोग ने घटना के बारे में जानकारी देने के लिए लोगों को आमंत्रित किया है।

## आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने विराट कोहली को 14 हजार वनडे रन पूरे करने पर दी बधाई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को अपना 51वां एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (ओडीआई) शतक बनाने और 50 ओवर के प्रारूप में 14000 रन पूरे करने पर बधाई दी।कोहली ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान वनडे क्रिकेट में 14,000 रन पूरे किए, ऐसा करने वाले वे केवल तीसरे क्रिकेटर बन गए।जय शाह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कोहली के कवर ड्राइव की प्रशंसा की, जिसने उन्हें 14000 मील के पत्थर तक पहुंचाया।उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान 14,000 वनडे रन पार करने पर विराट कोहली को बधाई और मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए क्या शानदार कवर ड्राइव थी।कोहली ने 111 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए, जिसे देखना वाकई शानदार था। उनकी पारी 90.09 की स्ट्राइक रेट से आई, जिससे भारत ने पाकिस्तान के 241 रनों के स्कोर को आसानी से हासिल कर लिया। यह कोहली का आईसीसी वनडे मुकाबलों में छठा और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पहला शतक था।

## पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, बनाए कई ऐतिहासिक मुकाम




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में एकदिवसीय क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। अपनी 287वीं पारी में कोहली 14,000 एकदिवसीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज़ बल्लेबाज बन गए। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले इस ऐतिहासिक आंकड़े से महज 15 रन दूर थे और भारत के 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया। कोहली ने नाबाद शतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में उनका 51वां शतक था। उन्होंने विजयी रन स्पिनर खुशदिल शाह की गेंद पर शानदार कवर ड्राइव चौके के रूप में बनाया और इसी के साथ अपना शतक भी पूरा किया।कोहली ने इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए महज 14,984 गेंदों का सामना किया, जो सचिन तेंदुलकर (16,292) और कुमार संगकारा (17,789) की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, 14,000 रन बनाने तक उनका औसत 57 से अधिक है, जबकि तेंदुलकर (44.19) और संगकारा (41.73) का औसत 40 के दशक में था।कोहली ने जून 2017 में 8,000 वनडे रन पूरे करने के बाद से हर 1,000 रन का मील का पत्थर सबसे तेज़ समय में पूरा किया है। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान से छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने संगकारा (14,234) को पीछे छोड़ा, जबकि सचिन तेंदुलकर 18,426 रनों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 2023 विश्व कप के दौरान सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके साथ ही, वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।इस मुकाबले में कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच (158) लेने वाले फील्डर बन गए, इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया।

## बांग्लादेश में वायु सेना के जवानों और नागरिकों के बीच झड़प, युवक की मौत

**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हवाई अड्डे के विस्तार के लिए बेदखली के प्रयास को लेकर कॉक्स बाजार शहर में वायु सेना के जवानों और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प में एक युवक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, यह झड़प सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कॉक्स बाजार नगर पालिका के अंतर्गत समिति पारा में हुई। मृतक की पहचान स्थानीय व्यवसायी नासिरुद्दीन के 30 वर्षीय पुत्र शिहाब कबीर नाहिद के रूप में हुई है। अभी तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी झड़प की पुष्टि तो कर रहे हैं पर घटना का पूरा विवरण देने से कतरा रहे हैं।कॉक्स बाजार जिला सदर अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी सैफुल इस्लाम ने माना है कि झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य का इलाज चल रहा है। समिति पारा निवासी मुजाहिदुल इस्लाम के अनुसार, भूमि अधिग्रहण के लिए आज दोपहर को जिला प्रशासन




कार्यालय में वायु सेना के अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली थी। दोपहर करीब 12 बजे मोहम्मद जाहिद नाम का एक व्यक्ति और कुछ अन्य लोग एक वाहन से जिला प्रशासन कार्यालय जा रहे थे। उनके वाहन को डायबिटिक पॉइंट के पास वायु सेना चेकपोस्ट पर रोका गया।

बताया गया है कि वायु सेना के जवानों ने जाहिद को वाहन से उतार दिया। इस पर बहस शुरू हो गई। जवानों ने उसे हिरासत में लेने का प्रयास किया। इस दौरान और लोग पहुंच गए और विरोध जताया। इस दौरान झड़प शुरू हो गई।झड़प के दौरान वायु सेना के जवानों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलानी शुरू कर दी। गोलीबारी में कम से कम 15 लोग घायल हो गए। कुछ घायलों को कॉक्स बाजार जिला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया। कॉक्स बाजार के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद सलाउद्दीन ने कहा कि दोनों पक्षों से चर्चा के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने दावा किया कि समिति पारा के बदमाशों के एक समूह ने कॉक्स बाजार वायु सेना बेस पर हमला किया। बांग्लादेश वायु सेना जवाब में आवश्यक कदम उठा रही है।

## ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

**वाशिंगटन, (हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक झटके में रातों-रात यूनाइडेट स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के लगभग 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। यह फैसला रात 11ः59 बजे से प्रभावी हो गया है।यूएसएआईडी की नोटिस के अनुसार यह फैसला मिशन के महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्य नेतृत्व और विशेष रूप से नामित कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार नामित कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारियों पर लागू होगा। नोटिस में कहा गया है कि लगभग 1600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक अवकाश पर रखा जाएगा। इनके लाभों और अधिकारों के बारे में अतिरिक्त निर्देश और विशिष्ट सूचना मिलते ही साझा की जाएगी।

## एफटीए पर बातचीत शुरू करने के लिए भारत पहुंचे ब्रिटेन के मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स

**● भारत-ब्रिटेन के बीच दिल्ली में आठ महीने के बाद एफटीए पर फिर शुरू होगी बातचीत**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के व्यापार और वाणिज्‍य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। भारत पहुंचने पर उन्‍होंने केंद्रीय वाणिज्‍य मंत्री से मुलाकात की। भारत-ब्रिटेन आठ महीने के अंतराल के बाद एफटीए पर बातचीत की शुरुआत फिर से करेंगे।केंद्रीय वाणिज्‍य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्‍स' पोस्‍ट पर जारी बयान में कहा, ÷ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्‍य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स से मिलकर और उनका



अतुल्य भारत में स्वागत करके बहुत खुशी हुई।

उन्‍होंने आगे लिखा है कि चर्चाओं से भरपूर एक दिन का बेसब्री से इंतजार है।÷ ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच एफटीए पर 15वें दौर की बातचीत ट्रंप के नए टैरिफ की छाया में होगी, जिसने दुनिया को अनिश्चितता में डाल दिया है।उधर, यूके सरकार के एक बयान के अनुसार दोनों देशों के बीच एफटीए पर दो दिवसीय बातचीत का उद्देश्य एक आधुनिक आर्थिक सौदे पर चर्चा को आगे बढ़ाना है, जो द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा।

इसके साथ ही दोनों देशों के लिए आर्थिक विकास प्रदान करेगा। ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा, दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देगा।भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्‍त व्‍यापार समझौता (एफटीए) पर बातचीत की शुरुआत 23 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते से आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। इस बातचीत के जरिए व्यापार को बढ़ावा देने, टैरिफ और निर्यात-निवेश को सरल बनाने का लक्ष्य है।उल्‍लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के बीच अबतक एफटीए पर दिसंबर 2023 तक 13 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। इस दौरान दोनों देशों ने कई विषयों पर चर्चा की, जिसमें व्यापारिक सुविधाएं, निवेश, टेक्नोलॉजी, कृषि और सेवा क्षेत्र की नीतियां प्रमुख रूप से शामिल थीं। लेकिन 2024 में ब्रिटेन में आम चुनाव की वजह से वार्ता में एक ब्रेक आ गया था, जो अब फिर से शुरू होने जा रही है।

## यूपी बोर्ड के परीक्षा केन्द्रों का अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने किया निरीक्षण

**लखनऊ,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 प्रारम्भ हुई। दो पालियों वाली यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रथम पाली में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने लखनऊ में निशातगंज के राजकीय इंटर कॉलेज, अलीगंज के ब्राइट वे इंटर कालेज और आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार ने परीक्षा केन्द्रों पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरों, स्वच्छता व्यवस्था एवं चिकित्सकीय व्यवस्था की जांच किया। इसके बाद अपर मुख्य सचिव ने परीक्षा केन्द्रों के कक्षों के भीतर परीक्षार्थियों एवं केन्द्र पर लगाये गये शिक्षकों की मौजूदा स्थिति की जांच की। इस दौरान कॉलेजों के प्राचार्यो सहित माध्यमिक शिक्षा के निदेशक डॉ. महेंद्र देव एवं संयुक्त निर्देशक प्रदीप कुमार उपस्थित रहें।

## सामाजिक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परिवर्तन का महाकुंभ- एकनाथ शिंदे

**● जय भवानी जय शिवाजी के जयकारों के बीच एकनाथ शिंदे ने संगम में लगाई डुबकी**



**महाकुंभनगर,(हि.स.)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को जय भवानी जय शिवाजी के जयकारों के बीच प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में सपरिवार पवित्र स्नान किया। उनके साथ महाराष्ट्र सरकार के कई मंत्रियों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी संगम में पवित्र स्नान किया। बमरौली एयरपोर्ट पर उतरने पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर मंत्री नंद गोपाल नंदी ने उनका स्वागत किया।संगम स्नान के बाद एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह महाकुंभ सामाजिक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परिवर्तन का महाकुंभ है। यह दुनिया का सबसे बड़ा महाकुंभ है। यहां करोड़ों करोड़ लोग आये न कोई छोटा न कोई बड़ा है। प्रयागराज पवित्र स्थल है।

यहां गंगा यमुना सरस्वती का संगम होता है। प्रयागराज का यह महाकुंभ 144 साल बाद आया है। यह दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है। सब लोग आये हैं।उन्होंने महाकुंभ में इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम का आभार जताया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि यहां पर सफाई से लेकर पीने का पानी और गाड़ियों की व्यवस्था कर रखी है। ऐसी व्यवस्था कोई नहीं कर सकता। अपने आप में रिकॉर्ड है। महाकुंभ में आने का अनुभव अदभुत है।

## भारत से हार के बाद मोहम्मद रिजवान ने माना, टूर्नामेंट में पाकिस्तान का सफर समाप्त

**दुबई, (हि.स.)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। रविवार को भारत के खिलाफ छह विकेट से हार झेलने के बाद पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम का सफर लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा, ÷फिलहाल, हम कह सकते हैं कि यह खत्म हो गया है। यह सच्चाई है।हालांकि, पाकिस्तान अभी आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच से पहले उसे अन्य मैचों में कुछ अनुकूल परिणामों की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से, उसे न्यूजीलैंड पर बांग्लादेश की अप्रत्याशित जीत की उम्मीद होगी।रिजवान ने कहा कि वह किसी और के प्रदर्शन पर निर्भर रहकर आगे बढ़ना पसंद नहीं करते।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में अगली सुनवाई छह मार्च को

**▶▶ भाजपा नेता विजय मिश्रा ने कराया है वाद दायर**

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करनी थी, लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी लगा दी। अब इस मामले में छह मार्च को मामले में सुनवाई होगी।

कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपीएमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी। इससे वह वह खासे आहत हुए। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली,



लेकिन राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।अदालत ने राहुल गांधी को 25-25 के दो मुचलकों पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। कई तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था।

उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा था कि मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश हुए। इस वर्ष दो जनवरी को जिरह पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने 10 जनवरी व 22 जनवरी की तारीख नियत की थी, लेकिन इन दोनों ही तारीखों पर अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई पुनः टल गई थी।

उसके बाद 30 जनवरी को तिथि नियत हुई तो राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी शुक्ला के अस्वस्थ होने के चलते जिरह नहीं हो सकी थी। 11 फरवरी को कोर्ट में जिरह पूर्ण करने के लिए सुनवाई की तिथि नियत की गई थी, जिसमें राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने परिवादी से जिरह की थी।

जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी (सोमवार) की तिथि नियत की गई थी।अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करनी थी, लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र लगा दिया। अब छह मार्च को मामले में सुनवाई होगी।

## भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सपरिवार संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभनगर,(हि.स.)।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को सपरिवार प्रयागराज महाकुंभ पहुंचकर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अपने माता-पिता और परिवार के साथ मां गंगा का आशीर्वाद लेने आया हूं। मां गंगा की कृपा हम सब पर बनी रहें।मुख्य चुनाव आयुक्त दिल्ली से एयर इण्डिया के विमान द्वारा बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वह डीएम प्रयागराज के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग भी प्रयागराज आये हुए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त सायं 19.45 बजे बमरौली एयरपोर्ट प्रयागराज से फ्लाइट द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन, अभिनेता अक्षय व सोनाली बेंद्रे ने लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुम्भ नगर(हि.स.)।** भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है।संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा कि मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है।कटरीना कैफ ने किया आध्यात्मिक अनुभवबॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि जब बॉलीवुड जैसी लोकप्रिय इंडस्ट्री के सितारे महाकुम्भ में आते हैं, तो यह युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है। यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हो सकती है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि अध्यात्म सिर्फ बुजुर्गों या साधु-संतों के लिए नहीं है।परिवार संग प्रयागराज पहुंचीं सोनाली बेंद्रे बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुम्भ में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि महाकुम्भ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को और करीब से महसूस किया।

संक्षिप्त खबरें

## विधानसभा के सामने दंपत्ति ने किया ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** पुत्री की गुमशुदगी से आहत एक व्यक्ति ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हजरतगंज क्षेत्र में विधानसभा के गेट नंबर पांच के पास आज सुबह एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया जिसे वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने विफल कर दिया। उन्होने बताया कि विधानसभा के गेट नंबर पांच के पास कानपुर जिले के बिल्हौर क्षेत्र निवासी वेद नारायण दुबे (56) अपनी पत्नी निर्मला (54) के साथ ज्वलनशील तरल पदार्थ लेकर आत्मदाह का प्रयास करने के लिये पहुंचे थे मगर वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनो को रोक लिया। दंपत्ति को हजरतगंज थाने ले जाया गया। पूछताछ में पता चला है कि दंपत्ति की पुत्री लापता है और पुलिसधारा 140(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर रही है।

## कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ के समक्ष राज्य सरकार ने अपना शपथपत्र प्रस्तुत किया। अभियुक्त राठौर की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने शपथपत्र का जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। न्यायालय ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की है।

## बाजार से लौट रही युवती से छेड़छाड़

**लखनऊ।** राजधानी के हुसैन गंज में बाजार से लौट रही युवती के साथ मनचलों ने छेड़छाड़ की। अश्लील कमेंट करने से मना करने पर मारपीट करने लगे। युवती का कहना है कि आरोपी अक्सर रास्ते में आने जाने के दौरान हरकत करते हैं। पुलिस ने मामले दो युवकों पर कार्रवाई की है। बाग आईना बीबी पार्क हुसैन गंज की रहने वाली युवती ने बताया कि वो अपनी दो फ्रेंड के साथ बाजार गई थी। लौटते समय रास्ते में बताशा पानी खाने लगी। तभी इलाके के रहने वाले युनूस, अभिजीत और लक्की आ गए। तीनों अश्लील कमेंट करने लगे। मना किया तो गाली देते हुए बैड टच किया। इसके बाद लात घूंसों से पीटते लगे। युवती का कहना है आरोपी कई दिनों से पीछा कर छेड़खानी कर रहे हैं। मना करने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। मामले में इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता का कहना है कि युनूस और अभिजीत के खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई है।

## महेश नमकीन फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर के नादरगंज स्थित महेश फैक्ट्री के स्टोर रूम में आग लग गई। देखते ही देखते पूरे स्टोर रूम से धुएं का गुबार निकलने लगा। आग की लपट देख अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लग गई। दमकल की 7 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। फिलहाल आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नादरगंज स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में महेश नमकीन की फैक्ट्री है। रविवार-सोमवार बीच रात करीब तीन बजे फैक्ट्री से धुआं निकलने लगा। जिसे देखकर वहां मौजूद कर्मचारियों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कर्मचारियों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। एफएसओ सरोजनी नगर सुमित प्रताप सिंह दो दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की लपटें देखकर राहत कार्य शुरू किया। इसके साथ ही अन्य स्टेशनों ने सहायता मांगी। इसके बाद आलमबाग, हजरतगंज फायर स्टेशन से चार दमकल पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। एफएसओ ने बताया कि फैक्ट्री के स्टोर रूम में आग लगी है। स्टोर रूम में लकड़ी व पॉलिथीन होने की वजह से आग तेजी से फैली। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

## पुलिस चौकी के पास से ढाई लाख का ट्रांसफॉर्मर तेल और तांबा चोरी

**लखनऊ।** लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। सोमवार रात को चोरों ने पहाड़पुर पिकेट पुलिस चौकी के पास से 250 केवीए ट्रांसफॉर्मर का सामान चुरा लिया। बीकेटी कुम्हरावां मुख्य मार्ग पर स्थित ट्रांसफॉर्मर से चोरों ने तेल और तांबा चोरी किया। अवर अभियंता संजय कुमार के अनुसार, चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए है। यह घटना बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के पैतृक गांव में हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब विधायक के गांव में पुलिस चौकी के पास ऐसी घटना हो सकती है, तो अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही महिगवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

## आज कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज तहसील के वकील आज पूरी तरह से कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान रजिस्ट्री का काम भी नहीं करेंगे। मोहनलालगंज तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व महामंत्री राम लखन यादव की अगुवाई में सोमवार को हुई बैठक के बाद निर्णय लिया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 संशोधन बिल 2025 अधिवक्ता हित में नहीं है। जिसके विरोध में मंगलवार को अधिवक्ता पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहकर कलम बंद हड़ताल करेंगे। महामंत्री ने बताया कि इस दौरान तहसील परिसर में किसी प्रकार गतिविधियां जिसमें रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण रूप से बंद किया जायेगा। साथ ही इस हड़ताल में तहसील परिसर में व्यवसायिक गतिविधियां करने वाले आपरेटर व स्टाम्प वेन्डरों को भी पालन करना पड़ेगा। दुकान व स्टाम्प की दुकाने बंद रहेंगी।

## भारत का पहला एआई-रेडी डेटा सेंटर लखनऊ में बनेगा

**लखनऊ।** भारत का पहला एआई-रेडी डेटा सेंटर लखनऊ में चार चरणों में बनाया जाएगा। इसका पहला चरण जून में शुरू होगा। भारत के अग्रणी डेटा सेंटर प्रदाता, सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड इसे तैयार कर रहा है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को कहा है कि राज्य सरकार लखनऊ में उत्तर प्रदेश का पहला एआई सिटी बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में निवेश अनुकूल वातावरण बना है। इस एआई डेटा सेंटर की स्थापना होने के बाद प्रदेश में आईटी सेक्टर में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उत्तर प्रदेश ने आईआईटी कानपुर, आईआईएम लखनऊ, आईआईटीबीएचयू और आईआईआईटी इलाहाबाद के प्रतिभा केंद्रों का उपयोग कर एक एआई पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के मिशन की शुरुआत की है। इस एआई हब एज डेटा सेंटर के माध्यम से लखनऊ में सिफी का विस्तार इस दृष्टिकोण को साकार करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। सिफी टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष राजू वेगेस्ना ने कहा कि यह सुविधा हमारे निवेश लक्ष्यों का समर्थन करती है और उत्तर प्रदेश को उत्तर भारत के लिए डेटा सेंटर हब बनाने की राज्य सरकार की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। सिफी 1600 से अधिक भारतीय शहरों में 10,000 से अधिक व्यवसायों को सेवा प्रदान करता है और उत्तरी अमेरिका, यूके और सिंगापुर में इसकी वैश्विक उपस्थिति है।

## सील बिल्डिंग में चल रहा था काम, एलडीए ने दोबारा सील

**लखनऊ।** एलडीए के जोन छह में क्वींटन रोड, कैसरबाग, शुभम सिनेमा के पास अवैध निर्माण में सील किए गए भवन में सील को तोड़ कर फिर से निर्माण किया जा रहा था। एलडीए ने दोबारा उस भवन को सील कर दिया। एलडीए के अवर अभियंता की ओर से निर्माणकर्ता के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में तहरीर दी गई है। जोन छह के जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक के अनुसार शुभम सिनेमा के पास एक व्यक्ति मानचित्र स्वीकृत कराए बिना ही भवन का निर्माण करा रहा था। पूर्व में यहां हो रहे अवैध निर्माण का ध्वस्त कर दिया गया था। उसके बाद भी भवन स्वामी की ओर से वहां भूतल पर स्लैब डालने का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान भवन स्वामी की ओर से कोई स्वीकृत मानचित्र न दिखाने पर उसे छह अगस्त 24 को सील कर दिया गया था। यह मामला मंडलायुक्त के यहां सुनवाई के लिए विचाराधीन है। बावजूद इसके भवन स्वामी सील तोड़कर फिर से निर्माण करा रहा था, जिसे फिर सील कर दिया गया है। इस मामले में जोन छह के अवर अभियंता की ओर से कैसरबाग कोतवाली में तहरीर दी गई है।

# ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर सपा का वेल में धरना-नारेबाजी

### अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जो भी आपत्तिजनक बोला गया है उसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाएगा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** विधानसभा में सोमवार को डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कथन का उल्लेख करते हुए तंज करने पर समाजवादी पार्टी के सदस्य बिफर गए। उन्होंने डिप्टी सीएम द्वारा मुलायम सिंह यादव का अपमान करने का मुद्दा उठाते हुए जमकर हंगामा किया। नारेबाजी करते हुए सपा सदस्य वेल में उतर आए और धरने पर बैठ गए। हंगामा बढ़ने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायी कार्य निपटाए और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के अनुरोध पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे के करीब दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस हंगामे के कारण प्रश्न प्रहर भी समय से पहले 11.45 के करीब खत्म कर दिया गया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा सदस्यों के सवालों का जवाब देना शुरू किया। सोमवार को सपा के इंजीनियर सचिन यादव, डा. रागिनी, डा. आरके पटेल व समर पाल सिंह आदि ने स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न लगाए थे। ब्रजेश पाठक ने एक-एक कर सभी सवालों के जवाब दिए। कहा कि आशा वर्करों को मौजूदा वक्त में कम से कम 6000 रुपये और अधिकतम 11000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को आशा वर्करों का मानदेय 3000 रुपये करने के लिए पत्र भेजा है। उन्हें स्मार्ट फोन रिचार्ज के लिए 99 रुपये से लेकर 250 रुपये दिए जाते हैं। उनकी बीमा कराया गया है।

**सपा ने आशा वर्करों को दर्ज कराए थे मुकदमे:** ब्रजेश पाठक ने सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा वर्ष 2014 में खुद इनकी सरकार ने शासनादेश जारी कर कहा था कि आशा वर्करों को कोई नियत वेतन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों और हर संभव स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। केवल आशा वर्कर ही नहीं सरकार सभी कर्मचारियों को हितों के लिए प्रतिबद्ध है। सपा सरकार ने तो आशा वर्करों की अध्यक्ष पर लखनऊ के हजरतगंज थाने में मुकदमा लिखवा दिया था। मैंने खुद मुकदमा वापस लिया है।

**निजी अस्पताल की ज्यादतियों की होगी जांच:** सपा के अमरोहा से विधायक समर पाल सिंह ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल ब्राइट स्टार हास्पिटल में मरीजों से ज्यादती करने की बात कही। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल ने दिलशाद पुत्र नौशे की मृत्यु पर उसकी लाश नहीं दी। बाद में जब उन्होंने हंगामा किया तो किसी तरह शव दिया गया लेकिन पहले 25 हजार रुपये जमा करवाए फिर 50 हजार रुपये और मांगे। समरपाल ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव कहा करते थे कि दवाई, पढ़ाई-लिखाई मुफ्त करने की बात कहते थे। भला सरकार कैसे गरीबों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराएगी? ब्रजेश पाठक ने कहा कि निजी अस्पताल द्वारा की गई गड़बड़ियों की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई भी करेंगे। उत्तर प्रदेश में 5.20 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके जरिये गरीबों को उपचार मुहैया कराया जा रहा है। इसके जरिये 5000 निजी अस्पताल भी चिन्हित हैं। इसी के बाद डिप्टी सीएम ने टिप्पणी कर दी।

**बिफरे सपा सदस्य वेल में उतरे:** स्वास्थ्य मंत्री द्वारा तंज करने पर सपा सदस्य बिफर गए और अपने स्थान पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मांग की कि डिप्टी सीएम माफी मांगे।

### सतीश महाना ने विवाद हल करने की कोशिश की

विधानसभा सदस्य सतीश महाना ने सपा सदस्यों को कई बार चेतावनी देते हुए कहा कि जो सपा सदस्य वेल में उतरे हैं उनके नाम नोट किए जा रहे हैं। उन्होंने हिदायत दी कि सपा सदस्य डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के लिए अमर्यादित टिप्पणी न करें अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाएगी। सतीश महाना ने सभी सपा सदस्यों को सदन से बाहर चले जाने के निर्देश दिए फिर भी सपा सदस्य नारेबाजी करते रहे।

### विधानसभा में विवाद पर संसदीय कार्यमंत्री ने जताया दुःख

इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने तो मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। हम खुद उनका सम्मान करते हैं। उन्होंने सतीश महाना से दो बार विधानसभा स्थगित करने के लिए दो बार अनुरोध किया। इस पर भी जब सपा सदस्यों ने हंगामा जारी रखा तो विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में मुलायम सिंह यादव पर आई टिप्पणी से उपजे विवाद का पटाक्षेप करते हुए कहा कि जो हुआ उस पर उन्हें दुःख है। सुबह के हंगामें के बाद जब सदन दो बजे दोबारा बैठा तो सपा सदस्यों ने नेताजी अमर रहे के नारे लगाए। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि हम लोग बात को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। मुलायम सिंह का नाम किसी ने नहीं लिया। जब नेता प्रतिपक्ष ने नाम लिया तब यह बात आई। कोई ऐसी टिप्पणी नहीं होनी चाहिए जिससे किसी को ठेस पहुंचे। जो घटित हुआ उस पर हमें दुःख है। सदन को चलाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं विपक्ष की भी है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जो भी आपत्तिजनक बोला गया है उसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाएगा।

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा करते हैं बार-बार टिप्पणी

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि डिप्टी सीएम ने पिछले सत्र में भी कुछ ऐसी ही टिप्पणी की थीं। उन्होंने दो दिन पहले भी तंज किया। आखिर लोकतंत्र में यह टिप्पणियां करना क्या जरूरी है। यहां इन बातों का कोई संदर्भ भी नहीं था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बार-बार कहा कि आखिर सपा सदस्यों को आपत्ति किस बात पर है। वे बताएं कि क्या टिप्पणी की है। सतीश महाना के कहने पर भी सपा सदस्यों ने हंगामा जारी रखा।

## मनकामेश्वर मंदिर में हुई हल्दी रस्म,महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ मनकामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को मंदिर में हल्दी की रस्म हुई। मंदिर की महंत देव्या गिरी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। इस दौरान विधि विधान के साथ भोले बाबा को हल्दी लगाई गई। महंत देव्या गिरी ने बताया कि चार दिवसीय शिवरात्रि पर्व में मात्र दो दिन ही शेष बचे हैं। मंदिर में धूमधाम से हल्दी की रस्म मनाई गई महंत देव्या गिरी ने बताया कि पहले सगाई की रस्म हुई। उसके बाद हम लोग बधावा लेकर निकले और आज हल्दी की रस्म हो रही है। इसके बाद कुछ और कार्यक्रम होंगे जिस के बाद महाशिवरात्रि पर समापन होगा। महाशिवरात्रि पर तमाम भक्त जनों का सैलाब मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेगा। यह वह विशेष दिन होता है जब भक्त भगवान भोले के समक्ष अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए अर्जी लगाते हैं। महाशिवरात्रि से पहले भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। महंत देव्या गिरी ने कहा कि भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए एक लोटा जल ही काफी होता है। मगर विशेष रूप से आज दही बेसन से जल स्नान करने के जल चढ़ाते है। उसके बाद दूध, दही, घी और गन्ने से अभिषेक किया गया। अगर किसी को लंबी बीमारी है तो जौ से अभिषेक करता है। महंत देव्या गिरी ने मोहन भागवत द्वारा दिए गए बयान का समर्थन किया। इन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जल,वायु और शिक्षा इसका सम्मान करते हुए सभी लोगों को इसकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यही हमारे जीवन का आधार है। इससे जीवन जीने की सुविधा मिलती है। अगर इस पर कार्य होता है तो हम लोग पॉल्यूशन से निजात पा लेंगे।

## छात्रों के ई-रिक्शा को वैन ने मारी टक्कर, दो गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** दुबग्गा के मोहद्दीनपुर गांव के पास आउटर रिंग रोड की सर्विस लेन पर सोमवार दोपहर हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर ई-रिक्शे से लौट रहे पांच छात्रों को सामने आ रही तेज रफ्तार स्कूल वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में पांचों छात्र और ई-रिक्शा चालक घायल हो गए। वैन में सवार कक्षा एक की छात्रा भी घायल हो गई। हादसे में कृष्णा एवं मोनीष गंभीर रूप से घायल हो गए। रिक्शा चालक ने अज्ञात वैन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। काकोरी के बढ़ौना निवासी ई-रिक्शा चालक राजेश ने बताया गांव के कृष्णा रावत (16), मोनीष (18), अजय (16), शिवा (15) और आदित्य (16) को चौक के कालीचरण इंटर कॉलेज से 10वीं की परीक्षा दिलाकर लौट रहे थे। मोहद्दीनपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मारुति वैन और ई-रिक्शे में आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में राजेश सहित 5 छात्र घायल हो गए। निजी स्कूल की वैन में तीन बच्चे सवार थे। वैन चालक और छात्रा वंशिका (10) भी चोटिल हो गई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तीन छात्रों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। कृष्णा और मोनीष अभी भर्ती हैं। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। अज्ञात वैन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## कैसरबाग में सड़कों पर खड़ी होने वाली बसों की सूची भेजी

**लखनऊ।** कैसरबाग में अभी भी सड़कों पर बसें खड़ी हो रही हैं। डीएम के सूची भेजने के करीब एक महीने बाद भी रोडवेज बसों पर अंकुश नहीं लगा पाया। जिन बसों की डीएम ने सूची बनाकर रोडवेज के आरएम को भेजी थी उन बसों के ड्राइवर के खिलाफ भी कार्यवाही नहीं हुई। इसकी वजह से अभी भी यहां रोजाना जाम लग रहा है। एक दो नहीं दर्जनों बसें कैसरबाग में सड़कों पर खड़े होकर सवारियां बैठा व उतार रही हैं। सोमवार को भी ऐसा ही नजारा दिखायी दिया। डीएम विशाख जी ने 28 जनवरी को कैसरबाग क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्हें भी काफी बसें सड़क पर मिली थीं। डीएम ने रोडवेज के आरएम को सड़क पर बसों की पार्किंग रोकने का निर्देश दिया था। उन्होंने रोडवेज के अधिकारियों को हिदायत दी थी कि वह ड्राइवरों को कहें कि गाड़ियां न खड़ी करें वरना कार्रवाई होगी। अब डीएम के निर्देश के करीब एक महीने होने वाले हैं। लेकिन रोडवेज की बसों के ड्राइवरों पर कोई अंकुश नहीं लगा। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि बसें खड़ी करने वालों के खिलाफ जल्दी ही कार्रवाई होगी।

## प्रापर्टी डीलर हत्या करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी



सुमित अखिलेश टौवा गोलू

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में काकोरी के बेहटा गांव में प्रापर्टी डीलर अंकित लोधी के चारों हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह हत्या एक प्राइम लोकेशन ही प्रापर्टी को लेकर हुई थी। पुलिस ने इस घटना से जुड़े सभी साक्ष्यों को जुटाते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि काकोरी थानाक्षेत्र में अंकित नाम के युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान दूलागंज काकोरी निवासी सुमित कनौजिया (28) पुत्र रामप्रसाद, सरवन उर्फटऊवा (42) पुत्र कैलाश, अंशू यादव उर्फकाली (19) पुत्र रामकेश यादव, पलेहन्दा काकोरी निवासी रंजीत कुमार (22) पुत्र बुद्धीलाल के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि आरोपियों का अंकित से बेहटा गांव में एक कीमती जमीन खरीदने को लेकर विवाद हुआ था। इसी मन मुटाव को लेकर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि हत्यारोपी टऊवा दो साल पहले बेहटा गांव में प्रापर्टी डीलर धर्मपाल की हत्या में जेल गया था। हाल ही वह जमानत पर बाहर आया है। जमानत पर छूटते ही फिर प्रापर्टी का काम करने लगा। वहीं पुलिस घटना में शामिल दो अन्य की तलाश कर रही है।

## पंप कर्मियों ने कार सवार परिवार को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-छह स्थित पेट्रोप पंप पर रविवार देर रात रुपये को लेकर कर्मचारियों और कार सवार परिवार के बीच विवाद हो गया। कार सवार सौरभ त्रिपाठी का आरोप है कि पंप कर्मियों और मालिक ने उन्हें और उनके परिवार को पीटा। महिला से अभद्रता की। बचाव में वह भागे तो दौड़ाकर कर्मचारियों ने पकड़ा और लाठी-डंडों से पीटा। मोबाइल और पर्स लूट लिया। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने सौरभ त्रिपाठी की तहरीर पर हमलावर कर्मचारियों और मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कई कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी के मुताबिक अमेठी निवासी सौरभ त्रिपाठी दिल्ली में आईटी कंपनी में नौकरी करते हैं। सौरभ ने बताया कि वह भाई शोभित, आदर्श, शोभिता, पारिवारिक सदस्य मयंक शुक्ला, शिवम शुक्ला के साथ कार से दिल्ली से लौट रहे थे।

सेक्टर-छह में इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल डलवाने लगे। इस बीच कर्मचारियों से विवाद हो गया। विवाद के दौरान कर्मचारियों, मालिक और मैनेजर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर लात-घूसों से पीटा। बचाव में भागे तो दौड़ाकर लाठी-डंडों से धुनाई कर दी। महिला से अभद्रता की। पर्स और मोबाइल लूट लिया। सूचना पर



पुलिस कर्मी पहुंचे। इस बीच कई कर्मचारी भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कई को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

सौरभ के मुताबिक हमले के दौरान मयंक शुक्ला का हाथ और शिवम का पैर टूट गया है। दोनों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां शिवम की हालत नाजुक देख उसे भर्ती कर लिया गया। शिवम का इलाज चल रहा है।

हमले की सूचना पर गोमतीनगर विस्तार थाने से पुलिस बल पहुंचा। हमलावर कार सवारों को पीट रहे थे। दरोगा ने हमलावर कर्मचारी को हटाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनसे भी अभद्रता और धक्कामुक्की की।

## हिन्दी में एमसीक्यू ने छात्रों के छुड़ाए पसीने

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंडटमीडियट की परीक्षाएं आज, 24 फरवरी से शुरु हो गई है। लेकिन प्रयागराज में आज होने वाली परीक्षा कुंभ के चलते स्थगित कर दी गई। यह परीक्षा प्रयागराज में 9 मार्च को कराई जाएगी। यह फैसला जिला प्रशासन की तरफ से लिया गया है। प्रदेशभर में 8,140 केंद्रों पर 54 लाख से ज्यादा बच्चे इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पहला एग्जाम हिंदी का हुआ। एग्जाम देकर लौट रहे 10वीं के छात्रों के कई तरह से रिक्शन देखने को मिले। किसी ने कहा कि एग्जाम बहुत कठीन था, तो किसी ने कहा कि इससे सरल पेपर तो देखा ही नहीं। जब छात्रों से पूछा गया कि एग्जाम में सबसे कठीन क्या लगा इस पर उन्होंने कहा कि एमसीक्यू सॉलव करने में पसीने छूट गए। कुछ छात्रों ने कहा कि पेपर ज्यादा लंबा था की निबंध लिखने के समय काफी कम मिला। ऐसा लग रहा थी की कहीं पेपर



रह न जाए। 10 वीं के छात्र ने बताया कि जय माता दी करके कुछ जगाहों पर टिक लगा दिया और आगे बढ़ गए जिससे कहीं आगे का पेपर न रह जाए। परीक्षा के बीच लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने राजकीय जुबली इंटर कॉलेज स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया इसके साथ अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कंट्रोल रूम में लगे वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों से हर परीक्षा केंद्र पर नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने मॉनिटरिंग कर रहे कर्मचारियों से बातचीत भी किया और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कंट्रोल रूम में दो शिफ्टों में 10-10 कर्मियों की टीम लगातार परीक्षा की निगरानी कर रही है। आपको बता दें कि छात्रों का आज हिन्दी का एग्जाम हैं। बोर्ड की परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक थी वहीं दूसरी पाली दोपहर 2.00 बजे से शाम 515 बजे तक होगी। 17 जिलों के संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी की जा रही है. एसटीएफ, एलआईयू आदि एजेंसियां परीक्षा को देखते हुए सक्रिय हैं। एसटीएफ और एलआईयू की तैनाती परीक्षा की अवधि तक बनी रहेगी।

## जानकीपुरम के मृत्युंजय महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-2 स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय पूजन महोत्सव का समापन आज प्राण प्रतिष्ठा, सुंदरकांड पाठ और हवन के साथ हुआ। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजन कार्यक्रम का संचालन आचार्य जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान उपेंद्र सिंह सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सदाकांत शुक्ला, आईएएस प्रमुख सचिव विनय कृष्ण पांडेय महासचिव, गजेंद्र सिंह, अशुल, पिकी शुक्ला, देवेश सिंह, हिमांशु सिंह, अरविंद गुप्ता, विपिन शुक्ला सहित संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल और साठ फिटा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। महोत्सव में भारी संख्या में मातृ शक्ति और गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजन-अर्चन किया। धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण भक्ति भाव से गूंज उठा और श्रद्धालु पूर्ण आस्था के साथ भगवान मृत्युंजय महादेव के दर्शन के लिए उमड़े।

## होम्योपैथिक छात्रों ने कामकाज ठप कर की नारेबाजी, मरीज बिना इलाज लौटे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पीजी छात्रों ने सोमवार को कामकाज ठप कर प्रदर्शन किया। परिसर में नारेबाजी करते हुए विभाग के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। छात्र लंबे समय से स्टाइपेंड न मिलने से आक्रोशित हैं। कामकाज प्रभावित होने से पांच सौ से अधिक मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ा। होम्योपैथिक के निदेशक का दावा है कि दो दिन में छात्रों को स्टाइपेंड मिल जाएगा।

होम्योपैथिक कॉलेज के अलग-अलग बैच के पीजी छात्रों को छह साल से स्टाइपेंड या वेतन नहीं मिला है। लंबे समय से यह पीजी छात्र मुख्यमंत्री आईजीआरएस पोर्टल, आयुष महानिदेशक, निदेशक समेत अन्य अफसरों से पत्राचार कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। छात्रों का आरोप है कि विभाग की ओर से शासन को भी गलत जानकारी दे दी गई। आक्रोशित छात्रों ने गोमती नगर हैनीमैन चौराहा स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज परिसर में सोमवार को सुबह से ही कामकाज ठप कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। विभाग के अफसरों के खिलाफ नारेबाजी की। स्टाइपेंड हमारा अधिकार... आदि स्लोगन लिखे पोस्टर हाथ में लेकर प्रदर्शन किया। इस बीच ओपीडी में आने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल सका। मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ा। छात्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बैच 2018 व 2019 के छात्र-छात्राओं का आठ माह का स्टाइपेंड बकाया है। ऐसे ही बैच 2021 का 10 माह, बैच 2022 का नौ और बैच 2023 का छह माह का स्टाइपेंड का भुगतान अभी तक नहीं हो सकता है। छात्र-छात्राओं को समय से स्टाइपेंड नहीं मिलने से पढ़ाई, शोध, जरूरी सामग्री की खरीद, आवास किराया आदि का भुगतान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# कांग्रेस एटा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा किदवई नगर



▸ जिला अध्यक्ष अनिल सोलंकी ने लोगों की सुनी पीड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिला कांग्रेस कमेटी एटा का प्रतिनिधि मंडल आज किदवई नगर पहुंचा। वहां पर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा पीड़ित परिवार से मिला। पीड़ित परिवार ने कहा कि में बिजली कनेक्शन के लिए दो बार ऑन लाइन फार्म भरा,और एक मेरा ही मकान है रास्ता भी बंद है और सभी के गली में कनेक्शन है।मेरे महान में कनेक्शन नहीं है और में विद्युत विभाग के चक्कर काट काट कर परेशान हो गया हूँ। ओर मोहल्ले वालो ने बताया कि हमारी गली में नगर पालिका के द्वारा पानी की लाइन भी नहीं है । सल्लू हमदर्द वालो की गली में सभी लोग परेशान है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने भरोसा जताया कि जन समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी महोदय से मिल कर ज्ञापन देगे। इस अवसर पर ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष,मोहम्मद तस्बूर जिला अध्यक्ष शोशल मीडिया,अरविंद कश्यप जिला सचिव,फैसल हसन खान जिला सचिव,लल्ला बाबू शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग,शानू हसन खान,टीपू हसन खान आदि।

# राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के भतीजे की सगाई में पहुंचे गणमान्य लोग

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के भतीजे आशुतोष की शनिवार को सगाई थी। यह समारो गोविंदपुरम स्थित रामबाग फार्म हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक , एमएलसी , महापौर और गणमान्य लोगों ने दूल्हे आशुतोष को बधाई दी। इस दौरान आए गणमान्य लोगों का मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद भी दिया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री, सांसद और यूपी सरकार के मंत्री रहे मौजूद उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की अगुवाई में हो रहे इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री और नोएडा के पूर्व सांसद डॉ. महेश शर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर , सांसद अतुल गर्ग, पूर्व महापौर आशा शर्मा पूर्व महापौर आशु वर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा व्यापारी नेता अनिल सांवरिया, देवेंद्र हितकारी, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष रानीता सिंह, भाजपा महानगर महामंत्री सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल ,कुलदीप त्यागी, पवन गोयल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, अशोक अग्रवाल,ललित जायसवाल, सलामत मियां, मनोज गुप्ता, डॉ सौरभ जायसवाल राजकुमार कश्यप वीरेंद्र कश्यप प्रमोदकश्यप अजय कश्यप, सागर कश्यप सिद्धार्थ कश्यप विशाल कश्यप दीपक कश्यप अनुज कश्यप सचिन कश्यप राजीव कश्यप संजय कश्यप रुद्र प्रताप त्यागी सहित अन्य विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के भतीजे आशुतोष के सगाई समारोह में पहुंचने वाले अतिथियों और गणमान्य लोगों का उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्वागत किया। साथ ही उनका आभार भी प्रकट किया।

बता दें कि आशुतोष कश्यप नरेंद्र कश्यप के भतीजे हैं और कार्यक्रम गोविंदपुरम के रामबाग बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया था। जहां सुबह से लेकर शाम तक आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई व समारोह में शुभकामना देने के लिए भी पहुंचे।

# सीवरेज की गंदगी हिंडन में प्रवाहित करने वालों कि अब खैर नहीं



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** हिंडन नदीं में जो औद्योगिक इकाइयां सीवरेज का बिना शोधित पानी उत्सर्जित कर रही हैं उनपर निगरानी के लिए एक मजिस्ट्रेरियल टीम गठित कर जांच करने और अवैध रूप से सीवरेज जल प्रवाहित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिला गंगा समिति की बैठक में सीडीओ अभिनव गोपाल ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम, सिंचाई विभाग को नदी में बहने वाले अपशिष्ट को रोकने के लिए सभी उपाय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा है कि ड्रोन सर्वे कराया जाए कि किन नालों और औद्योगिक इकाइयों से उत्सर्जन किया जा रहा है और इसकी सूची गंगा समिति की उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि जो भी औद्योगिक इकाइयां हिंडन में सीवरेज की गंदगी प्रवाहित करती हुई पाई जाती है उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीडीओ अभिनव गोपाल ने बताया कि जल्द ही हिंडन महोत्सव का भी आयोजन कराया जाएगा जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# ईदगाह के पास दो बाइकों की भिड़ंत से किशोर व वृद्ध की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद/मसूरी।** कल्लूगढ़ी-डासना मार्ग पर ईदगाह के पास रविवार की दोपहर करीब 12 बजे दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। भीषण हादसे में एक बाइक पर सवार सुलेमान (65) निवासी कल्लूगढ़ी और अरमान हसन उर्फ अली (15) पुत्र नूर हसन निवासी कुशलिया की मौत हो गई। दोनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं लगाया था। दोनों के सिर पर ही गहरी चोट लगी थी। बाइकों की टक्कर की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि टक्कर से तेज आवाज हुई। इसे सुनकर वह पहुंचे।

टक्कर के बाद दोनों के सिर जमीन से टकराए थे। दोनों के सिर से खून बह रहा था। वे लोग घायलों को पास के निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि दोनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं लगाया हुआ था। तीन बहनों का इकलौता भाई था अली नूरहसन सैफी ने बताया कि अली अलहिरा स्कूल, डासना में आठवीं में पढ़ता था। वह घर से यह बताकर गया था कि स्कूल के शिक्षक से कुछ नोट्स लेने जा रहा है। तीन बहनों में अली इकलौता था। सुलेमान के परिजनों ने बताया कि वह डासना में अपने निर्माणाधीन मकान को देखने के लिए जा रहे थे। बीच में ही यह हादसा हो गया।

# अलीगंज पुलिस नें 1084 लीटर कच्ची शराब को कराया नष्ट



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज पुलिस द्वारा जब्त अवैध कच्ची शराब के निस्तारण हेतु चले गये अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत 1084 लीटर अवैध कच्ची शराब को नष्ट कराकर निस्तारण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान (ऑपरेशन क्लीन) माल निस्तारण के क्रम में ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी सदर, सतीश कुमार नायब तहसीलदार अलीगंज, निर्दोष सिंह सैगर प्रभारी निरीक्षक अलीगंज एवं रौदास कुमार, हेडमोहर्रिर थाना अलीगंज की उपस्थिति में 34 माल मुकदमाती 1084 लीटर अवैध शराब का निस्तारण किया गया। विनष्टीकरण किये गयी अवैध शराब का बाजारू मूल्य 2 लाख 75 हजार रुपये है।

# अलीगंज में 30 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू



▸ सात सेक्टर मजिस्ट्रेट व दो ज़ोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती, सी सी टी वी से की जा रही निगरानी

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा सोमवार ह्यद्व शुरू हो गई है। वही अलीगंज में 30 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नकलविहीन परीक्षा के लिए 7 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 2 ज़ोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सी सी टी वी लगाए गए हैं। जिला कंट्रोल रूम से इन कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशासन ने फ्लाइंग स्क्वॉड टीमें भी बनाई हैं। ये टीमें परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। सोमवार को सुबह हाई स्कूल का हिन्दी का पेपर था परीक्षा केंद्र के गेट के पास परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। वही परीक्षा दें रहे वच्चों की सघन तलाशी ली गयी। छात्रों की गहन तलाशी ली जा रही है। मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर पूर्ण प्रतिबंध है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।उपजिलाधिकारी अलीगंज विपिन मोरल ने बताया कि नकल या अनुचित गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई होगी। परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था की गई है। प्रशासन का लक्ष्य है कि छात्र शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दे सकें। शिक्षा विभाग ने इस वर्ष परीक्षा को पूरी तरह नकल मुक्त और निष्पक्ष बनाने का संकल्प लिया है। सभी केंद्रों पर सख्त निगरानी की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परीक्षार्थी बिना किसी दबाव के परीक्षा दे सकें।

# अग्रवाल समिति सेवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर एवं मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** श्री अग्रवाल सेवा समिति राज नगर एक्सटेंशन द्वारा राजनगर रेजिडेंसी सोसायटी के रॉयल क्लब हाउस में एक रक्तदान शिविर एवं मुफ्त आंखों की जांच करवाने का आयोजन वरदान हॉस्पिटल के सौजन्य से रविवार को किया गया। जिसमें अनेकों सोसाइटी के निवासियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया एवं अपनी आंखों की जांच मुफ्त में करवाई। इस शिविर में श्री अग्रवाल सेवा समिति के निम्न पदाधिकारी पुष्कर राज अग्रवाल संरक्षक, विनोद कुमार गर्ग अध्यक्ष, राजीव गुप्ता महामंत्री, के अलावा राजीव सिंघल, वी के अग्रवाल, गौरव गर्ग, अजय अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, गौरव गर्ग, अनुराग अग्रवाल एवं नितिन दादू उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि अग्रवाल समिति इस तरह के आयोजन विभिन्न स्थानों पर अक्सर करती रहती है तथा अग्रवाल समाज के युवाओं से आग्रह किया कि उन्हें अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकाल कर समाज के हित में कार्य करने के लिए स्वच्छ से आगे आना चाहिए।

# डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

▸ आपसी तालमेल कायम रखते हुए परम्परागत तरीके से महाशिवरात्रि, होली एवं अन्य त्योहारों को मनाएं

▸ आगामी त्योहारों पर जनपद में साफ सफाई, विद्युत, जलापूर्ति के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित कराए जाएं: डीएम

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जनपद में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि 26 फरवरी (बुधवार) व उर्स जलेसर 27 फरवरी (गुरुवार) एवं होलिका दहन व होली मिलन पर्व 13, 14 व 15 मार्च को मनाया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त कांवड़ यात्रा, रमजान माह/जुमे की नमाज आदि के साथ-साथ अगले माह में चैत्र नवरात्रि भी होगी। उक्त पर्व/त्यौहारों को सौहार्दपूर्वक मनाये जाने एवं जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शान्ति समिति महत्वपूर्ण बैठक जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों को लेकर शासन बेहद गंभीर है, मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें, आगामी त्यौहारों को आपसी सामंजस्य के साथ मनाएं। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए, प्रमुख शिव मंदिरों पर जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं एवं शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं। डीएम ने कहा कि कावड़ यात्रा वाले रूटों पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत पोलों को एक बार चेक करा लिया जाए तथा झूलते तारों को हटवाया जाए। सभी ईओ एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए, सामुदायिक शौचालय संचालित रहे।

विद्युत विभाग द्वारा रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाते हुए विद्युत आपूर्ति बेहतर ढंग से सुचारू रखी जाए। शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओ हेतु बनाए जाने वाले सहायता शिविरों में साफ-सफाई, मेडिकल एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। इसके साथ ही सहायता शिविर उचित स्थानों पर लगाते हुए शिविर के समीप संभ्रांत नागरिकों से भी वार्ता कर ली जाए।

डीएम ने कहा कि लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका द्वारा शिवालयों को जाने वाली सड़क मार्गों को एक बार चेक कर ठीक कराया जाए, जिससे कि सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो। डीएम ने जनपद के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं के साथ संवाद करते हुए आगामी त्योहारों को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया एवं मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनपद में शांति एवं सौहार्द की मिशाल कायम रहे। आगामी त्योहारों को मनाएं, साथ ही अधिक भीड़ वाले स्थानों पर वालिण्टियर का उपयोग किया जाए। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने कहा कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

# पुलिस ने दबोचे पेट्रोल पंप पर 10.70 लाख लूटने वाले दो बदमाश



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** पेट्रोल पंप पर लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। इन बदमाशों ने 10.70 की नकदी लूटी थी।सूत्रों के अनुसार मेरठ रोड की डीपीएस कट स्थित पेट्रोल पंप के मैनेजर से स्कूटी और 10.70 की नकदी लूटने वाले दो बदमाशों को जनपद हापुड़ की पिलखुआ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरोह ने पिलखुआ में गैस एजेंसी के मुनीम से लाखों रुपए की लूट की है।पुलिस का दावा है कि मई माह में राजनगर स्थित पेट्रोल पंप के मुनीम से भी इसी गिरोह ने लूटपाट की था। तीनों घटनाओं में चार बदमाश हैं और सभी बुलंदशहर के रहने वाले हैं। फिलहाल दो बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं।हालांकि मेरठ रोड पर हुई लूट की नकदी और स्कूटी बरामद नहीं हो पाई है। पुलिस की पकड़ से बाहर दो बदमाशों पर लूट की रकम और स्कूटी बताई जा रही है।

# सुविधाएं नहीं, तो टैक्स भी नहीं निगम कर्मचारियों का सोसाइटी के निवासियों ने किया कड़ा विरोध

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** निलाया ग्रीन सोसायटी में हाउस टैक्स शिविर लगाने गए कर्मचारियों का वहां के निवासियों ने विरोध जताया और हाउस टैक्स के बिलों की प्रतियां जलाईं। उनका कहना था कि जब तक नगर-निगम की तरफ से सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जाएंगी तब तक टैक्स नहीं देंगे। निवासियों के विरोध के बाद निगम की टीम वापस लौट गई।

सोसायटी निवासी सुयश चतुर्वेदी ने बताया कि सोसायटी को जाने वाली सड़क जो हम तुम रोड के नाम से जानी जाती है वह सड़क दो सालों से टूटी हुई। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। पिछले दो साल में इस सड़क पर हादसे में 15 लोग जान गवां चुके हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम में जब निवासी किसी काम को लेकर जाते है तो वहां कहा जाता है कि यह सोसाइटी हमारे कार्य क्षेत्र में नहीं आती, लेकिन टैक्स वसूली के लिए अधिकारी पहुंच जा रहे हैं। निवासी चंदन चौबे ने बताया कि निवासियों को न तो सड़क न ही स्ट्रीट लाइट की सुविधा मिल रही है। सड़क पर सीवर का पानी फैला रहता है और बड़े-बड़े गड्ढे हैं। कामकाजी महिलाएं शाम को अंधेरी सड़क से आने से डरती हैं। निगम की तरफ से निवासियों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि शिविर में आए नगर निगम के अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया है कि कि बिना सुविधा के कोई भी निवासी हाउस टैक्स नहीं भरेगा। शिवम पाराशर ने बताया कि यदि हाउस टैक्स का बिल संशोधित नहीं किया जाएगा तो सभी मोरटा निवासी आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

सोसाइटी निवासी स्कन्द कुमार ने बताया कि मेयर ने यह निर्देश दिया था कि नई टैक्स प्रणाली से टैक्स का बिल नहीं भेजना है। इसके बावजूद टैक्स प्रणाली से बिल भेज रहे हैं जो तीन से चार गुना अधिक है। इस दौरान विवेक अरोड़ा, सोनू चोपड़ा, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, पुष्पा रावत, सतीश ठाकुर, शिवम अवस्थी, सौरभ अरोड़ा, विनय जायसवाल, कर्ण सिंह, दिनेश चंद्र, गिरधर, मुकेश, धीरज राय, अनूप ,नीतिश राय मौजूद रहे।

# 38 मुकदमाती वाहनों की नीलामी करा प्राप्त धन को राजकोष में किया जमा



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज पुलिस द्वारा जब्त माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण हेतु चले गये अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत 38 वाहनों की नीलामी कराकर माल मुकदमाती वाहनों का निस्तारण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा राजकुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन माल निस्तारण के क्रम में ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी सदर, सतीश कुमार नायब तहसीलदार अलीगंज, निर्दोष सिंह सैगर प्रभारी निरीक्षक अलीगंज एवं रौदास कुमार, हेडमोहर्रिर थाना अलीगंज जनपद एटा की उपस्थित में माल मुकदमाती 38 वाहनों की नीलामी करायी गयी। जिसमे नीलामी रूपये 3 लाख 10 हजार रूपये के सापेक्ष 3 लाख 27 हजार रूपये की बोली फकरे आलम हुसैनी ट्रेडर्स, सहावर कासगंज की स्वीकृत हुई वाहनों की नीलामी से प्राप्त धन को राजकोष में जमा किया जाएगा।

# एमसीसी सिग्नेचर हाइट्स में एकादशी पर्व पर फूलों की होली का भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** मक़सद सिर्फ़ रंगों की होली ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता और श्रद्धा का संगम भी था। स्व्ष्ट सिग्नेचर हाइट्स, राजनगर एक्सटेंशन में एकादशी पर्व के शुभ अवसर पर फूलों की होली बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

होली आई होली आई
अपने संग उमंगे लाई
रंगों के इस समारोह में
आओ मिलकर आनंद मनाएंगे
फूलों की पंखुड़ियों के बीच
हम श्यामा श्याम को निहारेंगे।

सिग्नेचर हाइट्स की एकादशी कीर्तन मंडली द्वारा यह भव्य आयोजन 23 फरवरी 2025, रविवार को टावर 1 के सामने दोपहर 4 बजे से किया गया। इस उत्सव में समस्त समाजवासियों ने सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित भाग लिया और राधा-कृष्ण के संग फूलों की होली का भरपूर आनंद लिया। वृंदावन की होली का दिव्य अनुभव सिग्नेचर हाइट्स सोसाइटी में देखने को मिला। भगवान राधा-कृष्ण का फूलों से अभिषेक किया गया, जिसमें श्रद्धालु अपने ठाकुर जी को भी साथ ला सकते थे। राधा-कृष्ण की झांकी ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ब्रजवासियों के श्रीमुख से होली के रसिया का आनंद भी लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस आयोजन के लिए विशेष रूप से गुलाबी रंग की पोशाक को थीम के रूप में रखा गया था, जिससे समस्त वातावरण और अधिक मनमोहक बन गया। इस पावन अवसर पर सिग्नेचर हाइट्स की एकादशी कीर्तन मंडली की ओर से नेहा शुक्ला, रुचि, नीतू राजपूत, नीता सक्सेना, ऋचा भाटिया, एस के श्रीवास्तव, प्रेम, पवन द्विवेदी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इसके अलावा, ,ह्न के पदाधिकारी विपिन त्यागी, डॉ. प्रमोद हटवाल, मोनू कुमार त्यागी, डॉ. अनिल अग्रवाल, सत्यांशु श्रीवास्तव, अमित गुप्ता ने भी इस अनूठे आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

संक्षिप्त खबरें

### श्रीमती संतोष सिंह को ईआरडी फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया



**नोएडा।** मे समाज सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ई आरज़ डीज़ फाउंडेशन द्वारा नोएडा की वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती संतोष सिंह को दिल्ली के भारत मंडपम मे सम्मानित किया गया। इनके द्वारा नोएडा में गरीब असहाय लोगों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करना, वृद्धा पेंशन योजना लागू कराना, विकलांगो के लिए साइकिल छडी मुहैया कराना,कंबल वितरित करना जैसी अनेकों सेवाओं द्वारा समाज के सेवा कार्य में लगी रहती है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से जुड़वा भाइयों की मौत

**पाटन उन्नाव।** बिहार बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के मालिनकुआं के पास दो बाइकों में सवार पांच युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमे एक ही बाइक में सवार दो सगे जुड़वा भाई व एक मौसेरे भाई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक में सवार दो युवकों को मामूली चोट आई है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजने के बाद तीनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के मालिनकुआं के पास रविवार की रात करीब साढे बारह बजे दो बाइक सवार एक आवारा मवेशी से टकरा गये। टक्कर लगने के बाद वह जमीन पर जैसे ही गिरे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने एक बाइक में सवार तीन लोगों को बुरी तरह कुचल दिया। जिसमे सवार आदिल( 15 ),अरबाज ( 15 ) पुत्र स्वर्गीय आमिरखान व एक मौसेरे भाई सरफराज( 23 ) पुत्र सीनियर निवासी वार्ड नंबर 3 गल्ला मंडी भगवंतनगर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।दूसरी बाइक में सवार अफताब पुत्र सीनियर निवासी वार्ड नंबर 3 गल्ला मंडी भगवंतनगर, अरमान पुत्र आमिरखान निवासी मानिकापुर घायल हो गये। दिवंगत सरफराज की मंगनी भी तय थी। परिजनों के मुताबिक वह शादी समारोह में खाना बनाने का काम करते थे। रविवार की देर रात वह रायबरेली के पठई गांव से खाना बनाकर घर वापस लौट रहे थे। उसी समय हादसा हुआ। बिहार थाना प्रभारी सुब्रत तिवारी ने बताया कि हादसे मे मृतक तीनों युवकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दो घायल है जिनको इलाज के लिए सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी

**हरदोई।** विकास खंड सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। कृषि कल्याण केंद्र प्रभारी ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्नूलाल पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष कमलेश पाल ने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अजय अवस्थी, विजय प्रकाश बाजपेई और रामनरेश सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### यूपी बजट पर किसान यूनियन का विरोध

**हरदोई।** जिले में भारतीय किसान यूनियन अम्बावत संगठन ने उत्तर प्रदेश के बजट के खिलाफ कलेक्ट्रेट के धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। संगठन के मंडल अध्यक्ष अशोक राठौर ने बजट को किसान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के हित की कोई बात नहीं की गई है। गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपये होना चाहिए था, लेकिन यह भी नहीं किया गया। राठौर ने बताया कि महंगाई तीन से चार गुना तक बढ़ चुकी है। इसके बावजूद सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। इस कारण पूरे उत्तर प्रदेश के किसानों में सरकार के प्रति रोष है।

### बस ने बाइक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**हरदोई।** जिले के लोनार थाना क्षेत्र के न्योरादेव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद एक घायल युवक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के मगनपुर निवासी सुधीर के रूप में हुई है। बाइक सवार शाहजहांपुर जनपद के अल्लापुर के हथौड़ा गांव चौथ लेने जा रहे थे। दुर्घटना के बाद बस और कार चालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही लोनार पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर उमेश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी चालकों की तलाश कर रही है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पीस कमेटी की बैठक कर जुलूस के लिए जारी गाइड लाइन्स

**प्रतापगढ़।** जनपद में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में पीस कमेटी ने बैठक आयोजित की। थाना देल्हूपुर में थाना प्रभारी ने जुलूस आयोजकों, ग्राम प्रधानों और प्रमुख नागरिकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन्स की जानकारी दी। इसी तरह थाना संग्रामगढ़ में भी थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह भदौरिया ने पीस कमेटी की बैठक बुलाई। पुलिस का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना।

# 13 दिन पूर्व एक महिला का अधजला शव मिलने की सनसनीखेज घटना का किया सफल अनावरण

प्रेम प्रसंग में महिला द्वारा शादी का दवाब बनाने के चलते दिल्ली से महिला को साथ लाकर की थी हत्या, व शव को जलाकर सबूत नष्ट करने का किया था प्रयास। प्रकाश में आए तीन अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा।** थाना जैथरा पुलिस को मिली सफलता, थाना जैथरा पुलिस द्वारा करीब 13 दिन पूर्व एक महिला का अधजला शव मिलने की सनसनीखेज घटना का किया सफल अनावरण। प्रेम प्रसंग में महिला द्वारा शादी का दवाब बनाने के चलते दिल्ली से महिला को साथ लाकर की थी हत्या, व शव को जलाकर सबूत नष्ट करने का किया था प्रयास। प्रकाश में आए तीन अभियुक्त गिरफ्तार। 11 फरवरी को थाना जैथरा पर ग्राम नगला मोहन बम्बा धुमरी के पास एक खेत में एक अज्ञात महिला का अधजला शव पडा होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच अज्ञात महिला के शव को कब्जा पुलिस में लेते हुये पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। प्रकरण में थाना जैथरा पर बी एन एस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्याम नारायण सिंह द्वारा उपरोक्त अभियोग के शीघ्र अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक एटा राजकुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अलीगंज शुधांशू शेखर के निकट पर्यवेक्षण में थाना जैथरा पुलिस द्वारा सोमवार को उपरोक्त घटना में प्रकाश में आए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों से पूछताछ के बाद थाना जैथरा ने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा महिला की शिनाख्त मीना करण सिंह के रूप में की गई। महिला मुम्बई के ठाणे की रहने वाली थी जो कि अनाथ थी घर पर उसका कोई नहीं था फेसबुक के माध्यम से वह अभियुक्तों के सम्पर्क में आई थी।

अभियुक्त अखिल प्रताप व श्री कृष्ण की महिला से करीब 7-8 महीने पहले फेसबुक से मित्रता हुयी थी मित्रता के नाते महिला का अभियुक्तगणों के लॉनी बार्डर स्थित आवास पर आना जाना होने लगा जहां महिला के साथ दोनों के अवैध संबंध स्थापित हो गए। कुछ दिन बाद महिला द्वारा दोनों अभियुक्तों के ऊपर शादी करने,अथवा 2 लाख रूपये देने का दबाब बनाया जाने लगा अन्यथा बलात्कार का मुकदमा लिखाने की धमकी दी जाने लगी। अभियुक्तगण के द्वारा सलाह मशविरा करके महिला की हत्या करने का योजना बनाई गई। दोस्त अभियुक्त अभियुक्त गण अपने मित्र रूद्रप्रताप को साथ लेकर महिला को घर चलने के बहाने रोडवेज बस से धुमरी लेकर आये। तीनों अभियुक्तों के द्वारा नगला मोहन को जाने वाले रास्ते के पास स्थित बम्बे के पास स्थित खेतों में महिला की गला दबाकर व सिर में ईंट मारकर हत्या कर दी एवं ईंट को पास में बम्बे में फेंक दिया।

# इण्टर व हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित



602 छात्रों के सापेक्ष 16 गैरहाजिर रहे।

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** राजकीय इंटर कालेज धौरहरा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हुई। जिससे कुल 602 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 16 बच्चों ने परीक्षा छोड दी।

सोमवार 24 फरवरी से शुरू हुई हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा बोर्ड प्रयागराज द्वारा धौरहरा के राजकीय इंटर कालेज में कुल 602 छात्रों की परीक्षा आयोजित होनी थी। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कालेज धौरहरा से कक्षा 10 की 162 राजकीय बालिका प्रतापपुर से 29, राजकीय बालिका वाली 23,खालसा इंटर कालेज टापर पुरवा 29, राजकीय वाली 66 छात्र,खालसा इंटर कालेज टापर पुरवा 26, लड़के व कक्षा 12 की 226 छात्राओं सहित कुल 602 छात्रों को परीक्षा देनी थी। समाचार प्रेषण तक कुल 16 छात्रों द्वारा परीक्षा छोड़ी है।यह जानकारी राजकीय इंटर कॉलेज धौरहरा के प्रधानाचार्य रजनीश वर्मा ने दी।

### पंचायती राज और विकास योजनाओं पर प्रशिक्षण

**हरदोई।** माधौगंज विकास खंड के सभागार में सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी और सहायक विकास अधिकारी अविनाश मोहन वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंचायती राज निदेशालय के मास्टर ट्रेनर सौरभ कुमार गुप्ता ने ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों को पंचायत राज धारा 5, 15 और 95 की जानकारी दी। ट्रेनर इतिशा गुप्ता ने सतत विकास लक्ष्य और ग्राम पंचायत विकास योजना पर प्रकाश डाला। खंड प्रेरक कमलेश द्विवेदी ने स्वच्छ भारत मिशन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सचिव आकाश कुमार, आशुतोष अवस्थी, सोबरन लाल, अनुज कुमार, विजय कुमार और मोहसीन उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान संध्या सिंह, अनीता देवी, नन्ही देवी और पूजा सिंह सहित अन्य लोगों ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया।

# वाईएसएस फाउंडेशन का स्वच्छ यमुना अभियान



250 से अधिक स्वयंसेवकों ने कालिंदी कुंज यमुना तट किया स्वच्छ

देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** वाईएसएस फाउंडेशन ने नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के सहयोग से कालिंदी कुंज यमुना तट पर सफाई अभियान चलाया, जिसमें 250+ स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संस्थान के यमुना कॉर्डिनेटर दिनेश कुमार ने कहा, यमुना का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। यह अभियान सिर्फ सफाई ही नहीं, बल्कि एक स्थायी पर्यावरण आंदोलन है।

यह वाईएसएस फाउंडेशन की 200वीं यमुना सफाई पहल थी, जिसमें छात्रों, पेशेवरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया।

# 2500 डाटा केबिल की बिक्री पर थाईलैंड की नि:शुल्क सैर करायेगी मैक पावर मोबाईल कम्पनी



लोकमित्र,ललित

**पलियाकला-खीरी।** मोबाइल के सहायक उपकरण निर्माण के क्षेत्र में देश की ख्याति प्राप्त कंपनी मैक पावर मोबाईप एन्ड असेसरीज के अधिकृत डीलर न्यू बालाजी इंटरप्राइजेज शोरूम का शुभारंभ पलिया नगर के तहसील गेट के सामने डा. सक्सेना गली में मै. न्यू बालाजी ग्रुप की फाउंडर श्रीमती दया गुप्ता, संजय गुप्ता, आयुष गुप्ता एवं कंपनी के विपणन अधिकारी पंकज कुमार व आशुतोष झा द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्थानीय गांड मारने नागरिकों को संबोधित करते हुये कंपनी के विपणन अधिकारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा घोषित स्कीम के अनुसार तीन माह के भीतर दो हजार पांच सौ डाटा केबल बेचने वाले दुकानदारों को थाईलैंड की निःशुल्क यात्रा करवाई जायेगी।

जिसमें थाईलैंड आने जाने रूकने एवं भोजन आदि की समस्त व्यवस्था कंपनी की ओर से करवाई जायेगी। प्रतिष्ठान के स्वामी गुप्ता हर्षित गुप्ता ने शुभारंभ के अवसर पर पधारे सभी गणमान्य जनों को कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता एवं मूल्य से परिचित कराते हुये सभी का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान के तकनीकी विशेषज्ञ सुशील राठौर, गोदाम प्रभारी सुमित वर्मा,ग्राहक सेवा कर्मचारी अंकित रावत, शिवा रावत, दीपेश गिरी आदि कर्मचारियों सहित नगर के गांड मारने मोबाइल व्यवसाय आदि उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटा शीरा भर टैंकर

चपेट में आया चौकीदार अखिलेश, मामूली चोटिल

लोकमित्र ब्यूरो



**धौरहरा-खीरी।** सोमवार सुबह ढखेरवा सिसैया हाईवे पर शीरा भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटने से एक व्यक्ति चपेट में आने से घायल होने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को ष्द्ध ष में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

प्राप्त विवरण के अनुसार ढखेरवा सिसैया हाईवे के किनारे स्थित महादेव क्रेशर से टैंकर नंबर ह्स्न्1छ्व--4172 शीरा लोड कर तुलवाई कराने धौरहरा धर्मकांटा आया था वापसी करते समय क्रेशर पहुंचने से पहले ही अनियंत्रित होकर 11 बजे सडक किनारे पलटने से मौजूद चौकीदार अखिलेश चपेट में आ गया। टैंकर पलटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कफारा चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह व फायर ब्रिगेड ने घायल को ष्द्ध ष धौरहरा में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। टैंकर पलटने से उसमें भरा शीरा सडक से लेकर खेतों तक बिखर गया।

# फांसी पर लटकी छात्रा, जांच शुरू

सुनील बाजपेई



**कानपुर ।** 20 हजार नहीं देने पर फेल किए जाने से नाराज छात्रा ने फांसी लगा ली।जानकारी होने पर उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से जहां उसके परिवार में कोहराम मचा है। वहीं राम नर्सिंग कॉलेज के छात्रों में भी रोष व्याप्त है । फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक दोषी पाए गए व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मिली जानकारी के मुताबिक बर्रा दामोदर नगर के रहने वाले जयकरन सचान प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी रश्मि सचान टीचर है। मौके पर पहुंची पुलिस को जानकारी देते हुए पिता जयकरन ने बताया कि बेटी आरती सचान ( 21 ) रामा यूनिवर्सिटी से नर्सिंग के चौथे साल की पढ़ाई कर रही है। 20 फरवरी को उसका सेमेस्टर रिजल्ट आया था। इसमें उसे आधे नंबर से फेल कर दिया गया। इस वजह से आरती तनाव में थी।

पिता द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक वह मां से भी फोन पर बात करते हुए रिजल्ट को लेकर रोई थी।

इस घटना की जानकारी तभी जब मिलने के बाद उसका फोन नहीं उठा। तब वहां पहुंचकर खिड़की से झांक कर देखा तो कमरे में आरती फांसी के फंदे सी लटकी हुई थी जिसे उतारने के बाद लगाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चर्चा का विषय बनी इस घटना की जांच पुलिस शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक आरोप सही पाए जाने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बस और कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई।** जनपद के लोनार थाना क्षेत्र के न्योरादेव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बस और कार की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना उस समय हुई जब तीन लोग बाइक पर चौथ लेकर शाहजहांपुर के अल्लापुर के हथौड़ा गांव जा रहे थे। पहले बस ने बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने भी टक्कर मार दी। हादसे में मृतक की पहचान बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के मगनपुर निवासी सुधीर के रूप में हुई है। टक्कर के बाद बस और कार चालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी और आरोपी वाहन चालकों की तलाश की जा रही है।

# मोटापा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या, जीवनशैली में सुधार से कम होगा मोटापा

नियमित व्यायाम के साथ खानपान में सुधार से मोटापे की समस्या रहेगी दूर

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोटापा कम करने को लेकर शुरू किए गए अभियान का फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता ने स्वागत किया है।

डॉ डी.के. गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किया गया यह अभियान लोगों को जागरूक करेगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। अगर लोग अपने खान-पान पर ध्यान दें और नियमित व्यायाम करें, तो मोटापे की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

मोटापा भारत में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। खासकर युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। उन्होंने बताया कि मोटापे का मुख्य कारण असंतुलित खान-पान और खराब जीवनशैली है। अधिक कार्बोहाइड्रेट और वसा युक्त भोजन का सेवन, जैसे कि चावल, रोटी, चीनी और तेल का अधिक मात्रा में उपयोग, मोटापे को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, फास्ट फूड और पैकेज्ड फूड का अत्यधिक सेवन भी मोटापे का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि जंक फूड, अधिक तेल, चीनी और कैलोरी युक्त भोजन का सेवन मोटापे को बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होती है। यदि परिवार में किसी को मोटापे की समस्या है।

तो अगली पीढ़ी को भी इसका खतरा अधिक रहता है। खराब मानसिक स्वास्थ्य और अनियमित नींद चयापचय (मेटाबॉलिज्म) को प्रभावित करती है, जिससे वजन बढ़ता है। थायरॉयड, डायबिटीज और अन्य हार्मोनल समस्याएं मोटापे का कारण बन सकती हैं।

मोटापे के कम करने के लिए जरूरी है संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें। तेल और कैलोरी का सेवन सीमित करें। रोजाना कम से कम 30 मिनट की एक्सरसाइज करें, जैसे योग, वॉकिंग, रनिंग, और साइकलिंग। अधिक वजन होने पर डॉक्टर की सलाह लें और जरूरत पड़ने पर चिकित्सा उपचार अपनाएं। देर रात खाना खाने से बचें, समय पर सोएं और स्ट्रेस मैनेजमेंट करें।

अत्यधिक मोटापे के मामलों में बैरिएट्रिक सर्जरी एक विकल्प हो सकता है। बता दे कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात%कार्यक्रम में मोटापे की गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर चर्चा की और इसके नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर आठ में से दूसरा व्यक्ति मोटापे की समस्या से जूझ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक 2022 में दुनिया भर में 250 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से ग्रस्त थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने खानपान में बदलाव लाएं और हर महीने खाने में 10 प्रतिशत कम तेल का उपयोग करें। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

**मोटापे के लक्षण:-**

शरीर का वजन और चर्बी सामान्य से अधिक बढ़ जाना।

तेजी से सांस फूलना और कम ऊर्जा महसूस करना।

जोड़ों और घुटनों में दर्द।

रक्तचाप और शुगर लेवल में वृद्धि।

नींद से संबंधित विकार (स्लीप एपनिया)।

**मोटापे से बचाव के उपाय:-**

रोजाना हेल्दी डाइट लें और प्रोसेस्ड फूड से बचें।

दिनचर्या में एक्सरसाइज और योग को शामिल करें।

पानी अधिक मात्रा में पिएं और हाइड्रेटेड रहें।

पर्याप्त नींद लें और तनाव को कम करने के उपाय अपनाएं।

नियमित हेल्थ चेकअप कराएं ताकि वजन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखी जा सके।

### सिकंदरपुर में साईं धाम में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**हरदोई।** सेमरी गांव स्थित साईं धाम मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हो गया है। स्थानीय हॉस्पिटल संचालक द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। कथावाचक अमित नंदन जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्म और बाल लीलाओं का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने बड़ी भक्तिभाव से कथा श्रवण किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम जनकल्याण के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अगले चरण में 27 फरवरी को निराला म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मां ज्वाला का विशाल जागरण होगा। मां ज्वाला की ज्योति लाने के लिए सोमवार को मां ज्वाला मंदिर से शक्तिपीठ मां ज्वाला मंदिर, हिमाचल प्रदेश के लिए प्रस्थान किया। कार्यक्रम का समापन 28 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा।

# अचानक अधेड़ फालोवर की हुई मौत

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

लोकमित्र ब्यूरो



**धौरहरा-खीरी।** सोमवार दोपहर कोतवाली धौरहरा में तैनात फालोवर की अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली धौरहरा में करीब 10 वर्षों से तैनात थाना क्षेत्र ईसानगर निवासी फालोवर पैकरमा प्रसाद 55 वर्ष सोमवार सुबह की शिफ्ट का खाना बनाने के बाद पडोस स्थित अपने आवास चला गया वहा अचानक तबियत खराब होने के कारण पड़ोसियों व पुलिस कर्मियों द्वारा करीब एक बजे सीएचसी धौरहरा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान फालोवर पैकरमा प्रसाद की मौत हो गई। घटना बाद पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि काफी समय से बीमार होने के कारण मौत हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कन्फर्म होगा।

# मदरसा जामे अरबिया में समारोह पूर्वक मनाया गया जश्ने दस्तारबंदी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** शहर के खैराबाद मोहल्ले में स्थित मदरसा जामे अरबिया सुल्तानपुर में जश्ने दस्तारबंदी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अहमद वारसी प्रिंसिपल जामे अरबिया सुल्तानपुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आगाज़ तिलावते कुरआन पाक से हुआ। हसीब अहमद सिद्दीकी ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य वक्ता मौलाना सैय्यद शमीमुद्दीन मुनीमी पटना बिहार ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप लोग बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ साथ धार्मिक शिक्षा भी ज़रूर दें। सुल्तानपुर का इतिहास बताते हुए कहा कि आप लोग सुल्तान हैं। सुल्तानपुर के दो मशहूर शायर हुए हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में सुल्तानपुर का नाम रौशन किया है। जिनमें प्रमुख नाम अजमल सुल्तानपुरी व मजरूह सुल्तानपुरी है। मौलाना सैय्यद सलमान अशरफजायस ने मदरसों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मदरसों में इंसानियत की शिक्षा दी जाती है। यहां पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सीखते हैं। उन्होंने माता-पिता के सम्मान पर भी जोर दिया। मदरसे के दस बच्चों को आलिम, हाफ़िज़ और पांच को किरत की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें दस्तार, प्रमाणपत्र और माला पहनाई गई। वहीं दस्तार बंदी के दौरान मौलाना मंजूर अहमद खान शेख-उल-हदीस , मौलाना अब्दुल लतीफ इमाम जामा मस्जिद चौक, मुफ्ती रईस अख्तर, मौलाना अब्दुल मोबीन अजहरी, हाफिज ज़ाकिर, कारी मोबीन, शायरे इस्लाम ज़ाकिर इस्माइली अज़मत सुल्तानपुरी के अलावा गणमान्य व्यक्तियों में मो0 सलीम सेठ मैनेजर, निसार अहमद गुड्डू प्रबंधक, हाजी हारून, समाजसेवी हाजी मो0 इलियास खान आदि मौजूद रहे।

## शुभ अवसर पर पौधे रोपित कर पर्यावरण शुद्ध कर यादगार बनायें



**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील अंतर्गत नंदौली ग्राम सभा प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने अपने पुत्र की मंगनी के अवसर पर आम का एक पौधा रोपित किया। उन्होने वार्ता के क्रम में बताया कि आज के दिन को यादगार बनाने के लिए ये पौधा लगाया है यदि हर आदमी अपने शुभ अवसर पर कोई भी पौधे का रोपण करे तो जो मौजूदा समय में पर्यावरण दूषित हुआ है उसको शुद्ध करने में मदद मिलेगा इसके साथ पौधा से जो फल या धन अर्जित होगा वो वो अलग। किसान जमील ने बताया कि हम इसी तरह से पौध रोपित कराकर पूरी बाग तैयार कर लिए जिसमें फल भी आने शुरू हो गए आगे भी यही प्रयास रहेगा।

# हाईवे के अधूरे निर्माण व खराब पड़े कैमरों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** लखनऊ वाराणसी हाईवे पर पखरौली स्थित अधूरे पड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पुल के निर्माण में देरी व रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे खराब पाए जाने की समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र सौंप कर कार्यदाई संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र देने के बाद मीडिया से रूबरू हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा महाकुंभ के अवसर पर करोड़ों लोगों ने देशभर से आकर गंगा व संगम में स्नान किया काशी विश्वनाथ व अयोध्या में दर्शन पूजन किया

इस दौरान जिले में करोड़ों लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अव्यवस्थाओं का आलम यह रहा कि लोग घंटो जाम में फंसे रहे सबसे ज्यादा परेशानी सुल्तानपुर जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरे पड़े निर्माण व पुल के कारण हुई जबकि लगातार वाराणसी व लखनऊ मार्ग पर टोल टैक्स की



वसूली जारी रही। सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के सुरक्षा में लगाए गए कैमरे खराब पड़े रहे। महाकुंभ जाने वाले लाखों यात्रियों में सुरक्षा का खतरा रहा। सरकार प्रचार में व्यस्त रही लोगों को जाम में उलझा कर उन्हें खूब परेशान किया। कार्यदाई संस्थाएं भी लाभ के चक्कर में निर्माण व व्यवस्थाओं को समय से पूरा नहीं कर सकी जिससे यह परेशानियां बढ़ी। सरकार द्वारा उन पर कार्यवाही करनी ही चाहिए जिससे उन्हें सबक मिले और नागरिकों को भविष्य में परेशानी ना हो। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता होशिला प्रसाद भीम, सुब्रत सिंह सनी अतहर नवाब पवन मिश्रा नन्हे देवेंद्र तिवारी प्रदीप सिंह इमरान अहमद अजेंद्र पांडेय विभु गुड्डू जायसवाल नफीस फारुकी विजयपाल गौतम आर वी पांडेय शीतला प्रसाद साहू आदि मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई टली, 6 मार्च होगी सुनवाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई टली, 6 मार्च को होगी सुनवाई। नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सोमवार को विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष कोर्ट में परिवादी के अगले गवाह से राहुल गांधी के अधिवक्ता को जिरह करना था। लेकिन गवाह की ओर से परिवादी के अधिवक्ता ने हाजरी माफी लगा दिया। ऐसे में अब 6 मार्च को मामले में सुनवाई होगी। इस साल की शुरुआत में 2 जनवरी और 10 जनवरी को वकीलों की हड़ताल के कारण सुनवाई स्थगित हो गई थी। 30 जनवरी को राहुल के वकील काशी शुक्ला की बीमारी के कारण जिरह नहीं हो सकी। 11 फरवरी को परिवादी से जिरह पूरी हुई। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मान हानि का परिवाद कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। 26 जुलाई को दर्ज हुआ था राहुल गांधी का बयान विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। दर्जन भर तारीख पड़ने के बाद बीते 26 जुलाई को राहुल कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताया, कहा था मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है। इसके बाद कोर्ट में वादी को साक्षय प्रस्तुत करने के निर्देश हुए। 12 अगस्त को सुनवाई की तिथि थी, जहां विशेष कोर्ट के जज अवकाश पर रहे और सुनवाई टल गई। इसके बाद 23 अगस्त को मामले में सुनवाई इस कारण टली कि वादी मुकदमा भाजपा नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रार्थना पत्र दिया की उनका वादी अस्वथ्य है। कोर्ट ने इस पर 5 सितंबर को सुनवाई की डेट लगाया। 19 सितंबर को सुनवाई के दौरान वादी के अधिवक्ता ने मुकदमें में व्यस्तता के चलते समय मांगते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर 21 सितंबर को सुनवाई हुई, कहा गया कि बार एसोसिएशन के मेडिकल कैम्प के चलते आज सुनवाई नहीं हो सकती जिस पर कोर्ट ने 1 अक्टूबर की डेट लगाया। एक अक्टूबर को भी वादी भाजपा नेता के अस्वस्थ होने की अर्जी दी गई। तब कोर्ट ने नौ अक्टूबर की तिथि सुनवाई के लिए नियत की थी। नौ अक्टूबर को वादी से राहुल के अधिवक्ता ने तीखे सवाल किए थे। वादी ने यहां साक्षय भी पेश किया था।

# जिले में 127 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। सुल्तानपुर के 127 परीक्षा केंद्रों पर कुल 79,666 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 39,785 और इंटरमीडिएट के 39,881 छात्र हैं। पहले दिन अनिवार्य विषय हिंदी की परीक्षा है। प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। नकल रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले को पांच जोन में बांटा गया है। हर जोन के उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 127 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शहर के जीआईसी में ऑनलाइन मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से परीक्षा पर लगातार नजर रखी जाएगी। छह सचल दल केंद्रों पर छापेमारी करेंगे। हर केंद्र पर स्ट्रांग रूम और डबल लॉक वाली अलमारी की व्यवस्था की गई है। परीक्षा 12 मार्च तक चलेगी। बीएसए रविशंकर ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है। इनमें पहले दल का नेतृत्व डीआईओएस रविशंकर खुद करेंगे। वहीं शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। परीक्षा कराने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं पर्याप्त सुरक्षा में केंद्र व्यवस्थापक यहां लाकर जमा करेंगे। केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और वाइस रिकार्डर को क्रियाशील रखने की हिदायत दी गई है। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है। इनमें पहले दल का नेतृत्व डीआईओएस रविशंकर खुद करेंगे। वहीं, शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। परीक्षा कराने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं पर्याप्त सुरक्षा में केंद्र व्यवस्थापक यहां लाकर जमा करेंगे।

# कार्ड बांटने जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**सुल्तानपुर।** शादी का कार्ड बांटने जा रहे दो युवकों की अंबेडकर नगर के महरूआ थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में मौत हो गई है। मृतकों में एक व्यक्ति की बेटी की शादी 3 मार्च को होनी थी। सुल्तानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बिसनागरपुर भटपुरा निवासी रौशन लाल निषाद अपने पड़ोसी शिव प्रसाद निषाद के साथ बेटी की शादी का कार्ड बांटने गए थे। 23 फरवरी की शाम करीब 5 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान महरूआ थाना क्षेत्र के बलईपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



स्थानीय लोगों ने दोनों को बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर मनीष केसरवानी ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रौशन लाल निषाद के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। उनकी बड़ी बेटी माधुरी की शादी के लिए शेखपुर पलीवारी अंबेडकर नगर से बारात आनी थी। उनकी पत्नी फूल कुमारी और बच्चे माधुरी, दीपांशी, श्रद्धा और सनी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं शिव प्रसाद निषाद के तीन बच्चे राज, आयुष और अर्पित तथा पत्नी रीमा भी शोक में डूबे हैं।

# पहले दिन बोर्ड परीक्षा में 1736 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में 67 केन्द्रों पर शुरू हुई बोर्ड परीक्षा, चप्पे चप्पे पर उड़ाका दल व मजिस्ट्रेट का रहा पहरा

**बलरामपुर।** सोमवार से माध्यमिक शिक्षा परिषद के यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई है पहले दिन 67 केंद्र पर हाई स्कूल हिंदी विषय में 19392 छात्रों ने परीक्षा दी है 1151 अनुपस्थित रहे हैं वहीं इंटरमीडिएट में 14959पंजीकृत छात्रों में14374 परीक्षा दी है। 585 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर जहां जिलाधिकारी से लेकर संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने केंद्रों की सघन जांच की है वही केंद्र पर परीक्षा सीसीटीवी एवं कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में हो रही है। जिले में नल को रोकने के लिए पांच सचल दल लगातार परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण में लग रहे हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाई स्कूल में 67 केंद्र पर दो पाली में परीक्षा आयोजित हुई है। पहली पाली में हाई स्कूल में 20543 पंजीकृत छात्रों में 19392 शामिल हुए हैं 1151 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिंदी में 14959परीक्षार्थी पंजीकृत रहे हैं 14374छात्रों ने परीक्षा दी है 585अनुपस्थित रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिसटिक्स मजिस्ट्रेट की तैनाती रही है। पहले दिन सभी केंद्र पर शांतिपूर्ण नकल विहीन परीक्षा आयोजन की बात कही गई है। परीक्षा की पल-पल की निगरानी विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे से जिला कंट्रोल रूम एवं राज्य कंट्रोल रूम के माध्यम से लिया जाता रहा है। नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर प्रत्येक केंद्रपर पुलिस का पहरा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने के पूर्व तमाम छात्र को प्रवेश पत्र दिया गया। प्रश्न पत्र एवं कॉपियां समय से वितरित होने की बात कही गई है जिले में पेपर आउट होने की कहीं भी बात सामने नहीं आई है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं चल दल की निगरानी में परीक्षा चल रही है

### केंद्र की पल-पल रिपोर्ट लेते रहे जिला बार राज्य कंट्रोल रूम

जिले के 67परीक्षा केंद्रपर यूपी बोर्ड परीक्षा सोमवार से दो पाली में शुरूहुई प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय एवं द्वितीय पाली में इंटर हिंदी विषय की परीक्षा हुई नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर जिला कंट्रोल रूम एवं राज कंट्रोल रूम सीधे ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा की गतिविधि की पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे हैं। किसी भी केंद्र पर नकल होने की सूचना नहीं है। पहले दिन सभी केंद्र पर जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटस मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई है।

### जिम्मेदार के बोल

जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद की मानेतो जिले में पहले दिन दो पाली हाई स्कूल इंटरमीडिएट हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई है। परीक्षा के प्रत्येक गतिविधि पर कंट्रोल रूम की निगरानी रही है इसके साथ-साथ जोनल सेक्टर एवं स्टैटिसटिक्स मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में परीक्षा संपन्न हुई है।

जिले में गठित पांच उड़ाका दल भी केंद्रों चल रही परीक्षा के पल पल रिपोर्ट से अवगत होते रहे हैं।

### संकलन कक्ष एवं परीक्षा केंद्र का डीएम एवं जेडी ने की जांच

यूपी बोर्ड परीक्षा में केंद्र बना एमपीपी इंटर कॉलेज का प्रथम पाली में ही परीक्षा शुरू होते ही जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल, सदर उप जिलाधिकारी , एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा चलने की बात कही है। किसी केंद्र पर जिला संकलन केंद्र भी स्थापित है जहां पर उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था है। इस केंद्र का भी संबंधित अधिकारियों ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संकलन केंद्र प्रभारी को दिए हैं।

### परीक्षा की कहानी छात्रों की जुबानी

जिला मुख्यालय पर हाई स्कूल परीक्षा देकर निकली छात्रा रिया पाण्डेय ने बताया कि हिंदी प्रश्न पत्र में पूछे गए सभी प्रश्न सिलेबस के रहे हैं। प्रश्न पत्र अच्छे रहे हैं प्रश्न पत्र हल करने के लिए बोर्ड से निर्धारित समय पर्याप्त रहा है। छात्रा महिमा मिश्रा ने बताया कि प्रश्न पत्र सरल और सहज रहे हैं जो विद्यालय में पढ़ाया गया इस पैटर्न से आया है। केंद्र पर समय से प्रश्न पत्र उत्तर पुस्तिका मिली है और समय से जमा किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के केंद्र पर परीक्षा देकर वापस आ रहे छात्र मुकेश कुमार ने बताया कि प्रश्न पत्र उन छात्रों के लिए सरल एवं अच्छे रहे हैं जिन्होंने साल भर पढ़ाई की है सिलेबस के अनुरूप प्रश्न पूछे गए हैं। केंद्र पर समस्या प्रश्न पत्र उत्तर पुस्तिका दी गई है। इंटर छात्र अभिषेक कुमार ने बताया कि हिंदी प्रश्न पत्र अच्छा रहा है सिलेबस के आधार पर प्रश्न पूछे गए हैं। छात्र विवेक कुमार ने बताया कि केंद्र पर समय से प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराने से समय से प्रश्न पत्र हल हुए हैं।

### पांचो सचल दस्ते की निगरानी में रहे केंद्र

पहले दिन डीआईओएस उड़ाका दल ने प्रथम पाली में एमपीपी इंटर कॉलेज, पब्लिक सिटी मोंटेसरी स्कूल अगर हवा, पार्वती देवी इंटर कॉलेज हरिहरगंज तालुकदार सिंह इंटर कॉलेज लौकहावा मीरा देवी पटेल इंटर कॉलेज बहादुरगंज का निरीक्षण किया है। द्वितीय पाली में ऋतुराज सिंह इंटर कॉलेज मुड़ीला, एमडीके बालिका विद्यालय रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज बद्रीनारायण मिश्रा इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया है सभी केंद्र नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा होने की बात कही है। इसी क्रम में डाइट सचल दल चंद्रमणि मिश्रा, बेसिक शिक्षा सचल दल शुभम शुक्ला एवं वित्त लेखा अधिकारी सचल दल विवेक पांडेय ने भी परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया है। उड़ाका दल ने केंद्र के सीसीटीवी कैमरे के सक्रियता का भी जांच किया है।

# बीएससी छात्रों ने चीनी मिल का भ्रमणकर तकनीकी उपकरणों से हुए अवगत

## बीसीएम तुलसीपुर का एमएलके पीजी कॉलेज छात्रों ने किया एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण



**बलरामपुर।** सोमवार को एम एल के महाविद्यालय वनस्पति विज्ञान विभाग के बी0 एस0 सी॰ प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया यह भ्रमण तुलसीपुर चीनी मिल का कराया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुभवात्मक एंव व्यावहारिक शिक्षा पर ज़ोर देती है इस औद्योगिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को चीनी उत्पादन की प्रक्रिया, गन्ने के प्रसंस्करण, और औद्योगिक तकनीकों की जानकारी देना था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे0 पी0 पांडेय के निर्देशन एंव संयोजक राहुल यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मिल के विभिन्न विभागों का दौरा किया ।विशेषज्ञों से चीनी उत्पादन की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मिल के प्रबंधक मानव संसाधन आशीष सिंह ने गन्ने से चीनी निर्माण की विस्तृत प्रक्रिया को समझाया और छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया।छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया उन्होंने कहा कि इससे उनकी औद्योगिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ बढ़ी है। महाविद्यालय प्रशासन ने भी इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राओं को छात्रों के लिए लाभकारी बताया और भविष्य में अन्य उद्योगों के भ्रमण की योजना बनाने की बात कही। विभागाध्यक्ष डा राजीव रंजन ने चीनी मिल के विषय में छात्र छात्राओं को जानकारी दी तथा औद्योगिक भ्रमण में सहयोग प्रदान करने के लिए तुलसीपुर मिल के एच॰ आर0 आशीष सिंह व उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया ।यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद रहा, बल्कि इससे उनके वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण का भी विकास हुआ।

भ्रमण के दौरान विभाग के प्राध्यापक गण डा मो0 अकमल, राहुल कुमार, राशी सिंह, रिया पांडेय एंव विपिन कुमार उपस्थित रहे।

# आईसीएसई इंटर रसायन में एक छात्र ने छोड़ी परीक्षा



**बलरामपुर।** आईसीएससी बोर्ड परीक्षा में इंटर रसायन विज्ञान में एक छात्र अनुपस्थित रहा है। जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज केंद्र पर दो विद्यालय के परीक्षार्थी परीक्षा दी है इनमें जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के इंटर रसायन विज्ञान में 125 छात्रों में एक अनुपस्थित रहा है। वही स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर के 51 छात्रों में इंटर रसायन विज्ञान की परीक्षादी है। परीक्षा प्रभारी हाशिम खान बताया कि केंद्र पर शांतिपूर्ण नकल विहीन परीक्षा चल रही है। केंद्र व्यवस्थापक क्रेग बटरफील्ड ने बताया कि जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज केंद्र पर इंटर रसायन विज्ञान में एक छात्र अनुपस्थित रहा है। परीक्षा सीसीटीवी एवं पुलिस निगरानी में चल रही है।

# सफेद हाथी का कंकाल देखकर छात्रों के आश्चर्य का नहीं रहा ठिकाना

## एमएलकेपीजी कॉलेज के ऐतिहासिकता का पीएम श्री कंपोजिट स्कूल के छात्रों ने जाना सच

**बलरामपुर।** सोमवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय घुसाह के सातवीं एवं आठवीं कक्षा के 60 छात्रों का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया यह भ्रमण पूर्वांचल के तराई का ऑक्सफोर्ड कहां जाने वाला एमएलके पीजी कॉलेज का कराया गया। विद्यालय के बच्चों ने प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह के अगुवाई में एमएलके पीजी कॉलेज के ऐतिहासिक धरोहर सहित प्राचीन नकाशेदार बिल्डिंग का भ्रमण कराया इसके साथ-साथ महाराजा कर दिग्विजय सिंह स्मृति भवन भौतिक प्राणी एवं रसायन विज्ञान के



प्रयोगशाला से अवगत कराया सीड टेक्नोलॉजी विभाग वनस्पति विभाग गृह विज्ञान प्रयोगशाला सहित भूगोल विभाग मनोविज्ञान आदि का भ्रमण कराया है। महाविद्यालय के ऐतिहासिक पुस्तकालय के साथ-साथ वाणिज्य विज्ञान फैकेल्टी से रूबरू कराया 51 बटालियन ने एन सीसी



अधिकारियों सहित जवानों से छात्र-छात्राओं में मिलकर विधिक जानकारी ली है महाविद्यालय के साफ सुथरी प्रयोगशाला को देखकर छात्राओं की जिज्ञासा काफी रही है जीव विज्ञान प्रयोगशाला में सफेद हाथी के कंकाल को देखकर छात्रों का आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा महाविद्यालय में स्थापित श्री हनुमान मंदिर के पौराणिकता के बारे में जानकारी दी गई साथ में छात्र-छात्राओं ने मंदिर का दर्शन भी किया महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने छात्र-छात्राओं के जिज्ञासाओं को सहजता एवं सरलता से देते हुए उन्हें खूब मेहनत से पढ़ाई करके आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। शैक्षिक भ्रमण करने पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका ने प्राचार्य का आभार जताते हुए बच्चों को अच्छी जानकारी देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे हैं।

# किसान सम्मान निधि कृषकों की आत्मनिर्भरता में साथी - विनोद सोनकर





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** किसान सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र कौशांबी के परिसर में आयोजित की गईद्य इस कार्यक्रम का उद्घाटन विनोद सोनकर ने निवर्तमान सांसद द्वारा किया गया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ आशीष श्रीवास्तव ने किया उन्होंने बताया कि किसान सम्मान समारोह भागलपुर बिहार की धरती पर आयोजित की जा रही है। इस भागलपुर धरती से ही किसान सम्मन निधि की 19वीं किस्त 9.8 करोड़ किसानों के खाते में 22000 करोड रुपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। किसान सम्मन निधि के माध्यम से किसानों को ₹2000 के खाते में हस्तांतरित की गई। इसी कड़ी में प्रतिभाग कर रहे कृषक बंधुओं द्वारा पूर्व सांसद का स्वागत एवं अभिनंदन पुष्प गुच्छ देकर किया गया। निर्वतमान सांसद विनोद सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कल्याणकारी योजना किसानों के लिए बहुत लाभकारी होगी किसान भाई-बहन इस प्राप्त राशि से बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक खरीद सकते हैं जिससे उनकी लागत कम होगी उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में 2047 में भारत देश निश्चित ही विकसित भारत में तब्दील होगा। उन्होंने केवीके में आए सभी अन्नदाताओं का अभिनंदन किया और उनके मेहनत और कृषि में आत्मनिर्भर बनने की सराहना की।साथ ही साथ परिसर में एससी-एसपी योजना अंतर्गत अनुसूचित वर्ग के किसानों महिलाओं व युवाओं के लिए एवं जीविका सुधार एवं जीवोपार्जन आधारित किसान मेला/किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के दो ब्लॉक जो एससी-एसपी योजना से जुड़कर काम कर रहे हैं वहां के किसानों ने सहभागिता की चायल व बारा कौशांबी से आए 364 से अधिक कृषकों व महिलाओं ने अपने विचारों के माध्यम से औरों को प्रेरित कर योजना की जनपद के लिए बहुत अधिक लाभदायक बताया। कार्यक्रम में कृषि योजना, पशुपालन, उद्यान व अन्य घटकों पर चर्चा की गई और अंत में सांसद व कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा किसानों (चायल से सुरेंद्र कुमार, दयाराम, नरेंद्र कुमार एवं बारा कौशांबी से राजाराम, शिवकुमार और अनुज कुमार) को कृषि पशुपालन एवं उद्यान से जुड़े घटकों पर एसी एसपी योजना अंतर्गत पुरस्कृत कर सम्मान किया गया।

### पीएम किसान की 19वीं किस्त की बधाई-

आज कृषि विज्ञान केंद्र कौशाम्बी पर पीएम किसान की 19वी किस्त और एस सी एस पी योजना अंतर्गत मेला व किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के अतिथि निर्वतमान सांसद विनोद कुमार सोनकर रहे।
कार्यक्रम मे जनपद कौशाम्बी के एस डी ओ अभय राज गुप्ता , डी स टी ओ, मनोज मिश्रा, पशुधन प्रसार अधिकारी ज्योति तिवारी, कृषि विभाग से राधे श्याम , नीरज और कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त वैज्ञानिक एवं स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

# तृतीय दिवस की बेला में किया कपिल अवतार एवं सांख्य योग पर व्याख्यान

## शिव कथा, युव चरित्र एवं भरत चरित्र पर गूंजे आध्यात्मिक विचार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा,कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के ग्रामसभा बेरौचा के कैलाशपुर में चल रही भागवत कथा के तृतीय दिवस की बेला में कथा व्यास पंडित निर्भय त्रिपाठी महराज जी ने कपिल अवतार एवं सांख्य योग पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके इस प्रवचन में शिव कथा, युव चरित्र, प्रयुचरित एवं भरत चरित्र की गूढ़ व्याख्या की गई।
व्यास जी ने कपिल मुनि के अवतार की महत्ता और सांख्य योग की गहराई को सरल शब्दों में समझाया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। साथ ही, उन्होंने भरत चरित्र की महानता का वर्णन करते हुए आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी।
कथा श्रवण कर रहे यजमान त्रिभवन प्रसाद मिश्र एवं उर्मिला देवी मिश्र सहित श्रद्धालु इस दिव्य कथा से आनंदित हुए और पूरे माहौल में भक्ति एवं आध्यात्मिकता की तरंगें प्रवाहित हो उठीं।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना पात्रों को शीघ्र करें निस्तारण- डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** जिला सलाहकार समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सोमवार को संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में अग्रणी जिला प्रबंधक ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित अधिकारियों-सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। अग्रणी जिला प्रबंधक महोदय ने बैठक को आगे बढ़ाते हुए सर्वप्रथम सभी बैंकों के ऋण जमा अनुपात पर चर्चा की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने 60 प्रतिशत से कम ऋण जमा अनुपात होने पर आर्यावर्त बैंक के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैंकों को ऋण जमा अनुपात बढ़ाने हेतु अपनायी जाने वाली रणनीत की मांग की। जिलाधिकारी ने बैंकों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरण के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि निरस्त आवेदनों पर पुनः विचार कर बैंको में प्रेषित की जाये। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों हेतु बैंकों को निर्देशित किया कि अविलम्ब सभी लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण किया जाए। अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सम्मानित सदस्यों का आभार प्रकट किया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा समाप्त की घोषणा की गयी। बैठक में सीडीओ निधि बंसल, अग्रणी जिला प्रबंधक, प्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, विकास विभाग से सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों ने प्रतिभाग किया।

# बोर्ड परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** सोमवार से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। डीएम अभिषेक आनंद व एसपी चक्रेश मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय इंटर कॉलेज, सरस्वती इंटर कॉलेज एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्थित केंद्रीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक एवम् अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।
**92,151 परीक्षार्थी होंगे शामिल-** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज यानी 24 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। ये परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएंगी। सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्रों का वितरण किया जा चुका है। केंद्र व्यवस्थापकों ने सिटिंग प्लान तैयार कर विद्यालयों के बाहर नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया है। रविवार को विद्यालयों में सीटों पर अनुक्रमांक पर्ची भी चस्पा कर दी गई हैं। परीक्षार्थी गेट पर सिटिंग प्लान भी देखने पहुंचते रहे। बोर्ड परीक्षा के लिए 146 परीक्षा केंद्र बने हैं। इनमें 19 राजकीय, 38 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 89 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। यहां सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। जिले में कुल 92,151 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 47,623 और इंटरमीडिएट के 44,528. परीक्षार्थी शामिल हैं।

# भतीजी को जबरन ले गया ताऊ, बेचने की कोशिश

**नरैनी।** घर में मौजूद भतीजी को ताऊ जबरन लिवा ले गया।उसे बेचने की फिराक है। बेवा मां ने कोतवाली में तहरीर देकर पुत्री को वापस दिलाए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के नंदवारा गांव की रहने वाली शिवकुमारी राजपूत ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की कई वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है।किसी तरह मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का भरण पोषण करती है। बीते दिनों जेठ राजबहादुर जबरन उसकी पुत्री साधना को घर से ले गया है।जिसका मध्य प्रदेश इलाके में सौदा करना चाहता है। बताया कि उसकी पुत्री नाबालिक है।कई बार वह जेठ से पुत्री साधना को घर वापस लाने की गुहार भी लगा चुकी है।लेकिन उसकी फरियाद नहीं सुनी जा रही।पीड़िता कोतवाली पहुंचकर जेठ के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए।बेटी को वापस घर लाने की मांग की।

## पांच लोगो ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** अलग अलग क्षेत्र में पांच लोग ने जहरीलाा पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कमासिन कस्बा निवासी 18 वर्षीय सोनू पुत्र चद्रगोपाल ने रविवार की रात किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी 23 वर्षीय किरन पत्नी बच्चू ने नाराज होकर जहर खा लिया। छतरपुर जिला के सिसोलर गांव निवासी 20 वर्षीय अंकित पुत्र अशोक ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के टोला कला निवासी 40 वर्षीय मोना पत्नी विजय ने घरेलू कलह से तंग आकर जहर खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के जरोहरा गांव निवासी 35 वर्षीय अंजू पत्नी मुन्ना ने पति की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# दो बाइको में आमने सामने जोरदार भिड़त एक की मौत अन्य गंभीर रूप से घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा,कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव के पास सोमवार को दो बाईकों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई, वहीं बाइक सवार कौशाम्बी थाना क्षेत्र के ही गोइठा ग्राम पंचायत के मजरा मुड़िया डोली गांव निवासी रामचंद्र यादव का लड़का भंवर सिंह यादव अपने एक साथी के साथ कहीं जा रहा था मुस्तफाबाद गांव के पास अचानक एक दो पहिया वाहन से जोरदार टक्कर हो गया जोरदार टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार तीतर बितर होकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए जहां भंवर सिंह यादव पुत्र रामचंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गया है
आसपास रहे लोगों ने सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर कौशाम्बी पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दी सूचना पाकर मृतक खभंवर सिंह के परिजन रोते बिलखते हुए हुए घटनास्थल हिस्सा पर पहुंचे वहीं पुलिस ने अन्य घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया ।

# पांच सौ वर्ष पुराने बुढ़वा बाबा मंदिर का होगा जीर्णोद्धार, विधायक ने किया नींव पूजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** रामपुर मथुरा कस्बा स्थित करीब पांच सौ साल प्राचीन जीर्ण-शीर्ण पड़ा बुढ़वा बाबा मंदिर का जीर्णोद्वार के लिए सोमवार को विधायक ज्ञान तिवारी ने नींव पूजन करके मंदिर निर्माण का कार्य का शुभारम्भ किया। मंदिर का प्रस्तावित स्वरूप भी तैयार हो गया है जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। मंदिर का निर्माण भक्तों के द्वारा दिए गए चंदे के सहयोग से किया जाएगा। मंदिर निर्माण के साथ विधायक निधि से सत्संग भवन का निर्माण भी कराया जाएगा। मंदिर प्रांगड़ में भक्तों के द्वारा सुंदर पाठ किया। साथ ही भंडारे में भक्तों ने प्रसाद रूपी छोला, पुड़ी तथा बुंदिया ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मंजू सिंह, मनोज सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, विनायक मिश्रा, प्रधान रवि कुमार, थाना अध्यक्ष कृष्णानंद तिवारी विनोद कुमार, अवधेश गुप्ता, जगदम्बा तिवारी, ब्लाक प्रमुख अवधेश चौहान, चंद्र भूषण शुक्ला, बेद कुमार, पुत्तन दीक्षित, लक्ष्मी नारायण मौर्य, कुमुद गुप्ता मौजूद रहे।

# किसानों के खाते में भेजी गयी पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** कृषि भवन खैराबाद के परिसर में सोमवार को किसान सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के सभी विकास खण्डों के किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न विभागों के स्टालों लगाए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का भागलपुर (बिहार) द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि जारी कार्यक्रम के सजीव प्रसारण दिखाया गया।
पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद के कुल 702815 किसानों को 140.56 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्राप्त हुई है। योजना कि यह किश्त उन किसानों को भी मिलेगी जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायी है। योजना कि 20 वीं किश्त उन्हीं किसानों को भेजी जाएगी, जिनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण करा लिया जाएगा। सभी किसान भाइयों से अपील है कि अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर आधार कार्ड,खतौनी और मोबाईल नंबर के साथ जाकर फार्मर रजिस्ट्री जरूर करा लें। जिससे योजना का लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। कार्यक्रम में उपस्थित नगर विकास राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ऋषभ राठौर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों व कृषि क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले किसानों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# भाजपा नेता ने पिस्टल से किया फायर, बाल-बाल बचा युवक

## पार्क की जमीन पर कब्जा करने के बाद भाजपा नेता ने चलाई गोली

**- भाजपा नगर अध्यक्ष समेत तीन के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** पार्क की जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर भाजपा नेता ने लाइसेंसी पिस्टल से फायर झोंक दिया। एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। सूचना पाकर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। सीओ सिटी ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर भाजपा के नगर अध्यक्ष समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्ष के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।शहर के कालूकुआ सिंह धर्म काटा के पीछे 10 विस्वा का खाली प्लाट पड़ा था। इस प्लाट पर भाजपा नेता ने गेट लगवाकर कब्जा करने का प्रयास करना शुरू कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कब्जा करने का प्रार्थना पत्र दिया। इस पर तहसीलदार बांदा ने जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल में यह जमीन विकास प्राधिकरण की निकली, जो पार्क के लिए पहले से प्रस्तावित थी। सोमवार की सुबह मोहल्ले के लोग गेट तोड़ कर पार्क का निर्माण कार्य करवा रहे थे। इसी बीच भाजपा नेता तीन साथियो के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। भाजपा नेता ने नजदीक खड़े रिटायर्ड बैक प्रबंधक सत्येंद्र पाल सिंह के पेट में पिस्टल सटा दिया। इसी बीच नजदीक खडे एक युवक ने पिस्टल पर हाथ मार दिया। इससे हवा में फायर हुआ। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ सिटी समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दोनो पक्षों को कोतवाली बुलाया गया। दोनो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा नेता राजेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, जीतेंद्र गुप्ता और दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की है।

### जमीन विकास प्राधिकरण की है- सीओ

**बांदा।** सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह का कहना है कि विकास प्राधिकरण से सिंह धर्म काटा पार्क के नाम से यह जमीन प्रस्तावित है। समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जा रही थी। 25 फरवरी को सुनवाई होना था। सुनवाई होने से पहले यह मामला हो गया।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ आयोजित



**सुलतानपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, के.एन.आई. सुलतानपुर में भागलपुर बिहार में आयोजित ''किसान सम्मान समारोह'' में प्रधानमंत्री जी द्वारा किसान सम्मान निधि के जारी किये गये 19वीं किश्त के समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्य अतिथि विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह व विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में उपस्थित किसानों के साथ देखा व सुना गया। उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 4,40,278 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का लाभ प्राप्त हुआ है।
उक्त कार्यक्रम में किसानों को स्टॉल के माध्यम से कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही बीज एवं उर्वरक के निजी कम्पनियों द्वारा भी अपने उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। प्रगतिशील किसान विमलेश वर्मा द्वारा स्ट्रॉबेरी का स्टाल लगाकर किसानों को स्ट्रॉबेरी के खेती के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए स्ट्रॉबेरी की खेती के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके, केएनआई, अन्य वैज्ञानिकगण, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी व लगभग 200 किसान उपस्थित रहे।

# छीटाकसी का विरोध करने पर दो सगे भाई समेत तीन को पीटा

## घायलों का जिला अस्पताल में कराया गया उपचार

**बांदा।** शादी समारोह से लौटते समय आराजकतत्वों ने युवती की साथ छीना कसी कर दिया। विरोध करने पर दबंगो ने दो सगे भाईयो समेत तीन लोागो के ऊपर डंडो पत्थरो से हमलाकर दिया। इतना ही नही बाइक को तोड़ फोड़कर क्षति ग्रस्थ कर दिया। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले की जांच पड़ताल किया। सभी घायलो का जिला अस्पताल मे मेडिकल परीक्षण कराया गया।शहर के स्वाराज कालोनी निवासी 22 वर्षीय अतुल पुत्र अजय के मामा अमित निवासी बिजली खेड़ा नहरिया के समीप रविवार को मेहदी की रस्मी थी। परिवार के सभी लोग मेहदी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात को अतुल को छोटा भाई आदित्य अपनी बहन के साथ पैदल घर जा रहे थे। तभी नहरिया के पास सात लोग बैठ कर शराब पी रहे थे। सून सान मौका देख सभी लोगो ने छीटा कसी करना शुरू कर दिया। आदित्य ने इसका विरोध किया और फोन कर के बड़े भाई अतुल, 27 वर्षीय चचेरे भाई राहुल समेत अन्य लोगो को बुला लिया। दबंग गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर सभी लोगो ने अतुल, आदित्य, राहुल, के ऊपर डंडो और पत्थरो से हमला कर दिया। जिससे तीनो लोग घायल हो गए। अतुल ने बताया कि दबंगो ने उनकी बाइक भी तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति/कानून व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थित में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों- महाशिवरात्रि, होली व ईद-उल-फितर, नवरात्रि आदि के दृष्टिगत जनपद में शांति/कानून व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु जनपद के धर्मगुरु व सम्भ्रान्त व्यक्तियों/धार्मिक प्रमुखों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में तहसीलवार पीस कमेटी की बैठक के बिंदुओ एव आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे- विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, यातायात, जुलूस आदि के सम्बन्ध में बिन्दुवार सभी कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गयी।



1. बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी से आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में सभी धार्मिक संस्थानों को चिन्हित कर सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त उपाय एवं ड्यूटी लगा दी जाय। उन्होंने निर्देशित किया कि विभिन्न त्यौहारों में प्रयुक्त होने वाले डी.जे. मालिकों को पहले से ही अवगत करा दिया जाय कि वे मानक के अनुरूप ही डी.जे. ध्वनि को नियंत्रित रखें, अन्यथा की दशा में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका/नगर पंचायत व जिला पंचायतराज अधिकारी को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाय। इसी प्रकार विद्युत विभाग, खाद्य सुरक्षा, यातायात, आबकारी आदि विभागों को भी उनके दायित्वों से सम्बन्धित कार्यों हेतु निर्देशित किया गया।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी पीस कमेटी के प्रतिनिधियो से अपील की गयी कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने अराजक तत्वों से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, जिससे ऐसे अराजक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा सके।

4. डीएम द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जुलूस, यात्रा, लगने वाले मेलों आदि के सम्बन्ध में जो भी परमिशन द रहे है उसको सभी विभागों से एनओसी लेने के पश्चात ही अनुमति दें।

5. पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित समस्त प्रावधानों का पालन करने की सभी से अपील की। उन्होंने सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों से सम्बन्धित मन्दिरों एवं मस्जिदों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा समितियों के सहयोग से लगाना सुनिश्चित करें।

6. पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी व एसएचओ को निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह व भड़काउ पोस्ट करने वाले ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने पीस कमेटी के सभी सदस्यों से भी अपील की कि ऐसे लोगों से सावधान रहें तथा तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत करायें।